

# तरुण छत्तीसगढ़

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

E-mail: tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web: www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

■ रायपुर,मंगलवार 28 मई 2024 ■ ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष-5 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-060 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 29 मई 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

phone: 0771-2543112


## उद्योगों की विशेष सुरक्षा जांच करने मंत्री देवांगन के निर्देश

रायपुर,28 मई ■ तरुण छत्तीसगढ़

बेमेतरा फैक्ट्री हादसे के बाद सरकार उद्योगों में सुरक्षा मापदंड को लेकर गंभीर हो गई है. उद्योग और श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने श्रम विभाग के सचिव को उद्योगों में जानलेवा हादसों में कमी लाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए हैं. इनमें विस्फोटक और ज्वलनशील सामग्रियों का उत्पादन या प्रयोग करने वाले उद्योगों का विशेष सुरक्षा जांच करना शामिल है.

मंत्री देवांगन ने अपने पत्र में बेमेतरा हादसे पर दुःख प्रकट करते हुए लिखा है कि भीषण हादसे में कई श्रमिकों ने अपनी जान गंवाई जो की अत्यंत ही दुखद है. चूंकि राज्य में श्रम विभाग का कार्य राज्य के उद्योगों में कार्यरत श्रमिकों व कर्मचारियों के हितप्रहरी के रुप में कार्य करते हुए उनके स्वास्थ्य और सुरक्षा को सर्वोपरी रखते हुए श्रमवीरों के आजीविका व जीवन को सुरक्षित रखने के लिए कार्यस्थल पर आवश्यक उपाय सुनिश्चित करना है. इसके लिए इंडस्ट्रियल सेफ्टी ट्रेनिंग का आयोजन किसी मान्यता प्राप्त एजेंसी द्वारा करवाना व उसकी रिपोर्ट विभाग को प्रदाय करना, जिसकी मासिक और वार्षिक समीक्षा हो. थर्ड पार्टी सेफ्टी ऑडिट एजेंसी की मान्यता को पुनः निर्धारित करना. उद्योग जो प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से ज्वलनशील या विस्फोटक सामग्री का प्रयोग या उत्पादन करते हों, ऐसे सभी उद्योगों का विशेष सुरक्षा जांच व समीक्षा की जाए. उद्योग मंत्री देवांगन ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से कल शाम भेंट कर बेमेतरा के औद्योगिक हादसे पर गहन चर्चा की, माननीय मुख्यमंत्री ने भी उद्योगों में सुरक्षा सर्वोपरि भाव के साथ सेफ्टी उपायों पर जोर देने पर गंभीरता जताई है. मंत्री देवांगन ने बताया कि उद्योग व्यवस्था में सेफ्टी के साथ कोई लापरवाही नहीं बरती जाएगी. शासन द्वारा अधिकारियों को अधिकार दिया जाएगा ताकि वे सुरक्षा मानकों का नियमित जांच कर सके. इसके लिए माननीय मुख्यमंत्री जी भी बेहद गंभीर हैं. मंत्री लखन लाल देवांगन ने श्रम विभाग के सचिव को निर्देशित किया है की किसी भी उद्योग में श्रमिकों से 8 घंटे से अधिक काम नहीं लिया जाए. मंत्री देवांगन ने विधानसभा के बीते सत्र में कई विधायकों द्वारा लाए गए संज्ञान का उल्लेख करते हुए की उद्योगों द्वारा श्रम कानून का पालन न करते हुए मनमाने ढंग से श्रमिकों से 12 घंटे से अधिक समय तक कार्य लिया जा रहा है. इस पर अधिकारियों को तत्काल श्रम कानूनों का पालन कराने के निर्देशित किया गया है. मंत्री देवांगन ने एक बार फिर स्थानीय श्रमिकों को लेकर गंभीरता दिखाई है. उन्होंने अपने पत्र में लिखा है की स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार के अवसर कम उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जबकि छत्तीसगढ ओद्योगिक नीति 2019-24 के अनुरूप उद्योगों द्वारा आर्थिक निवेश प्रोत्साहन प्राप्त करने हेतु अकुशल श्रेणी में न्यूनतम 100 फीसदी, कुशल श्रेणी में न्यूनतम 70 फीसदी और प्रबंधकीय श्रेणी में न्यूनतम 40 फीसदी रोज़गार दिए जाने का प्रावधान है. मंत्री देवांगन ने प्रावधान का पालन करने सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए.



» बेमेतरा हादसे के बाद सरकार जागी

## झारखंड को हर तरह से लूट रहे जेएमएम और कांग्रेस: मोदी



**रांची,28 मई।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने झारखंड के दुमका में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस के चौबीसों घंटे लूट में लगे रहने के कारण 2014 से पहले घोटाले आम थे लेकिन मोदी ने इसे रोका। उन्होंने कहा कि अगले पांच साल में पिछले 10 साल के मुकाबले और विकास कार्य देखने को मिलेंगे। उन्होंने कहा कि झामुमो-कांग्रेस की लगातार लूट के कारण झारखंड को अब 'नकदी के पहाड़ों' के लिए जाना जाता है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि देश में चार जून के बाद भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई तेज की जाएगी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उन्होंने कहा कि जेएमएम, कांग्रेस और आरजेडी खुलेआम, बेशर्मी के साथ धमकी दे रहे हैं। वो कह रहे हैं कि मोदी को हटाना है, ताकि उनको फिर से घोटाले करने का मौका मिल सके। जेएमएम और कांग्रेस झारखंड को हर तरह से लूट रहे हैं। यहां इतने खूबसूरत पहाड़ है, लेकिन झारखंड की चर्चा नोटों के पहाड़ के लिए हो रही है। उन्होंने कहा कि इन लोगों ने जमीनें हड़पने के लिए अपने माता-पिता का नाम बदल दिया। अब गरीबों और आदिवासियों की जमीन पर कब्जा किया जा रहा है। इन लोगों ने तो सेना की जमीन को भी लूट लिया। आपको झारखंड को इन लोगों से मुक्ति दिलानी ही होगी।

मोदी ने कहा कि भाजपा दलित, वंचित और आदिवासियों के लिए समर्पित है, समर्पण और सेवा भाव से काम करती है। हमने आदिवासी कल्याण के लिए 4 गुणा से ज्यादा बजट बढ़ाया। हम जनजातीय इलाके में 400 से ज्यादा एकलव्य आवासीय विद्यालय बना रहे हैं। आदिवासी इलाकों में खनिज का पैसा आपके बच्चों के लिए खर्च हो, हमने इसके लिए कानून बनाया। हमारी सरकार भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर जनजातीय गौरव दिवस मनाती है। विपक्ष पर वार करते हुए उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन के लिए सिर्फ अपना वोटबैंक जरूरी है।

### 24 साल से गालियां खा कर मैं गाली प्रूफ बन गया हूं

**नई दिल्ली,28 मई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्ष पर जमकर भड़ास निकाली है। इंटरव्यू में पीएम मोदी ने चुनाव प्रचार के दौरान निजी हमलों से जुड़े सवालों का जवाब अपने चिर-परिचित अंदाज में दिया। पीएम मोदी ने कहा कि पिछले 24 साल से गालियां खा-खा कर मैं गाली प्रूफ बन गया हूं। संसद में हमारे एक साथी ने 101 गालियां गिनाई थी। विपक्ष मानता हैं कि गालियां देने का हक उनका ही है। पीएम ने कहा कि किसी ने मुझे मौत का सौदागर कहा, तो किसी ने गंदी नाली का कीड़ा कहा। मैं 24 सालों से ऐसे दुर्व्यवहार सहने के बाद गाली प्रूफ बन गया हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि संसद में हमारे एक साथी ने हिसाब लगाया था, 101 गालियां गिनाई थी, तो चाहे चुनाव हो या न हो, ये लोग (विपक्ष) मानते हैं कि गालियां देने का हक उनका ही है। वे इतने हताश-निराश हो गए हैं कि गालियां देना उनका स्वभाव बन गया है।

## संक्षेप

### हत्या मामले में राम रहीम बरी

**चंडीगढ़,28 मई।** पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने रंजीत सिंह हत्याकांड को आरोपी राम रहीम को बरी कर दिया है। मामले में गुरमीत राम रहीम समेत चार अन्य को भी हाई कोर्ट ने बरी कर दिया है। इससे पहले सीबीआई कोर्ट ने रंजीत सिंह हत्याकांड में डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सहित पांच दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी। 28 मई को हाई कोर्ट ने सीबीआई कोर्ट के फैसले को रद्द करते हुए बरी कर दिया। हालांकि इसे फैसले के बाद भी राम रहिम को अभी जेल में ही रहना होगा। राम रहीम इस वक्त रोहतक की सुनारिया जेल में बंद है। उसे 3 मामलों में कैद हुई है। इसमें रणजीत हत्याकांड के अलावा पत्रकार रामचंद्र छत्रपति की हत्या और साध्वियों के यौन शोषण का केस शामिल है।

### भतीजी पर प्राण घातक हमला

**भिलाई,28 मई।** नशे की हालत में अपने ही भतीजी पर प्राण घातक हमला कर छत से धक्का देकर घायल करने वाले फूफा को दुर्ग सिटी कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है घटना में प्रयुक्त बांस का डंडा व धारदार वस्तु जब्त पुलिस ने जब्त किया है दुर्ग सिटी कोतवाली टीआई महेश ध्रुव ने बताया कि प्रार्थिया ऐशा मानिकपुरी (18 वर्ष) निवासी शिवपारा ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 24 मई की शाम 6 बजे आरोपी वी. संतोष आचारी (फूफा) नशे के हालत में घर आकर गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर अपने हाथ में रखे बांस के डंडे व धारदार वस्तु को लेकर सभी घर वालों को दौड़ने लगा, डर के कारण छत में गये तो आरोपी वी. संतोष आचारी (फूफा) ने हत्या करने की नीयत से टिकेश्वरी मानिकपुरी को धक्का दे दिया। इस घटना में टिकेश्वरी के सिर, कमर व पैर में चोट आई। रिपोर्ट पर इस मामले में धारा 294, 307, 323, 506 के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी संतोष आचारी को गिरफ्तार कर लिया है

### नदी में नहाने उतरे दो डॉक्टरों में से एक डूबा

**रायपुर,28 मई।** नदी में नहाने उतरे दो डॉक्टरों में से एक डॉक्टर लापता हो गए है और रायपुर के एक डॉक्टर ने किसी तरह अपनी जान बचाई. सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक बिलासपुर-अंबिकापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर मोरगा के पास स्थित हसदेव नदी में स्नान के दौरान बिलासपुर के डॉक्टर डॉ. सिद्धार्थ ताम्रकार डूब गए, गोताखोरों की मदद से देर रात तक उसकी तलाश जारी रही. जानकारी के मुताबिक घटना सोमवार शाम की बताई जा रही है. सरकंडा बिलासपुर के लोधीपारा में रहने वाले डॉ. सिद्धार्थ ताम्रकार अपने दोस्त रायपुर निवासी डॉ. ऋषभ अग्रवाल के साथ रविवार को मैनपाट गए थे. ऐसा बताया जा रहा है कि दोनों सिम्स में एक साथ पढ़े हैं. सोमवार को दोनों कार से बिलासपुर की ओर लौट रहे थे. इस दौरान हसदेव के पुल पर पहुंचे तो उनकी नदी में नहाने की इच्छा हुई. डॉक्टरों ने अपनी कार पुल के नीचे खड़ी कर नदी में उतर गए. पानी में वे गहराई का अंदाजा नहीं लगा सके और दोनों डूबने लगे. इस बीच ऋषभ जैसे-तैसे पानी से बाहर आ आए लेकिन सिद्धार्थ उनकी आंखों के सामने ही डॉ. सिद्धार्थ नदी की धारा में बह गए. डॉ. ऋषभ ने घटना की सूचना अपने परिचितों को दी और पुलिस को अवगत कराया. डॉ. ऋषभ रायपुर के लालपुर स्थित अस्पताल में अपनी सेवाएं दे रहे है.

### डैम में नहाने गई दो बच्चियों की डूबने से मौत

**धमतरी,28 मई।** जिले में दुखद घटना घटी है. डैम में नहाने गई दो मासूम बच्चियों की डूबने से मौत हो गई. दोनों बच्चियां एक ही परिवार की थी. घटना से पूरे गांव में मातम पसर गया है. वहीं घटनी की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है.

## बस्तर के सातों जिलों में थमी रही जिंदगी




जगदलपुर,28 मई ■ तरुण छत्तीसगढ़

बस्तर संभाग में आज सब कुछ थम सा गया. सातों जिलों में बंद का असर दिखाई दिया. व्यापारिक प्रतिष्ठान, आवागमन, उदयोग धंधे कारोबार सब कुछ बंद रहा. पीडिया नक्सली मुठभेड़ मामले में सर्व आदिवासी समाज ने आज बस्तर बंद का ऐलान किया था जो काफी सफल रहा. इस बीच मामले में सियासत जारी है। आदिवासी समाज संगठन ने लोगों से सहयोग करने की मांग की है। बस्तर बंद को समर्थन बस्तर चैंबर ऑफ कॉमर्स ने दिया है। इसी के साथ कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने भी इसका समर्थन किया है। जगदलपुर, बीजापुर और सुकमा में सुबह से ही दुकानें नहीं खोली गई है। यात्री बसों के पहिए थम गए हैं। यहां की सड़क सुनसान दिखाई दे रही है। बस्तर संभाग के सभी 7 जिलों में बंद का असर दिख रहा है। इस बंद के बीच केवल इमरजेंसी सेवाएं जिनमें मेडिकल समेत अन्य दुकानें ही खुली हैं. बस्तर संभाग के बस्तर, बीजापुर, दंतेवाड़ा, सुकमा, नारायणपुर, कांकेर और कोंडागांव इन सभी जिलों में बंद का असर दिख रहा है। जहां सभी जिलों के व्यापारियों ने बंद को समर्थन दिया है। बता दें कि बस्तर के पीडिया में 10 मई को सुरक्षाबल और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई थी। इसमें पुलिस के द्वारा 12 नक्सलियों को मार गिराने की पुष्टि की थी। इसके बाद पीडिया क्षेत्र के ग्रामीणों ने इस मुठभेड़ पर आपत्ति जताई। साथ ही पुलिस पर आरोप लगाया कि पुलिस के द्वारा ग्रामीणों की हत्या की गई है, जिन्हें जबरदस्ती नक्सली बताकर मार दिया गया है। इस मामले में तूल पकड़ा और कांग्रेस ने इसकी जांच भी कराई। वहीं सर्व आदिवासी समाज ने भी 58 सदस्यीय कमेटी का गठन कर पीडिया इलाके में जाकर ग्रामीणों और मृतकों के परिजनों से मुलाकात की। इसके बाद सर्व आदिवासी समाज ने इस मुठभेड़ की जांच कराने की मांग की है। इसके साथ ही दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की है।बस्तर के सभी चौक-चौराहों पर पुलिसबल तैनात हैं। इस दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सहमति बनी है। दूसरी ओर कल एक दिन पहले ही सगंठन के सदस्य शहर और ग्रामीण क्षेत्रों की दुकानों पर पहुंचे थे, जहां आज दुकान बंद करने की अपील की गई थी। इस बंद का असर सुबह के समय तो दिखाई दिया।

### जून माह में होगी शिक्षकों की भर्ती की प्रक्रिया शुरू

**रायपुर,28 मई।** छत्तीसगढ़ में जल्द ही 10 हजार से अधिक पदों पर शिक्षकों की भर्ती हो सकती है। चार जून को लोकसभा चुनाव के परिणाम आने के बाद आचार संहिता हटते कई विभागों में भर्ती प्रक्रिया शुरू की जाएगी। स्कूलों के साथ - साथ राजकीय विश्वविद्यालयों और अन्य शैक्षणिक संस्थानों में भर्ती का रास्ता खुलेगा। आपको बता दें कि विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव के कारण कई महीनों से भर्ती नहीं की गई है, कई विभागों में लंबे समय से नियुक्तियां लंबित हैं। आचार सहिंता हटने के बाद प्रदेश के कई विभागों में सरकारी नौकरियों के लिए लंबित प्रस्तावों की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। सबसे अधिक भर्ती स्कूल शिक्षा विभाग में होनी है। संभावना है कि सबसे पहले इसी विभाग की भर्ती प्रक्रिया शुरू की जाएगी। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (सीजीपीएससी) में भर्तियों के कई प्रस्ताव आने के बाद प्रक्रिया अटकी हुई है।

## 1 हार्डकोर इनामी सहित 3 नक्सली गिरफ्तार

सुकमा,28 मई ■ तरुण छत्तीसगढ़

जिला सुकमा में नक्सल उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है, इसी तारतम्य में नक्सलियों की लगातार उपस्थिति की आसूचना पर दिनांक 26.05.2024 को सउनि. पण्डा कन्ना डीआरजी के हमराह जिला बल, डीआरजी सुकमा की संयुक्त पार्टी नक्सल विरोधी अभियान हेतु माओवादी के कोर एरिया ग्राम जबेली, रसातोंग, सिंगाराम व आस-पास क्षेत्र की ओर रवाना हुए थे कि अभियान के दौरान रसातोंग से जबेली जाने वाले के पकडंडी रास्ते के पास जंगल में सादे वेश-भूषा धारण किये हुए कुछ संदिग्ध व्यक्तियों के द्वारा पुलिस पार्टी को अपने ओर आते हुए देखकर भागने एवं छिपने लगे, जिन्हें घेराबंदी कर 02 व्यक्तियों को पकड़ा गया। पकड़े गए संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ करने पर अपना नाम क्रमशः 01. कवासी पोज्जा पिता कवासी भीमा (सिंगाराम आरपीसी सीएनएम कमाण्डर, ईनाम 01 लाख रूपये छ0ग0 शासन द्वारा) उम्र लगभग 40 वर्ष निवासी जबली थाना गोलापल्ली जिला सुकमा (छ0ग0), 02. ताती उर्फ मड़कम पोज्जा पिता स्व. मड़कम गंगा (सिंगाराम आरपीसी मिलिशिया प्लाटून कमाण्डर) उम्र 35 वर्ष जाति दोरला निवासी जबेली थाना गोलापल्ली जिला सुकमा (छ0ग0) होना तथा नक्सल संगठन में उपरोक्त पदों पर कार्य करना बताया गया।



## लॉरेंस हो चाहे फॉरेंस छत्तीसगढ़ में नहीं किया जाएगा बर्दाश्त : गृहमंत्री

रायपुर,27 मई ■ तरुण छत्तीसगढ़

लॉरेंस बिश्नोई गैंग के शूटरों के टारगेट में छत्तीसगढ़ के व्यापारी मामले में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बड़ा बयान दिया है. उन्होंने कहा कि इनका कारोबार झारखंड का है, ये लोग छत्तीसगढ़ के रहने वाले हैं. प्रदेश के व्यापारियों की सुरक्षा की जिम्मेदारी हमारी है. उन्होंने कहा, लॉरेंस हो चाहे फॉरेंस छत्तीसगढ़ में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. ऐसे लोगों को ठोका जाएगा. इसके साथ ही डिप्टी सीएम शर्मा ने अन्य मुद्दों पर भी बयान दिया. दरअसल, आईईडी ब्लास्ट में घायल महिला से मिलने आज उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा रायपुर एम्स पहुंचे. इस दौरान उन्होंने महिला का हाल चाल और चल रहे इलाज के बारे में जानकारी ली. जानकारी के अनुसार बीजापुर के भीमापुरम गांव की घायल महिला मड़कम सुक्की के घर में नक्सलियों ने जबरदस्ती बम छिपाकर रखने कहा था. ऐसा करने से पहले गांववालों के मना करने के बाद भी नक्सली नहीं माने. जहां अचानक से आईईडी ब्लास्ट हो गया था.



प्रेशर बम की चपेट में आने से घायल महिला को मुलाकात करने पहुंचे डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कहा कि स्पष्ट दिखता है कि नक्सली डरे हुए हैं. एम्स में मड़कम सुक्की का इलाज चल रहा है, आईडी ब्लास्ट में पैर क्षतिग्रस्त हुआ है. उन्होंने बताया कि महिला का पैर नहीं बच पाएगा, किंतु जान बच जाएगी. इस घटना को लेकर एसपी से लगातार बातचीत हो रही थी. उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आगे कहा कि आईईडी बम नहीं पहचानता की कौन सुरक्षा बल है, नक्सली है या ग्रामीण है. बस्तर में बारूद बिछाकर रखना बहुत गलत है. नक्सलिज्म खत्म होने की बात होनी चाहिए, माओवाद ने दुनिया को कुछ नहीं दिया. आचार संहिता के बाद गृहविभाग में 8 हजार पदों पर भर्ती पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि हर साल तय महीने में भर्ती की जाएगी. इसको निर्धारित किया जाएगा. पीसीसी चीफ दीपक बैज के पत्र पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि जब प्रवीरचन्द्र भंजदेव की हत्या हुई थी, उस कालखंड को याद करना चाहिए. ये विष्णुदेव साय की सरकार है. उनको चिंता नहीं करनी चाहिए. सरल सरकार है पालनहारी सरकार है.

## सत्ता के किस करीबी को बचाने का प्रयास है, अब तक एफआईआर क्यों नहीं: भूपेश

रायपुर,28 मई ■ तरुण छत्तीसगढ़

बेमेतरा जिले के पिरदा में मौजूद स्पेशल ब्लास्ट लिमिटेड फ़ैक्टरी में बीते 25 मई को हुए ब्लास्ट को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मुख्यमंत्री कार्यालय से पाँच सवाल पूछे हैं। पाटन विधायक भूपेश बघेल ने आरोप के अंदाज में पूछा है -सत्ता के किस करीबी को बचाने का प्रयास किया जा रहा है,पूर्व मुख्यमंत्री और पाटन विधायक भूपेश बघेल ने ब्लास्ट के बाद प्रबंधन/प्रशासन और पुलिस के साथ साथ सरकार की नीति और नीयत पर सवाल खड़ा किया है। पाटन विधायक भूपेश ने कहा है -बेमेतरा ब्लास्ट में किसकी गारंटी और किसके सुशासन में गुनहगारों को संरक्षण दिया जा रहा है। सत्ता के किस करीबी को बचाने का प्रयास। पाटन विधायक भूपेश बघेल ने कहा है कि, सवालों का जवाब तो देना ही होगा।भूपेश बघेल ने कहा है- इस दिल दहलाने वाली घटना में मृतकों के शरीर के चीथड़े उड़ गए हैं। शरीर के अंगों को पॉलीथिन में जमा करके डीएनए जाँच के लिए भेजा गया है।लेकिन इतने भयावह हादसे के बाद अब तक एफआईआर दर्ज नहीं हुई है।सवालों के जवाब तो देने होंगे।



### भूपेश के पाँच सवाल

बेमेतरा ब्लास्ट को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पाँच सवाल पूछे हैं। ये पाँच सवाल निम्नलिखित हैं -

1. 48 घंटे बाद भी घटना की अब तक FIR क्यों नहीं
2. क्या प्रशासन ने फैक्ट्री प्रबंधन से पूछा है कि घटना वाले दिन कितने मजदूर वहां काम पर गए थे
3. अब तक कितने मजदूर लापता हैं क्योंकि प्रशासन के 8 लोगों के दावे को तो ग्रामीण नकार रहे हैं।
4. क्षमता से अधिक रखी विस्फोटक सामग्री को क्यों निकाला जा रहा है जाँच में विस्फोटक सामग्री की क्या मात्रा दर्ज की जाएगी
5. प्रशासन ने मृतकों के परिजनों को जो मुआवज़ा देने की घोषणा की है उसे तो लेने से ग्रामीणों ने इनकार कर दिया है। क्या प्रशासन मुआवजा बढ़ाएगा




**बीजापुर,28 मई।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सोमवार रात एक बड़ा हादसा होने से टल गया। नेशनल हाईवे के किनारे कचरे में आग लगाने के बाद वहां लगे ट्रांसफार्मर को अपनी चपेट में ले लिया। दरअसल, बीजापुर गोंडवाना भवन के पास नेशनल हाईवे के किनारे रखे कचरे में व्यापारियों ने आग लगा दी, जिससे पास लगे बिजली ट्रांसफार्मर में आग भड़क उठी। सूचना पर पहुंची दमकल, बिजली विभाग और कोतवाली पेट्रोलिंग की टीम, ने मौके पर पहुंच कर समय रहते आग पर काबू पाया। राहत की बात ये है कि इस दौरान किसी प्रकार की जन-हानि नहीं हुई।

## डायरिया से युवक की मौत,35 से ज्यादा भर्ती

**बलौदाबाजार,28 मई।** जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलारी में एक युवक की मौत के बाद प्रशासन हरकत में आ गया है। पलारी तहसील क्षेत्र के ग्राम जारा में बीती रात से डायरिया से पीड़ित युवक की सुबह 8.30 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलारी में इलाज के दौरान मौत हो गई है। बता दें कि बलौदा बाजार के पलारी तहसील क्षेत्र के कई गांव डायरिया से पीड़ित हैं। ग्राम बलौदी में पिछले दिनों 50 से अधिक डायरिया से पीड़ित लोगों के मिलने के बाद सीएमएचओ डॉक्टर एमपी महिश्वर ने ग्राम का दौरा किया था। साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और विभिन्न विभाग के अधिकारियों को बीमारी रोकने के निर्देश दिए थे। मौसम के बदलते मिजाज और तेज गर्मी ने अब अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। तापमान में उतार चढाव की वजह से बलौदा बाजार जिले में डायरिया, वायरल बुखार, खांसी-जुकाम पैर पसारना शुरू कर दिया है। मौसमी बीमारियों से पीड़ित मरीज अस्पताल पहुंच रहे हैं। मौसमी बीमारी की वजह से अब लोगों की मौत होने लगी है। ऐसा ही एक मामला बलौदा बाजार जिले के पलारी तहसील क्षेत्र में आने वाले ग्राम पंचायत जारा से आई है। जहां के 27 वर्षीय युवक गोपाल यादव की मौत डायरिया के कारण हो गई। जानकारी आ रही है कि युवक को रात 1.30 बजे से उल्टी दस्त शुरू हुई थी, घर पर ही युवक का इलाज चल रहा था, हालत बिगड़ने पर परिजन सुबह 8 बजे युवक को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलारी पहुंचे, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बता दें कि पलारी तहसील क्षेत्र में पिछले एक सप्ताह से अलग अलग गांव में डायरिया का प्रकोप फैल रहा है। सबसे पहले ग्राम पंचायत बलौदी में डायरिया फैलने का मामला सामने आया था, उसके बाद से लगातार क्षेत्र में उल्टी दस्त से पीड़ित मरीजों की संख्या अस्पताल में बढ़ रही है। वर्तमान में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलारी में 25 से अधिक मरीज भर्ती हैं। सीएमएचओ डॉ एमपी महिश्वर ने बताया कि ग्राम जारा में एक बुजुर्ग बस बीमार मिला है। एक युवक की मौत हुई है। युवक आज ही सुबह इलाज के लिए अस्पताल पहुंचा था।

## वंदे भारत एक्सप्रेस में ढाई घंटे तक बंद रही बिजली

**बिलासपुर,28 मई।** नागपुर-बिलासपुर वंदे भारत एक्सप्रेस सोमवार को निपनिया के पास ढाई घंटे तक खड़ी रही। ट्रेन का पेंटो ओएचई में फंस गया। इसके चलते ट्रेन के पहिए थम गए। चूंकि यह ट्रेन हाई टेक्नालाजी की है। इसका खामियाजा भी यात्रियों को भुगतना पड़ा। दरअसल इस ट्रेन की बिजली बंद हो गई। पूरे कोच में अंधेरा छा गया और एसी भी बंद हो गया। इसके कारण यात्री परेशान हुए और रेल प्रशासन पर नाराजगी भी जाहिर की। वंदे भारत एक्सप्रेस का बिलासपुर पहुंचने का समय शाम 7.30 बजे हैं। ट्रेन अपनी गति से बिलासपुर की ओर बढ़ रही थी। मिडिल लाइन पर दौड़ रही इस ट्रेन के निपनिया पहुंचते ही पहिए थम गए। पहले तो यात्रियों को लगा कुछ सिग्नल की दिक्कत होगी। लेकिन, जैसी ही लाइट व एसी बंद हुआ तो यात्री भी हड़बड़ा गए। बाद में पता चला कि इस ट्रेन का पेंटो ओएचई तार में फंस गया। ट्रेन आगे बढ़ती है तो पेंटो या तार टूट सकता है। हाई टेक्नालाजी वाली इस ट्रेन के परिचालन में आई दिक्कत को ठीक करने के लिए कंट्रोल को सूचना दी गई। कंट्रोल से भाटापारा को जानकारी दी। वहीं से अमला पहुंचा। लेकिन, उन्हें समस्या का समाधान करने के लिए भारी जद्दोजहद करनी पड़ी।

## पेशाब पिलाई,मुंह पर कालिख पोती,मुंडन किया फिर घाघरा और जूते-चप्पलों की माला पहनाकर पूरे गांव में घुमाया

**गुना,28 मई।** मध्य प्रदेश के गुना जिले से बेहद शर्मसार कर देने वाला मामला सामने आया है. यहां गांव के दबंगों ने एक युवक को तालिबानी सजा दी. इतना ही नहीं, मुंह पर कालिक पोती, मुंडन कर दिया.लेकिन जब इतने से भी मन नहीं भरा तो पेशाब पिला दी. युवक को घाघरा और जूते-चप्पलों की माला पहनाया गया. मामला सामने आने के बाद शासन-प्रशासन पर सवाल खड़े हो रहे हैं. पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने मोहन सरकार पर बड़ा हमला बोला है. दरअसल, पूरा मामला फतेहगढ़ थाना क्षेत्र का है. बताया जा रहा है कि युवक बंजारा समाज का है और उसके साथ बंजारा समाज के लोगों ने ही हैवानियत की है. उसके मुंह पर कालिख तक पौत कर उसे पूरे गांव में घुमाया है. जानकारी के मुताबिक पीड़ित युवक अपने खेत में काम कर रहा था, तभी गांव के निवासी गुमान सिंह, सोदान सिंह, ओकार सिंह, रमेश बंजारा सहित करीब एक दर्जन लोग जीप में बैठकर आए और उसे जबरन अपने साथ लेकर चले गए. उसका अपहरण करने के बाद उसके साथ मारपीट भी की गई. इसके बाद उसे पेशाब पिलाकर उसे पूरे गांव में घुमाया.बताया जा रहा है कि युवक के चाचा के बेटी की शादी रमेश से हुई थी, लेकिन जब उसने दूसरी औरत रख ली तो चाचा की लड़की भाग गई, क्योंकि वे लोग उसके हाथ की कुछ खाते नहीं थे और उसके साथ मारपीट भी करते थे. जिसकी पुलिस में भी शिकायत हुई थी. लेकिन इसके बावजूद भी कोई हल नहीं निकला. इसके बाद एक दिन कुछ लोग जीप में भरकर आए और युवक को खेत में काम करने के दौरान ही उठा लिया.

## एक नजर

### हमले का फरार आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई, 28 मई।** भिलाई मोहन नगर थाना क्षेत्र छह साल से फरार चल रहे मारपीट और प्राणघातक के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है मोहन नगर प्रशिक्षु डीएसपी आकांक्षा पाण्डेय ने बताया कि ओम नगर उरला दुर्ग निवासी दिनेश चौरे पर वर्ष 2018 में मारपीट व प्राणघातक हमले मामले में न्यायालय दुर्ग के पेशी में उपस्थित नहीं हो रहा था इसके लिए न्यायालय ने स्थायी वारंट जारी किया पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दिनेश चौरे अपने भाई की शादी में घर आया हुआ था जिसे तुरंत गिरफ्तार किया गया आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया।

### नाबालिग का अपहरण, युवक गिरफ्तार



**भिलाई, 28 मई।** भिलाई अपहरण कर नाबलिग को भगाकर ले जाने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है युवक के खिलाफ पुलिस ने धारा 363, 366, 376, पाक्सों के तहत जुर्म दर्ज किया है छावनी सीएसपी हरिश पाटिल ने बताया कि हजारी बाग झारखंड निवासी अरमान उर्फ समीर अंसारी ने नाबालिग को का अपहरण कर उसे भगाकर लेकर गया नाबालिग के साथ अनाचार करता रहा घर से लापता होने के बाद परिजनों ने शिकायत भिलाई - 3 पुलिस थाना में दर्ज कराया आरोपी अरमान के मोबाइल का लोकेशन ट्रेस उसी आधार पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया ।

### शीतल मंदिर में ठंडे पानी की मशीन खराब, जनप्रतिनिधि ध्यान नहीं दे रहे



**भिलाई, 28 मई।** मशीन संजय नगर वार्ड में शीतल मंदिर में पार्सद रवि कुर्रे ने पार्सद निधि राशि से लोगो को शीतल जल मिले जिस उद्देश्य से शीतल पेयजल मिले पिछले साल सौगात दी थी । कुछ दिन चलने के बाद शीतल पेय देने वाली मशीन खराब हो गई । आसपास के लोगो ने नाम ना बताने की शर्त पर कहा की कई महीने से मशीन खराब है शीतल पेय नही मिल रहा है और दुर्भाग्य की बात है की भीषण गर्मी में भी शीतला मंदिर में शीतल पेय देने वाली मशीन से शीतल पेय नही मिल रही है । जनमानस में यह चर्चा है की आखिर पार्सद या महापौर या विपक्ष , विभाग इस मुद्दे पर क्यूं नही ध्यान दे रही है ।

### मनवा कुर्मी समाज ने पार्षदों का सम्मान किया



**जामुल, 28 मई।** छ.ग. मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज नगर इकाई जामुल का वार्षिक अधिवेशन में सर्व प्रथम अतिथियों द्वारा महापुरूष पठचित्र पर पूजा अर्चना कर प्रारंभ किया गया । तदउपरांत अतिथियों का स्वागत किया गया । श्रीमति मंजू वर्मा नगर प्रमुख एवं कार्यकारिणी द्वारा नगर पालिका परिषद जामुल के निर्वाचित पार्षद श्री रेखराम बंछोर, रामप्यारी वर्मा, चुम्मन वर्मा, श्रीमति अहिल्या वर्मा एवं श्रीमति दुलारी वर्मा राज प्रधान दुर्गराज, श्री नीलकंठ वर्मा पूर्व राजप्रधान, श्री रवि वर्मा पूर्व नगर प्रमुख जामुल को प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया । सभी अतिथियों के उद्बोधन उपरांत चुनाव प्रक्रिया प्रारंभ किया गया जिसमें नामांकन श्री नूतन वर्मा द्वारा दाखिल किया गया । और किसी ने नामांकन दाखिल नहीं किया इसलिए श्री नूतन वर्मा को निर्विरोध नगर प्रमुख घोषित किया गया तदउपरांत श्रीमति मंजू वर्मा नगर प्रमुख ने नूतन वर्मा को कार्यभार सौंपी। नगर प्रमुख बनने पर उपस्थि सभी स्वजनों ने पुष्पहार व गुलाल से अभिनंदन किया । राजप्रधान दुर्गराज द्वारा श्री नूतन वर्मा को शपथ दिलाया गया । अतिथियों का आभार व्यक्त श्रीमति रश्मि वर्मा द्वारा किया गया।

### पार्षद शिवेंद्र परिहार ने आयुक्त से मिलकर हादसे रोकने सौंपा ज्ञापन



**दुर्ग।** देश एवं प्रदेश के विभिन्न स्थानो पर हो रहे अग्नि दुर्घटनाओ को ध्यान में रखते हुए,आज पार्षद शिवेंद्र परिहार ने आयुक्त लोकेश चन्द्राकर से उनके कक्ष में मुलाकात कर शहर में सुरक्षा हेतु ज्ञापन पत्र दिए। उन्होंने नगर पालिक निगम, दुर्ग की सीमा क्षेत्र में स्थित विभिन्न सस्थानो व्यवसायिक केन्द्रो,नर्सिंग होम, अस्पताल, होटल लॉज एवं बहुमंजिला व्यवसायिक एवं आवासीय भवनों में अग्निशमन सुरक्षा यंत्रो एवं उपायो का ऑडिट करवाने के लिए निवेदन कर ज्ञापन पत्र देकर इस विषय को गंभीरता से लेने की बात कही,ताकि होने वाली दुर्घटनाओ को रोककर जन धन की हानि को रोका जा है।

# दुर्घटना प्रभावित परिवारों से मिलने सेमरहा पहुंचे पूर्व सांसद अभिषेक सिंह



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 28 मई।** कवर्धा संसदीय क्षेत्र के पूर्व सांसद अभिषेक सिंह आज ग्राम सेमरहा पहुंचे और क्षेत्र में विगत दिनों हुए भीषण सड़क दुर्घटना में मृतकों के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया. अभिषेक सिंह ने प्रभावित परिजनों से घटना की विस्तृत जानकारी ली तथा मृतकों के प्रति अपनी संवेदना भी व्यक्त की. अभिषेक सिंह ने दुर्घटना ग्रस्त वाहन में सवार उन ग्रामीणों से भी बात की जिन्होंने चलते वाहन से कूदकर अपनी जान बचाई थी. हम सबको जानकारी है कि विगत दिनों कबीरधाम जिले के दूरस्थ वनांचल क्षेत्र कुकदुर के आगे बंजारी घाट के पास तेंदूपत्ता तोड़कर लौट रही वाहन के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से उन्नीस आदिवासियों की दुखद मृत्यु हो गई थी. जिसमे ज्यादा लोग जिस गांव के थे, आज पूर्व सांसद अभिषेक सिंह उसी सेमरहा गांव पहुंचे थे . उपस्थित परिजनों और ग्रामीणों से बात करते हुए अभिषेक सिंह ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह जी स्वयं यहां आकर आप लोगों से मुलाकात करना चाहते थे लेकिन स्वास्थ्य कारणों से अभी नहीं आ पाए हैं और जल्द ही वे भी आयेंगे।

साथ ही पूर्व सांसद ने शासन द्वारा मिलने वाली सहायता की भी जानकारी ली और परिजनों को आश्वस्त किया कि इस कठिन समय में पूरी सरकार उनके साथ खड़ी है और उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। इस मौके पर पूर्व सांसद अभिषेक सिंह के साथ जिला भाजपा अध्यक्ष अशोक साहू, उपाध्यक्ष जसविंदर बग्गा, राजेन्द्र चंद्रवंशी, अनिल ठाकुर, रतिराम भट्ट, मुन्ना मानिकपुरी, काशी उइके, हुतेंद्र, सोनू सलूजा भी उपस्थित रहे.

# भिलाई के मयंक जैन को मिला अमेरिका में नेबर अवार्ड, सम्मानित हुई हिंदी

**भिलाई।** सात समंदर पार हिंदी को बढ़ावा दे रहे भिलाई के युवा मयंक जैन को अमेरिका का प्रतिष्ठित एक्सेप्शनल नेबर अवार्ड प्रदान किया गया है। अमेरिका के सबसे बड़े खेल समारोह में से एक मेजर लीग सॉकर के दौरान सेंट लुईस के 22 हजार से ज्यादा दर्शकों के बीच मयंक को यह सम्मान प्रदान किया गया। खास बात यह रही कि इस इस सम्मान के दौरान मयंक और उनकी पत्नी डॉ. अंशु जैन द्वारा शुरू की गई हिंदी-यूएसए सैंट लुईस संस्था का नाम भी बोर्ड पर प्रदर्शित किया गया और अमेरिका के प्रमुख टीवी चैनलों पर मयंक का साक्षात्कार भी लिया गया। मयंक ने बताया कि उनके लिए यह गौरवान्वित करने वाला पल था।



उन्होंने बताया कि इस प्रतिष्ठित समारोह में उनकी संस्था के लगभग 40 कार्यकर्ताओं को निःशुल्क प्रवेश दिया गया और सभी अपने परिवार के साथ आए थे। इनमें हिंदी सीख रहे सभी बच्चों को स्टेडियम में अंतरराष्ट्रीय खिलाडियों के साथ चलने करने का मौका मिला। इसे %के प्लेयर पैल' प्रोग्राम कहते हैं। मयंक के मुताबिक यह अमेरिका में पहली बार हुआ है जिसमें कि एक हिन्दी भाषी संस्था को स्टेडियम में इस स्तर पर सम्मान मिला। उल्लेखनीय है कि हिंदी-यूएसए के संस्थापक दंपति मयंक जैन और डॉ. अंशू जैन इस्पात नगरी भिलाई के रहने वाले है। मयंक जैन कपड़ा व्यापारी सुरेश चंद जैन के पुत्र और डॉ अंशु जैन अंचल के बर्न एंड प्लास्टिक सर्जन डॉ मदन लाल जैन की सुपुत्री हैं। मयंक जैन अपनी छोटी सी पहल से सेंट लुइस, मिसौरी, अमेरिका में हिंदी की ज्योत जगा रहे हैं। एक गैर-लाभकारी हिंदी पाठशाला हिंदी-यूएसए सेंट लुइस के माध्यम से मयंक वहां के देश-विदेश और भारतीय मूल के बच्चों में हिंदी को बढ़ावा देने सक्रिय हैं। यहां जैन दंपत्ति हिंदी को समर्पित विविध आयोजन करते रहते हैं, जिसमें बड़ी संख्या में न सिर्फ भारतीय बल्कि दुनिया के अन्य देशों के लोग भी शामिल होते हैं। 00000 फोटो सुमीत बाजार पर कार्रवाही सुमीत बाजार के संचालक पर निगम ने की कार्रवाही सड़क पर बेवजह पानी बहाना पड़ा महँगा,भरना पड़ा 2 हज़ार जुर्माना दुर्ग। नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत सुमीत बाजार परिसर पोलसायपारा संचालक द्वारा लगातार सड़क पर पानी बहाने से परेशान लोगो ने आयुक्त लोकेश चन्द्राकर से शिकायत की। उन्होंने अधिकारियों को कार्रवाही के निर्देश दिये। नगर निगम अधिकारियों द्वारा शिकायत को ध्यान में रखते हुए सुमीत बाजार परिसर का निरीक्षण कर पाया गया कि संचालित सुमीत बाजार परिसर के कूलरों का पानी की निकासी को आवागमन सड़क क्षेत्र में प्रवाहित किया जा रहा है। जिससे सड़क में पानी का जमाव हो रहा है एवं आवाजाही बाधित हो रही है। निगम द्वारा नोटिस के माध्यम से सुमित बाजार के संचालक को कूलरों के पानी निकासी की समुचित व्यवस्था किये जाने के लिए अवगत कराया गया था परंतु नोटिस का असर नही हुआ। नोटिस को किया अनदेखा तो निगम अधिकारियों ने आज निरीक्षण कर 2 हज़ार रुपये का जुर्माना की कार्यवाही गई है। आपको बता दे कि निगम द्वारा 24 घंटे के भीतर उक्त कूलरो के पानी की निकासी को सड़क से हटाकर अन्यंत्र समुचित व्यवस्था कर नगर पालिक निगम कार्यालय को सूचित करेंगे ताकि राहगीरों को आवागमन में परेशानी ना हों। कार्रवाही के मौके पर सहायक अभियंता गिरीश दीवान,राजस्व अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, सहायक भवन अधिकारी विनोद मांझी,सफाई दरोगा सुरेश भारती के अलावा टीम अमला मौजूद रहें।नोटिस का असर नहीं,निगम ने की कार्रवाही,सुमीत बाजार के संचालक को सड़क पर बेवजह पानी बहाना महँगा पड़ा। जिसके एवज मे संचालक को 2 हज़ार रुपये का जुर्माना भरना पड़ा।

### कोक ओवन के कर्मचारी शिरोमणि पुरस्कार से हुए सम्मानित

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग में विगत दिनों कर्म शिरोमणि पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग तरूण कनरार उपस्थित थे। समारोह में अप्रैल 2024 के लिए ओसीटी बैटरी ऑपरेशन मीता राम एवं मास्टर ऑपरेटर बैटरी ऑपरेशन नरपाल प्रसाद यादव को कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पुरस्कार विजेताओं को सम्मान स्वरूप स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र तथा उनके जीवनसाथी के लिए प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया। श्री तरूण कनरार ने पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी। उन्होंने सभी पुरस्कार विजेताओं को सुरक्षा को प्राथमिकता देकर इसी तरह लगन से कार्य करने रहने तथा अपने अधीनस्थ कार्मिकों को भी कार्य में निपुण करने के लिए प्रेरित किया। इस समारोह में महाप्रबंधक सीओसीसीडी समीर रायचौधरी, महाप्रबंधक सीओसीसीडी पी वी वी एस मूर्ति, महाप्रबंधक सीओसीसीडी झगर सिंह, महाप्रबंधक सीओसीसीडी बी सी मंडल सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। उपस्थित सभी अनुभाग प्रमुखों ने भी पुरस्कार विजेताओं के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी।

# मौसम विभाग ने लू के लक्षण, बचाव के उपाय बताए

**दुर्ग।** भारतीय मौसम विभाग द्वारा जारी मौसमी दृष्टिकोण के अनुसार प्रदेश सहित जिले में भी औसत तापमान अधिक होने की संभावना है। अधिकांश भागों में लू-तापघात की स्थिति निर्मित हो सकती है। मौसम को ध्यान में रखते हुए राज्य में लू-तापघात से आवश्यक तैयारी एवं बचाव के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश तैयार किये गये हैं। इसमें लू के लक्षण एवं बचाव के कारण बताये गये हैं। 'लू के लक्षण-' सिर से भारीपान और दर्द होना, तेज बुखार के साथ मुंह का सूखना, चक्कर और उल्टी आना, कमजोरी के साथ शरीर में दर्द होना, शरीर का तापमान अधिक हो जाने के बाद भी पसीने का न आना, अधिक प्यास और पेशाब कम आना, भूख कम लगना तथा बेहोश होना। 'लू से बचाव के उपाय -' लू लगने का प्रमुख कारण तेज धूप और गर्मी से ज्यादा देर तक रहने के कारण शरीर में पानी और खनिज मुख्यतया नमक की कमी हो जाना होता है। अत~ इससे बचाव के लिए निम्न बातों का ध्यान रखना चाहिए- बहुत अनिवार्य न हो तो घर से बाहर ना जाए। धूप से निकलने से पहले सर व कानों को कपड़े से अच्छी तरह से बांध लें। पानी अधिक मात्रा में पीये और अधिक समय तक धूप में न रहें। गर्मी के दौरान नरम मुलायम सूती कपड़े पहनने चाहिए ताकि हवा और कपड़े पसीने को सोखते रहे। इसी प्रकार अधिक पसीना आने की स्थिति में ओ.आर.एस. घोल पीयें। चक्कर आने, उल्टी आने पर छायादार स्थान पर विश्राम करें तथा शीतल पेय जल अथवा उपलब्ध हो तो फल का रस, लस्सी, मठा आदि का सेवन करें। प्रारंभिक सलाह के लिए 104 आरोग्य सेवा केन्द्र से निःशुल्क परामर्श लिया जाए और उल्टी, सर दर्द, तेज बुखार की दशा में निकट के अस्पताल अथवा स्वास्थ्य केन्द्र से जरूरी सलाह लिया जाए। 'लू लगने पर किये जाने वाला प्रारंभिक उपचार-' बुखार पीड़ित व्यक्ति के सर पर ठण्डे पानी की पट्टी लगावें, अधिक पानी व पेय पदार्थ पिलावें जैसे कच्चे आम का पना, जल जीरा आदि, पीड़ित व्यक्ति को पंखे के नीचे हवा में लिटा देवें, शरीर पर ठण्डे पानी का छिड़काव करते रहें, पीड़ित व्यक्ति को यथाशीघ्र किसी नजदीकी चिकित्सा केन्द्र में उपचार हेतु ले जाए तथा मितानिन ए.एन.एम. से ओ.आर.एस. के पैकेट हेतु संपर्क करें। क्या न करें - गर्मी के दौरान बाहर न जाए, यदि आपको आवश्यक कार्य के लिए बाहर जाना है तो दिन के शीतलन घंटो के दौरान अपनी सारणी निर्धारित करने का प्रयास करें। अत्यधिक गर्मी के घंटो के दौरान बाहर जाने से बचे (विशेष रूप से दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच), नंगे पैर या बिना चेहरे को ढ़के और बिना सिर ढककर बाहर न जाए। व्यस्थतम समय (दोपहर) के दौरान खाना पकाने से बचे, खाना पकाने वाले क्षेत्रों (रसोई घरों) में दरवाजे और खिड़कियां खोल कर रखें, जिससे पर्याप्त रूप से हवा आ सके। शराब, चाय, कॉफी और कार्बोनेटेड पेय, पीने से बचे जो शरीर को निर्जलित करते हैं। उच्च प्रोटीन, मसालेदार और तेलीय भोजन खाने से बचे, बासी खाना न खाए। बीमार होने पर बाहर धूप में न जाए, घर पर रहे। हीट वेव क्या करें और क्या न करें 'क्या करें-' जितना हो सके पर्याप्त पानी पीये, भले ही प्यास न लगी हो। मिर्गी, हृदय, गुर्दे या लीवर से संबंधित रोग वाले जो तरल प्रतिबंधित आहार लेते हो, तरल पदार्थ लेने से पहले डॉक्टर से परामर्श लें। हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहने। ओ.आर.एस. (ओरल रिहाइड्रेशन) घोल, घर का बना पेय लस्सी, (तोरानी चावल) का पानी, नींबू का पानी, छांछ आदि का उपयोग करें। बाहर जाने से बचे, यदि बाहर जाना आवश्यक है, तो अपने सिर (कपड़े/टोपी या छाता) और चेहरे को कवर करें। जहां तक संभव हो किसी भी सतह को छूने से बचें। 'अन्य सावधानियां-' जितना हो सके घर के अंदर रहें। अपने घर को ठंडा रखें-धूप से बचाव के लिए दिन में पर्दे, शटर का उपयोग करें और खिड़कियां खोलें। निचली मंजिलों पर बने रहने का प्रयास करे। पंखों का उपयोग करें, कपड़ों को नम करें और अधिक गर्मी में ठंडे पानी में ही स्नान करें। यदि आप बीमार महसूस करते हैं-उच्च बुखार/लगातार सिरदर्द/चक्कर आना/मतली या भटकाव/लगातार खांसी/सांस की तकलीफ है तो तुरंत डॉक्टर को दिखाये। जानवरों को छाया में रखे और उन्हें पीने के लिए भरपूर पानी दें। इन उपायों का उपयोग कर लू एवं हीटवेव के प्रभाव से बचा जा सकता है।

# मोटर साईकिल की भिड़ंत में दो की मौत




**भिलाई, 28 मई।** भिलाई नेवई थाना क्षेत्र बीती रात को दो मोटर साइकिल सवार आमने सामने से भिड़ गए हादसे में दोनों मोटर साइकिल में सवार तीन लोगों की मौत हो गई है वहीं दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। हादसा सोमवार की रात करीब 8~30 बजे की बताई जा रही है इस मामले में नेवई पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है कैंप-1 शास्त्री नगर निवासी खिलेश कुमार सिन्हा और उसका साथी दिलीप निषाद उमरपोटी से लौट रहे थे। इस दौरान मरोदा का रहने वाला जीतू निषाद अपने दो साथियों के साथ मोटर साइकिल में उमरपोटी की ओर जा रहा था। रात करीब 8~30 बजे दोनों की मोटर साइकिल एक दूसरे से आमने सामने से टकरा गई। हादसे में सभी गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने इसकी सूचना डायल 112 को दी और उसके बाद सभी अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल पहुंचने के बाद तीन युवकों की मौत हो गई और दो लोग घायल हैं भिलाई नगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि हादसे में मरने वालों में कैंप -1 शास्त्री नगर निवासी खिलेश कुमार सिन्हा व दिलीप निषाद तथा दूसरे मोटर साइकिल का चालक मरोदा निवासी जीतू कुमार निषाद शामिल हैं। जीतू निषाद के साथ मोटर साइकिल पर दो युवक और बैठे थे जो घायल हैं तीनों मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया है। फिलहाल नेवई पुलिस इस मामले में मर्ग कायम कर जांच कर रही है।

### अदिति और समता की बनाई पेंटिंग्स की युगल प्रदर्शनी का आयोजन

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के जनसंपर्क विभाग द्वारा संचालित, इंदिरा प्लेस, सिविक सेंटर स्थित नेहरू आर्ट गैलरी में, भिलाई की कु. सी.एस. अदिति और श्रीमती समता शुक्ला, द्वारा निर्मित पेंटिंग्स की युगल प्रदर्शनी का आयोजन किया जायेगा। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन 28 मई को संध्याकाल मुख्य अतिथि, मुख्य महाप्रबंधक आर ई डी सुधीर कुमार द्वारा किया जायेगा। सुश्री सी.एस अदिति डीपीएस भिलाई की छात्रा रहीं हैं। उन्होंने कक्षा 12वीं में 94.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं, तथा इनका चयन नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी (निफ्ट) में बी.डिजाइन कार्यक्रम हेतु हुआ है। आदिति ललित कलाओं में व मार्शल आर्ट्स में रूचि रखतीं हैं, तथा उन्होंने प्रयागराज स्थित प्रयाग संगीत समिति से भरतनाट्यम में सीनियर डिप्लोमा भी प्राप्त किया है।

## टैगोर की जयंती पर पेंटिंग प्रतियोगिता



**भिलाई, 28 मई।** राष्ट्र राष्ट्रगान के रचयिता रवींद्रनाथ टैगोर के 163 वे जन्म जयंती के अवसर पर भिलाई नगर कालीबाड़ी समिति सेक्टर 6 एवं छत्तीसगढ़ बंगाली मित्र समाज के संयुक्त तत्वाधान में विवेकानंद नगर कैम्प 2 भिलाई में कवि गुरु रवींद्रनाथ के जीवनी पर पेंटिंग प्रतियोगिता कराई गई । कार्यक्रम का उद्घाटन छत्तीसगढ़ बंगाली मित्र समाज के प्रदेशाध्यक्ष सुमन शील ने द्वीप प्रज्वलित कर और कवि गुरु रवींद्रनाथ टैगोर की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया। प्रतियोगिता में 32 बच्चों ने भाग लिया जिसमें पहली क्लास से लेकर 10 वी क्लास तक के बच्चे शामिल हुए। प्रतियोगिता दो भागों में बांटा गया जिनके बनाए गए पेंटिंग का भिलाई नगर कालीबाड़ी समिति के पदाधिकारी द्वारा चयन कर प्रथम , द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ स्थान का निर्णय के उपरांत विजेता बच्चों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह से पुष्कृत किया जाएगा तथा सभी शामिल प्रतियोगिता बच्चों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता के समय बच्चों के द्वारा स्वयं बनाए जा रहे पेंटिंग का निरीक्षण श्रीमति नीलम मांझी एवं श्रीमति माया साहनी ने किया ।

## प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि मनाई




**भिलाई, 28 मई।** भारतरत्न लोकनायक जयप्रकाश नारायण स्मारक प्रतिष्ठान और आचार्य नरेंद्र स्मृति जन अधिकार अभियान समिति ने सोमवार को अपने रूआबांधा परिसर में देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की 60 वीं पुण्यतिथि मनाई। इस दौरान प्रधानमंत्री नेहरू के योगदान को याद किया गया तथा उनके व्यक्तित्व पर चर्चा हुई। प्रतिष्ठान के अध्यक्ष आर पी शर्मा ने कहा कि 10 साल से मौजूदा प्रधानमंत्री और उनके लोग जवाहरलाल नेहरू की आलोचना करते रह गए। जबकि जवाहरलाल नेहरू का कद इन सबके कद से कहीं ऊंचा है। उन्होंने कहा कि देश में स्वतंत्रता के बाद प्रगति हुई, उसकी नींव जवाहरलाल नेहरू ने रखी। इसलिए उन्हें आधुनिक भारत का निर्माता कहा जाता है। भिलाई स्टील प्लांट से लेकर तमाम सार्वजनिक उपक्रम इसकी मिसाल है। दुर्भाग्यजनक स्थिति यह है कि मौजूदा सरकार के दौर में इन तमाम सार्वजनिक उपक्रमों के अस्तित्व पर संकट नजर आ रहा है। इस दौरान प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। आयोजन में समाजवादी जनता पार्टी चंद्रशेखर के प्रांतीय महासचिव नंदकिशोर साहू और एमआर रजक सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## एक मुश्त संपत्तिकर की राशि 31 तक जमा कर 6.25 प्रतिशत का लाभ उठाएं

**भिलाईनगर।** निगम भिलाई ने अपने क्षेत्र के करदाताओ को सुविधा प्रदान करते हुए वित्तीय वर्ष 2024-25 का एक मुश्त संपत्तिकर की राशि 31मई तक जमा करने पर 6.25 प्रतिशत की छूट का लाभ प्रदान कर रहा है निगम आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव के निर्देश पर संपत्तिकर विभाग ने निगम क्षेत्र के भवन मालिको की सुविधा के लिए वेबसाईट https://Chhattisgarhmunicipal.com/nagar-nigam/citizen/ लॉच किया है, जिसमें संपत्तिकर बटन पर क्लीक करने पर संपत्तिकर में रजिस्टर्ड मोबाईल नम्बर पर ओटीपी आयेगा, ओटीपी डालने पर संपत्तिकर का विवरण, डिमांड नोट आदि की जानकारी प्राप्त होगी। भुगतान में क्लीक करने पर विकल्प के रूप में केडिट, डेबिट, नेटबैंकिंग, यूपीआई पूछा जायेगा जिस पर क्लीक करने पर भुगतान की प्रक्रिया पूर्ण होगी। साथ ही वेबसाईट से ही भुगतान की रसीद जनरेट होगी, जिसे भवन मालिक प्रिंटकर सुरक्षित रख सकते है। निगम के मुख्य कार्यालय एवं जोन कार्यालय में भी संपत्तिकर जमा करने के लिए काउन्टर है। गौरतलब है कि 1 अप्रेल से 31 मई तक संपत्तिकर राशि का एक मुश्त भुगतान करने पर 6.25 प्रतिशत छूट प्रदान किया जा रहा है भवन स्वामी अपना संपत्तिकर राशि जमा करवाकर छूट का लाभ उठा सकते है। अवकाश के दिनों में भी नगर निगम का काउंटर संपत्ति का जमा करने के लिए खुला रहेगा हितग्राही पहले जमा करके उसका लाभ ले सकते हैं।

## पम्प से पानी खीचने वालों पर निगम की बड़ी कार्रवाई



**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के मदर टेरेसा नगर जोन 03 कार्यालय क्षेत्र में जल प्रदाय के दौरान टूल्लू पम्प के माध्यम से पानी खीचने वाले के विरूद्व कार्यवाही करते हुए मौके पर 12 टूल्लू पम्प को निगम ने किया जप्त। निगम आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव को शिकायत मिल रही थी कि कुछ लोग ऐसे है, पानी सप्लिाई के दौरान मोटर टूल्लू पम्प लगाकर पानी खींच ले रहे है जिससे दुसरे बस्तीयो में पानी का सप्लाई ठीक ढंग से नहीं हो पा रहा है उसको देखते हुए आयुक्त ने सभी जोन आयुक्तो को निर्देशित किया की रोज सुबह अपने क्षेत्रो में जाए जहॉ पर भी अवैघ रूप से टूल्लू पम्प लगाकर पानी खींचा जा रहा है उस पर कार्यवाही करें। जिससे गर्मी के दिनो में अंतिम छोर तक पानी पहूॅचे सभी नागरिको को शुद्व पेयजल मिले। इसके लिए सभी जोन आयुक्त अपने अपने क्षेत्र का प्रातः भ्रमण कर रहे है। ताकि जल प्रदाय के दौरान टूल्लू पम्प के माध्यम से पानी खीचने वाले के विरूद्व कार्यवाही की जा सके। जोन क्रं. 03 वार्ड 34 एवं 35 मिलन चैंक के पास नागरिको एवं व्यवसायी द्वारा टूल्लू पम्प लगाकर पानी खीचा जा रहा था, जिसे जप्त किया गया। कुछ लोग ऐसे भी थे जो नगर निगम के अमला को देखकर के अपने पंप को छिपा दिए दरवाजा बंद कर दिए पूछने पर बोले हम मोटर नहीं चलाते हैं इस कार्यवाही के दौरान जोन आयुक्त अमिताभ शर्मा, कार्यपालन अभियंता भेश्राम सिन्हा, सहायक अभियंता आलोक पसीने, उपअभियंता मरकाम, कृष्णा जंघेल, सुपरवाईजर श्याम कुमार आदि उपस्थित रहे। यह कार्यवाही नगर निगम के जोन 01,02 एवं 04 में भी जारी है। आयुक्त श्री ध्रुव ने सभी नागरिको से अपील की है कि निगम का उददेश्य है कि हर नागरिक को शुद्व पेयजल मिले। आप सब भी सहयोग करे किसी प्रकार से टूल्लू पम्प लगाकर अवैध रूप से पानी का दोहन करना कानून अपराध है। पकड़े जाने पर नगर निगम अधिनियम के तहत कार्यवाही की जावेगी। बिजली की भी कटौती भी हो सकती है।

## एक नजर

### डोंगरगढ़ पुलिस ने बिछड़े को अपनों से मिलाया



**राजनांदगांव 28 मई।** पुलिस अधीक्षक महोदय श्री मोहित गर्ग, अति0पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राहुल देव शुक्ला एवं एसडीआपी महोदय डोंगरगढ़ श्री आशिष कुंजाम के दिशा-निर्देश पर थाना डोंगरगढ़ में लंबित अपराध, मर्ग, गुम इंसान प्रकरण के निकाल हेतु थाना प्रभारी डोंगरगढ़ निरीक्षक सी0आर0 चन्द्रा द्वारा अभियान चलाया जा रहा है इसी अभियान के तहत गुम इंसान क्र0- 62/2024 अपराध क्र0- 295/2024 धारा- 363 भादवि के नाबालिग अपहृता जो दिनांक- 22.05.2024 को घर से बिना बताये चली गई थी जिसे आज दिनांक- 27.05.2024 को डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा परिजन के मदद से बरामद कर नाबलिग अपहृता से महिला पुलिस अधिकारी द्वारा पुछताछ किया जो टेऊन में बैठकर उज्जैन म0प्र0 चली जाना जहां से भगवान महाकाल का दर्शन कर वापस आना बताई व अपने साथ किसी प्रकार का अपराध घटित होना नहीं बताई। जिसे उनके परिजनों को सुपूर्दनामे में दिया गया। जिससे परिजन खुशी जाहिर करते हुये डोंगरगढ़ पुलिस को धन्यवाद ज्ञापित किये है।

### अवैध उत्खनन एवं परिवहन करते हुए 52 वाहनों पर की गई कार्रवाई

**राजनांदगांव 28 मई ।** जिले में वित्तीय वर्ष 2024-25 में अब तक खनिज विभाग के अमलों द्वारा खनिज के अवैध उत्खनन एवं परिवहन करते हुए 52 वाहनों पर कार्रवाई की गई और 16 लाख 48 हजार 347 रूपए का अर्थदण्ड वसूला गया है। जिला खनिज अधिकारी श्री प्रवीण चंद्राकर ने बताया कि अवैध खनिज परिवहन करते हुए 50 वाहनों पर कार्रवाई की गई और 14 लाख 57 हजार 347 रूपए का अर्थदण्ड वसूला गया है। वहीं अवैध खनिज उत्खनन करते हुए 2 वाहनों पर कार्रवाई की गई और 1 लाख 91 हजार रूपए का अर्थदण्ड वसूला गया है। उन्होंने बताया कि चूना पत्थर (गिट्टी) के अवैध खनिज परिवहन करते हुए 26 वाहनों पर कार्रवाई की गई और 7 लाख 74 हजार 964 रूपए का अर्थदण्ड वसूला गया। रेत के अवैध खनिज परिवहन करते हुए 9 वाहनों पर कार्रवाई की गई और 2 लाख 7 हजार 200 रूपए का अर्थदण्ड वसूला गया। ईट के अवैध खनिज परिवहन करते हुए 1 वाहन पर कार्रवाई की गई और 11 हजार 600 रूपए का अर्थदण्ड वसूला गया। मुरूम व मिट्टी के अवैध खनिज परिवहन करते हुए 13 वाहनों पर कार्रवाई करते हुए और 3 लाख 7 हजार 800 रूपए का अर्थदण्ड वसूला गया। कोयला के अवैध खनिज परिवहन करते हुए 1 वाहन पर कार्रवाई की गई और 1 लाख 55 हजार 783 रूपए का अर्थदण्ड वसूला गया। इसी तरह मुरूम का अवैध खनिज उत्खनन करते हुए 1 वाहन पर कार्रवाई की गई और 1 लाख 40 हजार रूपए का अर्थदण्ड वसूला गया। मिट्टी का अवैध खनिज उत्खनन करते हुए 1 वाहन पर कार्रवाई की गई और 51 हजार रूपए का अर्थदण्ड वसूला गया।

### मतगणना कक्ष में शांति व्यवस्था बनाये रखें : कलेक्टर

**राजनांदगांव 28 मई।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में लोकसभा निर्वाचन 2024 की मतगणना के संबंध में अभ्यर्थियों एवं निर्वाचन अभिकर्ताओं की बैठक ली। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6 राजनांदगांव की मतगणना के लिए तिथि, समय एवं स्थान निर्धारित किया गया है। मतगणना 4 जून 2024 को सुबह 8 बजे से शुरू की जाएगी। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को मतगणना कक्ष में शांति व्यवस्था बनाये रखने कहा। जिससे मतगणना कार्य शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न संपन्न कराया जा सके। उन्होंने कहा कि जिन गणना अभिकर्ता की नियुक्ति जिस विधानसभा गणना कक्ष के लिए हुई है उसी गणना कक्ष में बैठना सुनिश्चित करेंगे। मतगणना कक्ष के द्वार पर शीतल पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था की जाएगी। अभ्यर्थियों, निर्वाचन अभिकर्ता, मीडिया प्रतिनिधि तथा उद्घोषणा हेतु एक पृथक हॉल रखा गया है। जहाँ चक्रवार मतगणना के परिणाम से अवगत कराया जायेगा। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने बताया कि मतगणना स्थल पर तीन स्तर की सुरक्षा व्यवस्था रखी गई है। सबसे भीतरी स्तर पर केन्द्रीय पुलिस बल, मध्य स्तर पर विशेष सशस्त्र बल तथा सबसे बाहरी स्तर पर जिला पुलिस बल की तैनाती की गई है। अभ्यर्थी, निर्वाचन अभिकर्ता, गणना अभिकर्ता, मीडिया प्रतिनिधियों को कृषि उपज मण्डी प्रांगण से होकर प्रवेश करना है। मतगणना में लगे अधिकारी एवं कर्मचारी फल मण्डी की ओर से प्रवेश करेंगे। मतगणना स्थल पर प्रवेश हेतु पृथक-पृथक रंगों के परिचय पत्र जारी किये गये हैं। गणना अभिकर्ताओं हेतु सफेद रंग का परिचय पत्र जारी किया गया है।

### मतगणना के लिए सभी अच्छी तैयारी रखें

**राजनांदगांव 28 मई।** भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री राजीव कुमार ने आज वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी राज्यों के सीईओ, लोकसभा क्षेत्र के निटर्निंग ऑफिसर, सभी जिलों के डीईओ की बैठक ली। इस दौरान कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफिसर श्री संजय अग्रवाल कलेक्टोरेट के एनआईसी कक्ष से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे। मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री राजीव कुमार ने अधिकारियों को शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक मतदान संपन्न होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि मतगणना के लिए सभी अधिकारी भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें। मतगणना के लिए सभी अच्छी तैयारी रखें। सावधानी सजगता के साथ स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप मतगणना का कार्य निष्पक्ष तरीके से होना चाहिए। टीम इसके लिए अच्छा कार्य करें। कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफिसर श्री संजय अग्रवाल ने सभी अधिकारियों को मतगणना की तैयारी के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप मतगणना का कार्य सजगता एवं सर्तकता से करना है। मतगणना के दौरान मतगणना कक्ष में मोबाईल प्रतिबंधित रहेगा।

# नदी का सीना चीर रेत की तस्करी

**जंगलों का दोहन कर संचालित किए जा रहे ईटभट्ठे, माफिया मानसून से पहले रेत व ईट स्टॉक करने में लगे**

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ़ 28 मई।** प्रदेश की भाजपा सरकार ने जैसे ही प्रधानमंत्री आवास योजना को गति देने का काम किया । ग्रामीण इलाकों में प्राकृतिक संपदा के दोहन की बाढ़ सी आ गई है। नदी, नाले के समीप के बसे ग्रामो में अवैध रेत खनन जैसे कार्य ने हाल में अच्छा खासा जोर पकड़ लिया है। वृक्षों के नीचे बने ईटभठ्ठे बेधड़क मिट्टी के ईट पका बेच रहे हैं। गांव के खनन माफियाओं के द्वारा नदी नालों में सूर्य उदय की पहले लगी गाड़ियां तीन से चार घंटे में आधा दर्जन गांव से 20 से 40 ट्रिप रेत बेखौफ निकाल कर शहर के बड़े व्यापारियों तक पहुँचवा रहे हैं । वही दुसरी ओर बारीक रेतो को जमा कर बड़े-बड़े हाईवा में चारामा का रेत बता कर इन व्यापारीयों के द्वारा अच्छा खासा मुनाफा कमाया जा रहा हैं। हालिया मामला ब्लॉक मुख्यालय से 10 किलोमीटर दूर जामरी, मुड़पार,पारागांव खुर्द व कला क्षेत्र का बताया जा रहा है। जहां पेटेश्वी नदी से कई गांव की शीतला शांति समिति के नाम पर अवैध खनन करने वालों से मोटी रकम लेने के बाद इन माफियाओं को गांव वालों ने खुली छूट दे दी है। जिसके बाद ये माफिया बिना प्रशासनिक डर व भय के यह कारोबार अब धरल्ले से कर रहे हैं। पारागांव के एक ग्रामीण ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि गांव की जनप्रतिनिधि इन दिनों गांव के विकास के नाम पर मोटी रकम लेने के बाद ऐसे खनन माफियाओं को भरपूर सहयोग कर रहे हैं। बताया की परागांव खुर्द के मुखिया ने ग्राम सभा प्रस्ताव किए बिना ग्राम स्तरीय बैठक में 2 लाख 9 हजार रुपये में एक कारोबारी को गांव में रेत डालने की इजाजत दी है। ऐसा खेल कई और गांव में भी खेला जा रहा है। जिसके बाद आधा दर्जन गांवों के खनन माफिया सिंडिकेट होकर पेटेश्री नदी व उसके सहायक नालों से प्रतिदिन 20 से 40 ट्रिप रेत बाहर के व्यापारियों को बेच रहे है । जबकि इन समितियां के द्वारा गांव के बाहर रेत को बेचने पर 50 हजार का अर्थ दंड है। पर इन कारोबारी को स्थानीय जनपद सदस्य व सरपंच का ऐसा संरक्षण प्राप्त है यह कहा जाए कि उनके ही शह पर यह पूरा कारोबार चल रहा है। वही जानकारों की माने तो इन नदी के आसपास के क्षेत्रों में जलोढ़ मिट्टी की अधिकता के कारण ही ईटभठ्ठों के व्यापारियों के द्वारा बिना शासन के किसी परमिशन के बड़े-बड़े ईटभठ्ठे भी संचालित किये जा रहे हैं। आवास योजना आने के बाद मटेरियल के बढ़ते दामों के कारण इन व्यापारियों के बीच में प्रतिस्पर्धा भी बढ़ गई है। भठ्ठों में लगने वाली लकड़िया खेतों में लगे वृक्षों को कटवा रही हैं। बारीक रेत नाले से ईट भठ्ठों की ओर आ रही है। खनिज विभाग के अधिकारियों को सब जानकारी होने के बावजूद वे अपनी आंखों में पट्टी बांधे बैठे है। जिसके कारण ही ऐसे माफियाओं के हौसले बुलंद है । वही कुछ की माने तो गांव के जनप्रतिनिधियों के द्वारा गांव की समितियां में एक मोटी रकम अदा करवा के ऐसे प्रतिनिधि खनन माफियाओं के साथ मिलकर खूब मुनाफा काम रहे है। प्रशासनिक हस्तक्षेप दूर-दूर तक नहीं होने से इन पर लगाम नहीं लगाया जा रहा। कोई भी रकम नहीं ली गई - अवैध खनन के मामले में पारागांव खुर्द के ग्राम प्रमुख अजय मानिकपुरी की माने तो खनन कारोबारी से कोई भी राशि गांव वालों के द्वारा नहीं ली गई है। और ना ही हमारे गांव से के रेत बाहर जा रहा है।

**आपसी प्रतिस्पर्धा में हमारे गांव को कर रहे बदनाम -** वही इस मामले में ग्राम के सरपंच गजेंद्र ठाकुर की माने तो रात के अंधेरे में नदी से रेत निकल जाती है। बड़े-बड़े माफिया मैं आपसी में प्रतिस्पर्धा चल रही है। जब शासन कोई कार्रवाई नहीं कर रहा तो हम लोग अपनी जान जोखिम में क्यों डालें। पैसे लेने वाली बात गलत है। बताया जाता है कि डोंगरगढ़ से 5 से 8 किलोमीटर दूर मुड़पार, जामरी, पारागांव कला, खुर्द, छिपा, भोथली, कल्याणपुर, पनियाजोब नाला,पिनकापार, भंडारापुर, माटेकटा जैसे गांव में हाल में अवैध खनन के मामले सामने आ रहे हैं ।

**इन क्षेत्रों में ईटभठ्ठों के व्यापार में आई तेजी -** डोंगरगढ़ से लगे गांव कलकसा मुढ़पार, जामरी, पिनकापार, मुंगलानी मेढ़ा, बछेराभाठा, करवारी, कन्हारगांव जैसे इलाके जंगल के समीप गांव है और जहाँ जंगल की लकड़ी बड़ी आसानी से मिल जाती है उन गाँवों में ये कारोबार धड़ल्ले से संचालित हो रहा है।

### भ्रष्टाचार, कमीशनखोरी और पक्षपात का आरोप लगा नपाध्यक्ष को हटाने की मांग



**डोंगरगढ़ 28 मई।** नगरपालिका में भ्रष्टाचार, कमीशनखोरी व भाजपा के पार्षदों से पक्षपात का आरोप लगाते हुए परिषद डोंगरगढ़ के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव अन्तर्गत धारा 43 (क.) छ0म0 नगरपालिका अधिनियम 2019 के अन्तर्गत डोगरगढ़ के नगरपालिका अध्यक्ष सुदेश कुमार मेश्राम के विरूद्ध निर्वाचित पार्षद के द्वारा अविश्वास प्रस्ताव लाकर जिलाधीश से पुनः वोटिंग की मांग करते नेता प्रतिपक्ष के नेतृत्व में पार्षदों ने अविश्वास प्रस्ताव पर हस्ताक्षरयुक्त पत्र देते हुए छ0म0 नगरपालिका अधिनियम जो संशोधन अधिनियम 2019 की धारा 43 (क.) का हवाला देते हुए सुदेश कुमार मेश्राम पर अविश्वास व्यक्त करते हुये अध्यक्ष के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाने अग्रिम कार्यवाही किये जाने की अपील की गई है ।

**परिषद में भाजपा के 14 तो कांग्रेस के 9 :** नगरपालिका परिषद् में भाजपा के 14 तो कांग्रेस के 09 पार्षद है। भाजपा को सुदेश मेश्राम को अध्यक्ष पद से हटाने के लिए कुल 16 पार्षदों मत मिलना जरूरी है नहीं तो अविश्वास प्रस्ताव खारिज हो जायेगा। आपको बता दें कि पूर्व में भाजपा व कांग्रेस के 12- 12 पार्षद थे व भाजपाई खेमे से क्रॉस वोटिंग द्धद्धद्ध वजह से कांग्रेस का नपाध्यक्ष घोषित किया गया। वर्तमान में 02 निर्दलीय पार्षदों के भाजपा में शामिल होने से भाजपा का पलड़ा भारी नजर आ रहा है वहीं कांग्रेस के दिवंगत पार्षद को छोड़कर 09 पार्षद है।

## औद्योगिक भारत की नींव रखने का श्रेय पंडित नेहरू को : कुलबीर छाबड़ा

**शहर जिला कांग्रेस ने पंडित नेहरू की 60वीं पुण्यतिथि पर कांग्रेस भवन में दी श्रद्धांजलि**

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 28 मई।** विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के शिल्पकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों आईआईटी, आईटीएम जैसी विश्वस्तरीय संस्थाओं के माध्यम से स्वतंत्र भारत को ठोस नींव पर खड़े करने वाले सामाजिक न्याय के मसीहा व हरित क्रांति के जनक भारत के प्रथम प्रधानमंत्री स्व. पं.जवाहर लाल नेहरू की 60वीं पुण्यतिथि पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज जी के निर्देशानुसार, शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में 27 मई सोमवार को कांग्रेस भवन में संगोष्ठी सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चद्रवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि स्थानीय कांग्रेस भवन में पंडित जवाहर लाल नेहरू जी की पुण्यतिथि पर सर्वप्रथम पूर्व प्रधानमंत्री स्व.पंडित जवाहर लाल नेहरू के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर संगोष्ठी सभा की शुरूआत की। इस दौरान कांग्रेसजनों ने पंडित नेहरू के व्यक्तित्व, कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए अपनी बातें रखी। संभागीय प्रवक्ता कमलजीत सिंह पिन्टू ने कहा कि पंडित नेहरू ने देश के लिए अनगिनत विकास संबंधित कार्य किए हैं, उनकी दूरदर्शिता का सबसे बड़ा प्रमाण है हरित क्रांति, श्वेत क्रांति, औद्योगिक नीति के कुशलज्ञाता थे। पंडित नेहरू की सुझबूझ से देश लगातार प्रगति व विकास की ओर अग्रसर हुआ। उनके शासनकाल में आईआईटी, आईआईएम और एम्स जैसे संस्थान की स्थापना व भाखड़ा-नांगल बांध परियोजना, 1956 की औद्योगिक नीति संकल्प का जिक्र किया जाता है। भारत के नवनिर्माण में कांग्रेस नेताओं के खून और पसीना समाहित है। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष रमेश राठौर ने पंडित नेहरू के कार्यों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि विश्व स्तर पर शांतिपूर्ण सहअस्तित्व एवं पंचशील के सिद्धांतों के हितैषी रहे। भारत में सर्वाधिक समय तक प्रधानमंत्री रहते हुए उन्होंने औद्योगिक, सिंचाई तथा अन्य क्षेत्रों में भारत देश को अग्रणी देशों की श्रेणी में ले जाने का श्रेय पंडित नेहरू को जाता है। पंडित नेहरू जी द्वारा छत्तीसगढ़ में भिलाई स्टील प्लांट लगाकर हजारों लोगों को रोजगार दिया। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंड़ित जवाहर लाल नेहरू के पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि आजाद भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू बने और देश में लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए भारत कैसा हो, गरीबों व मजदूरों के लिए कैसी योजनाएं लागू किया जाए देश के नागरिक को कैसे शिक्षित किया जाए, देश की अर्थव्यवस्था कैसे सुदृढ़ हो इस पर लगातार कार्य करते रहे। औद्योगिक भारत की नींव रखने का श्रेय पंडित जवाहर लाल नेहरू को जाता है।

## पाथवे बंद, अधिकारी को बुलाकर मांगी जानकारी



**रायपुर 28 मई।** चौबे कॉलोनी स्वामी आत्मानन्द सरोवर (कर्बला तालाब) को सौंदर्यीकरण के नाम पर तालाब के एक ओर के पाथवे को बन्द कर तालाब को पाटे जाने की शिकायत मिलने पर भाजपा पार्षद दल नेता प्रतिपक्ष श्रीमती मीनल चौबे के नेतृत्व में आज 12 बजे पहुँच कर जोन आयुक्त और स्मार्ट सिटी के अधिकारियों को मौके पर ही बुलाया। आम जनता के लिए बनाए गए वाकिंग पाथवे को बन्द कर उसमें पड़ी निर्माण सामग्री को दिखाते हुए पूछा कि इस निर्माण की जानकारी आपको है या नही इस पर अधिकारियों ने अनभिज्ञता जाहिर की तब भाजपा पार्षद दल ने अवैध निर्माण की सामग्री लोहे के छड़ , सीमेंट इत्यादि की जब्ती कराते हुए कहा कि हम तालाब की एक इन्च भी जमीन पटने नही देंगे । भाजपा पार्षदों में प्रमुख रूप से उपनेता मनोज वर्मा ,प्रवक्ता मृत्युंजय दुबे , क्षेत्रीय पार्षद अमर बंसल , दीपक जायसवाल , भोला साहू , रजयन्त ध्रुव , सुमन राम प्रजापति , सरिता दुबे , गोदावरी गज्जू साहू , अनिल सोनकर इत्यादि शामिल रहे ।

### मरीजों के लिए कोटा स्टेडियम में आयोजित हुआ रक्तदान शिविर

**रायपुर. 28 मई।** डॉ. भीमराव अंबेडकर स्मृति चिकित्सालय स्थित मॉडल ब्लड बैंक सेंटर एवं पांचजन्य संतति विकास सेवा समिति छत्तीसगढ़ के सहयोग से, सरगुजा संभाग से आने वाले जरूरतमंद मरीजों के लिए, रविवार को कोटा स्टेडियम रायपुर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस रक्तदान शिविर में 10 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। पांचजन्य संतति विकास सेवा समिति छत्तीसगढ़ की तरफ से कैंप का कार्यभार श्री रवीश गुप्ता ने और मॉडल ब्लड (बैंक) सेंटर की तरफ से डॉ. अविरल मिश्रा की निगरानी में संपन्न हुआ। रक्तदान शिविर की टीम में डॉ. नागश्री, डॉ. कुसुमलता, डॉ. सारांश, डॉ. संस्कृति, डॉ. संस्कार , नूरानी खान, जितेन्द्र यादव, लोमश, हेमा कश्यप, भूमिका यादव, शोभाराम साहू, लखपति पटेल,राकेश बंजारे, राकेश शर्मा, पैरामेडिकल स्टाफ में शुभम, सिद्धार्थ, हेमा, वंदना थे।

**निगम व यातायात की टीम ने गुरूद्वारा चौक से महावीर चौक तक अनाधिकृत खड़े वाहन व अवैध रूप से रखे 18 ठेला खोमचा हटाये**

## फ्लाई ओव्हर के नीचे से अतिक्रमण हटाने कार्रवाई की

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 28 मई।** जी.ई.रोड फ्लाई ओव्हर के नीचे अनाधिकृत रूप से खडे वाहन एवं अवैध रूप से रखे ठेला खोमचा हटाने गत सप्ताह निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता द्वारा गाडी मालिकों एवं संबंधित ठेला खोमचा वालों से हटाने अपील किये थे। जिसको मूर्त रूप देने आज नगर निगम एवं यातायात की टीम फ्लाई ओव्हर के नीचे गुरूद्वारा चौक से महावीर चौक तक अनाधिकृत खडे वाहन व 18 ठेला खोमचा हटाने की कार्यवाही किये, जो वाहन नहीं हटाये गये उसे हटाने वाहन मालिकों को समझाईस दी गयी। इस संबंध में जिलाधीश श्री संजय अग्रवाल द्वारा भी फ्लाई ओव्हर के नीचे साफ सुथरा व सुंदर कर पार्किंग के लिये व्यवस्थित करने के निर्देश दिये गये थे।

फ्लाई ओव्हर के नीचे से वाहन व ठेला खोमचा हटाने जिलाधीश श्री अग्रवाल एवं निगम आयुक्त श्री गुप्ता के निर्देश पर आज नगर निगम की अतिक्रमण हटाव टीम के प्र.सहायक अभियंता श्री दिलीप मरकाम, उप अभियंता श्री दीपक महला, श्री अनिमेष चंद्राकर, श्री अनुप पाण्डे, श्री अशोक देवांगन, श्री तिलकराज ध्रुव, सह.उद्यान प्रभारी श्री दीलिप गिरी, समयपाल श्री चिराग मेश्राम, प्र.पटवारी श्री मिलिन्द रेड्डी व श्री गणेश झा तथा यातायात विभाग के ए.एस.आई. श्री शरद कुमार मसीह व श्री एन.लाल चंद्राकर टीम के साथ फ्लाई ओव्हर के नीचे पहुचे और गुरूद्वारा चौक से महावीर चौक तक अनाधिकृत रूप से रखे 18 ठेले खोमचे व दुकान संचालित करने वाले ठेला हटाया गया। जिसमें से 15 ठेलावालो ने स्वयं अपना ठेला हटा लिये तथा 3 ठेला जप्त की गयी। इसी प्रकार बेतरतीब खड़े वाहनों में 4 वाहन वाहन मालिक द्वारा हटाया गया तथा अन्य वाहन हटाने संबंधितों को समझाईस दी गयी। नही हटाने की स्थिति में यातायात विभाग द्वारा हटाने की कार्यवाही की जावेगी।

कार्यवाही के संबंध में निगम आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि फ्लाई ओव्हर को साफ सुथरा व व्यवस्थित रखने तथा सुनियोजित पार्किंग के लिये अनाधिकृत खडे वाहन तथा ठेला आदि हटाने अपील की गयी थी, जिसे मूर्त रूप देने निगम एवं यातायात की संयुक्त टीम गाडी एवं ठेला आदि हटाने की कार्यवाही किये। उन्होंने बताया कि आज प्रथम दिन गुरूद्वारा चौक से महावीर चौक तक हटाया गया, कल महावीर चौक से आगे हटाने की कार्यवाही की जावेगी। आयुक्त श्री गुप्ता ने अपील करते हुये कहा है कि जिन लोगों की वाहने फ्लाई ओव्रह के नीचे खडी है और जिनके द्वारा अनाधिकृत रूप से ठेला खोमचा व अन्य समान रखा गया है, वे कृपया स्वयं हटा लेवे, ताकि फ्लाई ओव्हर के नीचे पार्किंग का निर्माण कर साफ सुथरा तथा व्यवस्थित रखा जा सके।

## समाचार संक्षेप

### लेबर कालोनी व तुलसीपुर क्षेत्र में निगम आयुक्त ने सफाई व निर्माण कार्य का लिया जायजा



**राजनांदगांव 28 मई।** निगम के अधिकारी प्रतिदिन सुबह साफ सफाई एवं निर्माण कार्यो का वार्डो मे निरीक्षण कर निर्माण कार्य जल्द पूर्ण करने तथा सफाई व्यवस्था में गुणात्मक सुधार के लिये संबंधित को निर्देशित कर रहे है। निरीक्षण की कडी में आज निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता वार्ड नं. 16 लेबर कालोनी एवं वार्ड नं. 17 तुलसीपुर क्षेत्र में सफाई एवं निर्माण का जायजा लेकर समय सीमा में कार्य पूर्ण कराने के निर्देश अधिकारियों को दिये। आयुक्त श्री गुप्ता राम मंदिर के पीछे स्थित एसएलआरएम सेन्टर का निरीक्षण कर कचरा देख घर से ही गीला सुखा अलग अलग कचरा लेने स्वच्छता दीदीयों को निर्देशित किये। उन्होंने सेन्टर प्रभारी से कहा कि लोगों को अलग अलग कचरा देने समझाईस देवे, समय में कचरा का निपटान करे। उन्होंने लेबर कालोनी तथा तुलसीपुर क्षेत्र, सिविल लाईन में सफाई व्यवस्था का जायजा लेकर हाजरी रजिस्टर की जॉच कर अनुपस्थित कर्मचारी के संबंध में जानकारी ली, और कहा कि स्वच्छता निरीक्षक, सफाई दरोगा, वार्ड प्रभारी प्रतिदिन सफाई की मानिटरिंग करे और निर्धारित समय तक सफाई करावे, अपालन पर संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही करे। उन्होने सार्वजनिक शौचालय का निरीक्षण कर साफ सफाई रखने, पानी की पर्याप्त व्यवस्था रखने, दरवाजा मरम्मत करने संचालक को निर्देशित किये।आयुक्त श्री गुप्ता लेबर कालोनी तुलसीपुर क्षेत्र में निर्माण कार्यो के निरीक्षण के दौरान लेबर कालोनी में निर्माणाधीन सामुदायिक भवन, उद्यान तथा ठा.प्यारेलाल स्कूल में अतिरिक्त कक्ष के अलावा बख्तावर चाल में सीमेंट कांक्रिटिंग रोड निर्माण देख कार्य में तेजी लाकर जल्द पूर्ण करने कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके को निर्देशित किये। उन्होंने कहा कि सिविल लाईन पानी टंकी के सामने लाईन में पेवर ब्लाक लगाने स्टिमेंट तैयार करे तथा अप्रारंभ कार्य प्रारंभ करने संबंधित ठेकेदार को नोटिस जारी करे। निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता श्री प्रणय मेश्राम, उप अभियंता श्री दीपक महला व श्री अनुप पाण्डे, वरष्ठि स्वच्छता निरीक्षक श्री राजेश मिश्रा, जिला समन्वयक एसबीएम श्री देवेश साहू व श्री कीर्तन साहू, सह उद्यान प्रभारी श्री दिलीप गिरी व स्वास्थ्य अमला उपस्थित था।

### सिनेमा लाइन स्ट्राइकर्स ने जीता डीपीएल सीजन-2 का खिताब



**डोंगरगांव 28 मई।** युवा प्रतिभा प्रोत्साहन संगठन द्वारा आयोजित डीपीएल सीजन 2 फ्लड लाइट क्रिकेट लीग का हुआ समापन।हजारों दर्शक ने अंतिम फाइनल मैच के मनोरंजन का लुत्फ उठाया। 12 टीम में साकेत धाम चार्जर्स, बोधिटोला सुपरजायंट्स,सदर लाइन स्टार्स,सिनेमा लाइन स्ट्राइकर्स बनी सेमी फाइनलिस्ट, वही सिनेमा लाइन स्ट्राइकर्स और बोधिटोला सुपरजायंट्स के बीच फाइनल मुकाबला खेला गया जिसमें ऑनर दुष्यंत साहू व कैप्टन लोकेश वर्मा की टीम सिनेमा लाइन स्ट्राइकर्स ने बाजी मारते हुए 14 गेंद पहले ही मैच जीत कर खिताब अपने नाम कर लिया।ऑनर शीतल लोढ़ा और कैप्टन गिरजाशंकर की टीम बोधिटोला सुपरजायंट्स ने अपने अच्छे प्रदर्शन के साथ उपविजेता रही। आयोजन समिति के मार्गदर्शक व संरक्षक विधायक दलेश्वर साहू ने समस्त अतिथिगण,दर्शकगण,सहयोगियों और आयोजन समिति को सफल आयोजन की बधाई के साथ आभार प्रकट किया। वही समिति के मुख्य संचालक रजत साहू सहित अब्दुल करीम,अमित ठाकुर,शशांक खोबरागढ़े,विशाल सोनी,सद्दाम खत्री,महेंद्र भोसले,वैभव बोरकर,नवीन अग्रवाल,रोशन पटेल,सोमन साहू,सोमिल,प्रणव साहू व टीम का आयोजन को सुचारू रूप से संचालित कराने में मुख्य भूमिका रही। अंतिम दिन ईनामो की रही भरमार,विजेता टीम को डीपीएल ट्रॉफी 50 हजार नगद के साथ गिफ्ट हैंपर दिया गया। उपविजेता को स्मृति चिन्ह,गिफ्ट हैंपर के साथ 25 हजार व अन्य नगद पुरस्कार दिया गया। मीडिया प्रभारी रवि शुक्ला से प्राप्त जानकारी के अनुसार बेस्ट महिला दर्शक का खिताब निशा नखत व प्रभा दिवेदी को मिला, बेस्ट दर्शक पुरुष वर्ग का खिताब जावेद खान जी के नाम हुआ,बेस्ट अनुशासित टीम ऑनर संदीप जैन व कैप्टन जैरी की टीम मटिया कैपिटल्स को मिला,मैन ऑफ द सीरीज व बेस्ट बॉलर का खिताब सत्यराज ने अपने नाम किया,फाइनल के मैन ऑफ द मैच रहे टामन ठाकुर,बेस्ट नवोदित प्लेयर का अवार्ड ईशान उईके ने पाया,बेस्ट बैट्समैन गिरिजाशंकर उईके,बेस्ट ऑलराउंडर लोकेश वर्मा,बेस्ट फील्डर गोल्डी वैष्णव,बेस्ट कैचर टिकेश कुमार ने अपने नाम किया सभी खिलाड़ियों ने अवार्ड के साथ गिफ्ट व नगद पुरस्कार भी प्राप्त किए। आयोजन समिति द्वारा सभी टीम के ऑनर,स्पॉन्सर्स व सहयोगकर्ता शैलेश जैन,योगेश जैन,इरफ़ान कुरैशी,हरीश द्विवेदी,संजय मुटकुरे,अनिल रूपलानी,लक्ष्मण कदम का मंच में सम्मान किया गया।

### भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने ली वीडियो कांफ्रेंसिंग से बैठक

**राजनांदगांव 28 मई।** भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री राजीव कुमार ने आज वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी राज्यों के सीईओ, लोकसभा क्षेत्र के निटर्निंग ऑफिसर, सभी जिलों के डीईओ की बैठक ली। इस दौरान कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफिसर श्री संजय अग्रवाल कलेक्टोरेट के एनआईसी कक्ष से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे। मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री राजीव कुमार ने अधिकारियों को शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक मतदान संपन्न होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि मतगणना के लिए सभी अधिकारी भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें। मतगणना के लिए सभी अच्छी तैयारी रखें। सावधानी सजगता के साथ स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप मतगणना का कार्य निष्पक्ष तरीके से होना चाहिए। टीम इसके लिए अच्छा कार्य करें। कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफिसर श्री संजय अग्रवाल ने सभी अधिकारियों को मतगणना की तैयारी के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप मतगणना का कार्य सजगता एवं सर्तकता से करना है। मतगणना के दौरान मतगणना कक्ष में मोबाईल प्रतिबंधित रहेगा। उन्होंने अधिकारियों को राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों तथा एजेंट के आने जाने तथा आवश्यक जानकारी से अवगत कराने के निर्देश दिए। उन्होंने मतगणना की तैयारी के लिए सभी अधिकारियों को अच्छी तरह प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्री इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री खेमलाल वर्मा, ईडीएम श्री सौरभ मिश्रा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## संपादकीय

# चार शूटर गिरफ्तार वाहवाही तो होगी ही ...

कोई भी सरकार हो अगर उसके कार्यकाल में बड़े अपराधियों का यदि अपराध करने के पहले पकड़ लिया जाता है तो इससे सरकार की वाहवाही तो होती ही है। हर राज्य मे यह अपेक्षा की जाती है कि कानून व्यवस्था ऐसी होनी चाहिए कि यदि कोई बड़ा अपराधी बड़ा अपराध करने की योजना बना रहा है तो उसे पुलिस अपराध के पहेल पकड़ लें ऐसा होता है तो माान जाता है कि राज्य पें पुलिस चौकस है, कानून व्यवस्था की स्थिति अच्छी है। सरकार अपने नागिरकों की सुरक्षा करने में सक्षम है। लारेंश विश्नोई और अमन साहु गैंग के चार शूटरों को रायपुर पुलिस ने अपराध करने के पहले गिरफ्तार कर वाहवाही का काम तो किया है। इससे रायपुर पुलिस की प्रतिष्ठा बढेगी,उसकी कार्यकुशलता की तारीफ तो होगी ही। बताया जाता है कि विश्लनोई व साहू गैग ने छत्तीसगढ़ व झारखंड के कोल व्यापारियो से प्रोटेकेशन मनी के रूप में पचास करोड़ रुपए की मांग की थी। उन्होंने यह प्रोटेक्शन मनी देनै से इंकार कर दिया था इसिलए विश्नोई व साहू गैंग ने उनको मारने के लिए तीन राजस्थान व एक झारखंड से शूटर भेजा था। रायपुर पुलिस को उनके रायपुर आने व कोई बड़ा कांड करने की सूचना मिली थी, इस आधार पर रायपुर पुलिस ने इनका अपराध करने के पहले पकड़ने की योजना बनाई और चारों को गिरफतार कर लिया। यह रायपुर पुलिस की बड़ी सफलता है क्योंकि उसने राजधानी रायपुर में एक बड़ा अपराध होने नहीं दिया। इससे साय सरकार व रायपुर की सराहना इस बात के लिए तो होगी ही कि उन्होंने अपराध करने वाले अपराधियों को पकड़ लिया। इसका परिणाम यह होगा कि अब देश के दूसरे राज्यों से अगर किसी गैंग के गुर्गे रायपुर कोई बड़ा अपराध करने को सोचेंगे तो वह सोच कर जरूर डरेंगे की रायपुर पुलिस तो दूसरे राज्य के अपराधियों को जुर्म करने से पहले पकड़ लेती है। यानी दूसरे राज्य के अपराधी छत्तीसगढ़ में अपराध करने की सोच रहे होंगे तो वह सोचने से डरेंगे। अगर चारों शूटर अपना काम करने में सफल हो जाते तो क्या होता। छत्तीसगढ़ के कारोबारियों का रायपुर पुलिस से भरोसा उठ जाता कि यह हमारी रक्षा कर सकती है। दूसरे राज्य के अपराधियों को भी संदेश जाता कि छत्तीसगढ़ मे कोई भी बड़ा अपराध किया जा सकता है।वहां के कारोबारियों को डराया जा सकता है, उनसे करोड़ों की रंगदारी वसूल की जा सकती है। किसी राज्य में कोई अपराध होता है तो संदेश जाता है कि यहा अपराध किया जा सकता है। इसी तरह अपराध करने से पहले अपराधियों को पकड़ लिया जाता है तो यह संदेश जाता है कि यहां अपराध नहीं किया जा सकता।विश्नोई व साहू गैंग के चार शूटरों के अपराध के पहले पकड़े जाने से यह संदेश जरूर गया है कि छत्तीसगढ़ में साय सरकार के रहते अपराध करना आसान नहीं है। पांच महीने का कार्यकाल में 120 नक्सलियों के मारे जाने, 153 की गिरफ्तारी व 375 के सरेंडर करने से साय सरकार की इस बात के लिए पूरे देश में तारीफ हो रही है कि बस्तर को नक्सलमुक्त बनाने के लिए सांय सांय नक्सलियो का सफाया हो रहा है। अमित शाह ने कहा है तो दो साल में बस्तर में नक्सलियों का सफाया कर दिया जाएगा तो साय सरकार इस लक्ष्य को हासिल करने मे लगी हुई है। नक्सलियों के सफाए से राज्य की पुलिस व सुरक्षाबलों की तारीफ तो हो ही रही थी, अब शूटरों के पकड़े जाने से राज्य पुलिस की तारीफ होगी ही। कहा जाता है कि राज्य का नेतृव बदलने से भी बहुत कुछ बदलता है तो छत्तीसगढ़ में सीएम साय के नेतृत्व में बहुत कुछ बदला है तथा आगे भी बहुत कुछ बदलने की उम्मीद की जा सकती है।



## पर्यावरण

आयुषी दवे

# दुनिया और कितनी गर्मी झेलने को तैयार है?



दुनिया और कितनी गर्मी झेलने को तैयार है? यह सवाल बेहद गंभीर है और लोग इससे कब तक बेखबर रहेंगे यह समझ से परे है। अब तो इंसान क्या दूसरे जीव, जन्तु भी गर्मी से बेहाल होकर इस कदर बेकाबू हो रहे हैं कि कई तरह की तबाहियों का कारण बने हुए हैं। लेकिन हम हैं कि अपनी प्यारी धरती की तपिश को बजाए कम करने के और बढ़ाए जा रहे हैं। दुनिया में क्या धरती का तापमान बढ़ाकर ही विकास की कहानी लिखी जा सकती है?

क्या दुनिया में अबकी बार साल 2023 से अधिक गर्म 2024 कहलाएगा? जलवायु शोधकर्ता इसी पर चिंतित हैं। हमें नहीं भूलना चाहिए कि वैज्ञानिकों ने ही खुलासा किया था कि पिछले साल उत्तरी गोलार्ध में इतनी गर्मी पड़ी कि करीब 2,000 साल का रिकॉर्ड टूटा और इसीलिए 2023, धरती पर अब तक का सबसे गर्म वर्ष कहलाया। अब इंग्लैंड में रोहेम्पटन विश्वविद्यालय का सामने आया नया शोध बेहद चिंताजनक है जो बताता है कि जब पृथ्वी का बाहरी तापमान 40 डिग्री सेल्सियस पार हो जाता है तो इंसान का शरीर इससे ज्यादा गर्मी सहन करनी की शक्ति खोने लगता है। इसके चलते कई अंग प्रभावित होने लगते हैं। अनेकों चिकित्सकीय शोधों से भी साफ हो चुका है कि मानव शरीर अनुकूल परिस्थितियों तक ही तापमान सहजता से सहन कर पाता है। प्रतिकूल परिस्थितियों में कई अंगों के प्रभावित होने या शिथिल या काम बंद कर देने के खतरे बढ़ जाते हैं। सबको पता है कि शरीर का 70 फीसदी से ज्यादा हिस्सा जलतत्व से निर्मित है। यही शरीर के तापमान को स्थिर बनाए रखने के लिए गर्मी से मुकाबला करते हैं। इसका साधारण उदाहरण शरीर में गर्मी लगते ही पसीना आना है। लेकिन जब शरीर में मौजूद जलतत्व, पसीना बनकर उड़ जाएगा तो स्वाभाविक है कि शरीर में पानी की कमीं होगी। यह निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। वहीं शरीर के कई ऐसे संवेदनशील आंतरिक अंग हैं जो पानी या जलतत्व के निश्चित मात्रा में रहे आने पर ही सुचारू पूर्वक काम करते हैं। जब भीषण गर्मी में लगातार शरीर में पानी की आवश्यक मात्रा को बनाए रखना अनजाने या मजबूरी में संभव नहीं हो पाता है तब इसका असर हमारे आंतरिक अंगों पर भी पड़ता है। इससे शरीर कई गंभीर बीमारियों का अनायास शिकार हो जाता है।

शरीर में जलतत्व की कमीं का प्रभाव लोगों पर सेहत के हिसाब से अलग-अलग पड़ता है। किसी को चक्कर आता है तो कोई सिरदर्द की शिकायत करता है। कई बेहोश हो जाते हैं तो किसी की नाक से खून आ जाता है। कई लोगों को सांस में दिक्कत होने लगती है। कई कारण हैं जो बाहर से तो समझ आ जाते हैं लेकिन आंतरिक अंगों पर पड़ने वाले गंभीर दुष्परिणाम बाहर न तो दिखते हैं और न ही जल्द समझ आते। यही बहुत हानिकारक होते हैं। सांस फूलने से हृदय में रक्त का प्रवाह अनियमित हो जाता है। फेफड़ों पर भी बुरा असर पड़ता है। रक्तचाप भी अनियंत्रित हो जाता है और मौत तक संभव है।

हम भारत के संदर्भ में इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी को देखें तो इससे जहां आम मध्यम लोगों में गुर्दों पर बुरा असर पड़ने के साथ हृदय या सांस संबंधी बीमारियां एकाएक बढ़ सकती हैं। वहीं गरीबों या आर्थिक रूप से कमजोर बच्चे, बुजुर्ग, गर्भवती महिलाएं, किसान और रोजाना कमाने खाने वाले मजदूर इसके ज्यादा शिकार होते हैं। अब भारत में गमिर्यों में पहाड़ों वह भी ठण्डे इलाकों के जंगलों में लगातार आग की घटनाएं और भी ज्यादा चिंताजनक हैं।

ऐसा नहीं है कि गर्मी को लेकर चिंता केवल भारत में ही सबसे ज्यादा है। यूरोप के तो आंकड़े सामने हैं जब 2022 की गमियों में करीब 61,000 लोगों की मौत हुई। वहां भी कुछ वर्षों में तेज गर्मी के चलते जंगलों में भीषण आग लग रही है। बड़े पैमाने पर सूखा पड़ रहा है। यह सब बेहद चिंताजनक है।

सोचिए, इस स्थिति में पहुंचने के बाद भी हम कब तक अनजान रहेंगे? सबको पता है कि विकास के नाम पर हो रहे ताबड़तोड़ निर्माण और प्राकृतिक संरचनाओं से लगातार छेड़छाड़ के अलावा बेतहाशा कार्बन उत्सर्जन जिनमें प्राकृतिक संसाधनों जैसे जीवाश्म ईंधन जलाने, जंगलों को काटने और पशुधन की खेती से जलवायु और पृथ्वी के तापमान पर तेज प्रभाव पड़ रहा है। इससे वायुमंडल में प्राकृतिक रूप से मौजूद ग्रीनहाउस गैसों में भारी मात्रा में प्रदूषित गैसें, धुंआ आदि जुड़ जाती हैं और ग्रीनहाउस प्रभाव और 'भूमण्डलीय ऊष्मीकरण' यानी ग्लोबल वार्मिंग बढ़ जाती है। प्राकृतिक गैसों, पेट्रोलियम, कोयला, खनिज व दूसरे तत्वों के लगातार दोहन और उपयोग से निकलती प्रदूषित गैसों और दूसरे हानिकारक तत्वों से दूषित होते वायुमण्डल के अलावा निरंतर छलनी होते जंगल, पहाड़, नदियां अन्य अनेकों प्राकृतिक संपदाओं का क्षरण, दोहन तापमान बढ़ाने के लिए जिम्मेदार हैं।

इसी बेतरतीब दोहन से निरंतर बढ़ता कार्बन उत्सर्जन भूतल से लेकर नभ तक प्रदूषित कर रहा है। प्रकृति का सारा का सारा प्राकृतिक नियंत्रण डगमगाया हुआ है। जलवायु परिवर्तन पर नजर रखने वाले 99 प्रतिशत से ज्यादा वैज्ञानिक मानते हैं कि इसका सबसे अहम कारण इंसानी करतूते हैं जो कंक्रीट के विकास के दिखावे के लिए विनास की गाथा लिख रहे हैं।



ग्लोबल वॉर्मिंग से निपटने के लिए दुनिया के क्षत्रपों के पास बड़ी-बड़ी कागजी योजनाएं हैं। पेरिस जलवायु समझौता-2015 अहम है जो उत्सर्जित ग्रीनहाउस गैसों की मात्रा को सीमित करने पर केन्द्रित है। लेकिन इसे 10 साल होने को हैं पर लगता है कि क्या किसी भी देश ने इस पर ठोस काम किया? जवाब आपके पास भी है। ऐसे में भला कैसे बढ़ता तापमान नियंत्रित होगा, कैसे प्रकृति से इंसाफ होगा और कैसे हम अपनी भावी पीढ़ी को न्याय की गारण्टी दे पाएंगे? निश्चित रूप से जब तक पूरी दुनिया में एक-एक इंसान इसे नहीं समझेगा, तब तक विनाश की ओट में विकास की पल-पल लिखी जा रही गाथा भी नहीं रुकेगी। लगता नहीं कि फिर हम जानते हुए, भविष्य में रुग्ण, अशक्त मानव बस्तियों के कंक्रीट महलों की तैयारी में हैं।

**(लेखिका इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन इंजीनियर हैं।)**

## आज का राशिफल

मेष राशिःआज का दिन आपके लिए खुशहाल रहने वाला है। नौकरी कर रहे लोगों को अपनी नौकरी में उच्च अधिकारियों के द्वारा शुभ समाचार मिलेगा। जो लोग जॉब की तलाश में हैं उनको अच्छा रोजगार मिलने के योग बन रहे हैं। मित्रों की सहायता से आपको नए-नए कांटेक्ट मिलेंगे। आप अपने व्यापार को आगे बढ़ाने में कामयाब रहेंगे। शिक्षा के क्षेत्र में सफलता मिलेगी। परिवार का सहयोग मिलेगा। अपने बिजी दिन में कुछ समय अपने लिए निकालेंगे, उस समय में अपना पसंदीदा कार्य करेंगे।

वृष राशिः आज का दिन आपके लिए आनंदायक रहने वाला है। आज आपको अपनी वाणी की मधुरता को बनाए रखना है। कोई मित्र आपसे मिलने आएगा, जिससे मिलकर अपनी पुरानी यादें ताजा होंगी। छात्र खूब मन लगाकर पढ़ाई करते हुए नजर आएंगे। जो लोग घर से दूर रहकर नौकरी कर रहे हैं, उन्हें अपने परिवार की याद आएगी। अगर आपने पहले कोई निवेश किया हुआ है तो उसका पूरा लाभ मिलेगा। बच्चे आज माता से अपने मनपसंद खाने की मांग कर सकते हैं।

मिथुन राशिः आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। अपनी दिनचर्या में सुबह की सैर शामिल करेंगे, जिससे आप अपने आप को काफी ऊर्जावान महसूस करेंगे। कोई रिश्तेदार आपसे आर्थिक मदद मांग सकता है आप उसे निराश नहीं करेंगे। आप अपने रुके हुए सभी कार्यों को पूरा करने में सफल होंगे। घर से जुड़ी योजनाओं पर विचार करने की जरूरत है। जिंदगी की भाग दौड़ में आज आप खुद को खुशनसीब पाएंगे। कोई प्रेरणादाई पुस्तक पढ़ना या फिल्म देखना आज के लिए बढ़िया रहेगा।

कर्क राशिः आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। परिवार के सभी लोग मिलकर किसी पार्टी में सम्मिलित होंगे। किसी खास व्यक्ति से हुई मुलाकात से आपका रुका हुआ काम पूरा हो जायेगा। आज बच्चे स्कूल का काम पूरा करने के लिए आप से मदद ले सकते हैं। आपके जीवनसाथी का प्यारा बर्ताव आपको खास होने का अनुभव कराएगा। जीवनसाथी के साथ मीठी नोक-झोक आपके दिन को खास बना सकती हैं। आज आप कोई मोटिवेशनल पुस्तक पढ़ सकते हैं, जिससे कुछ नया अनुभव महसूस करेंगे।

सिंह राशिः आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपके मकान, प्लॉट, दुकान को खरीदने की इच्छा पूरी होगी7 संतान को अच्छी नौकरी मिलने से माता-पिता काफी खुश नजर आएंगे। काफी समय से चल रही किसी स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्या से आज आपको छुटकारा मिलेगा। बिना किसी अनुभवी शख्स की सलाह के आज ऐसा कोई भी काम ना करें, जिसमें आपको कॉन्फिडेंस न हो। आप ऑफिस से घर वापस आकर अपना पसंदीदा काम कर सकते हैं, इससे आपके मन को शांति मिलेगी। जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने जाएंगे।

कन्या राशिः आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज आपका विनम्र स्वभाव साराहा जाएगा। आपका धन कहां खर्च हो रहा है, इसपर आपको नजर बनाए रखने की जरूरत है। आज आपको बेकार की उलझन में पड़ने से बचने की जरूरत है। आज आप खुद के लिए समय निकालेंगे। जीवनसाथी आज आपसे किसी उपहार की मांग कर सकते है। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा है। सफलता मिलने के योग बने हुये है। स्पोर्ट से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन शानदार रहने वाला है।

तुला राशिः आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आज आप अपने मनपसंद जगह पर ट्रांसफर के लिए आवेदन कर हैं। आज व्यापार में उम्मीद से अधिक लाभ की संभावना है। परिवार में अंडरस्टैंडिंग बढ़ेगी। आज आपके घर पर कोई रिश्तेदार आ सकते है। घर में अच्छा माहौल बना रहेगा। आप अपने जीवनसाथी के साथ छोटी-छोटी बातों में नोंक-झोंक करने से बचें। छात्र पढ़ाई में अच्छे परिणाम के लिए, अपने बड़ों का सहयोग लेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

वृश्चिक राशिः आज आपका दिन आनंद और उत्साह से भरपूर रहेगा। कार्यक्षेत्र में आप अपने काम में कुछ नए विचार लाएंगे। आपका सकारात्मक रवैया ही आपको नौकरी में तरक्की दिलाएगा। आपके बॉस आपको एप्रिशिएट करेंगे। आज हर जगह से आपको काम के लिए ऑफर मिलते दिखायी देंगे। बिजनेस के लिहाज से की गई यात्राएं आपके लिए लाभकारी होगी। आज आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर रहेगी। आज आपकी रचनात्मक प्रतिभा खुलकर सामने आएगी।

धनु राशिः आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपकी धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। आज आप किसी विशेष काम का हिस्सा बन सकते हैं। लंबे समय से फंसा हुआ धन आज आपको वापस मिल सकता है। जो लोग स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े हैं, उनके लिए आज का दिन उत्तम रहेगा। आज आप खुद पर विश्वास करेंगे और अपना पूरा ध्यान केन्द्रित करके काम करेंगे।

मकर राशिः आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। यदि आप कंस्ट्रक्शन के बिजनेस जुड़े हुए हैं तो आपके के लिए लाभ के योग हैं आप अपने काम में कुछ परिवर्तन लाने का मन बना सकते हैं। दांपत्य रिश्ते में नयापन लाने के लिए आज का दिन अच्छा है। आज आप कोई बिजनेस मीटिंग अटेंड करने जा सकते हैं। जिसमें आपको सफलता मिलेगी। आपकी बातों को महत्व दिया जाएगा। वकीलों को आज किसी पुराने क्लाइंट से अच्छा धन लाभ मिलेगा।

कुंभ राशिः आज आपका दिन लाभदायक रहने वाला है। आज मेहनत का परिणाम आपके फेवर में होगा। आज खुद पर ध्यान देंगे। समाज में आपके सराहनीय कार्यों के लिए आपको सम्मनित किया जायेगा। शाम का समय आप अपने परिवार के साथ बिताएंगे, परिवार में हंसी खुशी का माहौल बना रहेगा। अपना ध्यान ईश्वर भक्ति में लगाये मन शांत रहेगा। आज आप जीवनसाथी के साथ अलग-अलग पकवानों का आनंद लेंगे। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

मीन राशिः आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आप फाइनेंस डिपार्टमेंट या सेल्स में काम करते हैं तो आपको आपकी नॉलेज से काफी फायदा होगा। आज आपका वैवाहिक जीवन शानदार रहने वाला है। आज आपके अन्दर कॉन्फिडेंस बना रहेगा। आज कारोबार से जुड़े कुछ जरूरी काम पूरे होंगे, आप नए काम पर पूरा फोकस करेंगे। आज आप बच्चों से कोई नई बात सीख सकते हैं। साथ ही जीवनसाथी की अपेक्षाओं पर खरा उतरेंगे। ऑफिस में लोग आपके कार्यक्षमता से प्रभावित होंगे।

## व्यंग्य

# अभी भी हैं ऐसे गाँव

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'

हमारे गाँव में, कुत्तों ने भी भौंकना छोड़ दिया है। वे जानते हैं कि अब उन्हें सुनने वाला कोई नहीं है। कभी जीवंत समुदाय की चुप्पी अब खाली गलियों में गूंजती है। यहां तो छाया भी हमें छोड़ चुकी है। हमारे गाँव में जीवन एक म्यूजिकल चेयर के खेल की तरह है, जिसमें आशा को हराकर हर बार निराशा ही जीत जाती है। गाँव में रहना ऐसा है जैसे आप किसी अंतहीन नाटक में मुख्य भूमिका निभा रहे हैं और त्रासदी यह है जिसमें कोई कमर्शियल ब्रेक नहीं है। पड़ोसियों की फुसफुसाहट और बूढ़ों की आहें इस नाटक को खोलती हैं, जो अपने बरामदों में बैठकर हंसते और आशाओं से भरे दिनों की यादें ताजा करते हैं। यह इतना छोटा है कि जनगणना करने वाला हमें खोजने के लिए मैग्निफाइंग ग्लास का उपयोग करता है, लेकिन अब वह भी आना बंद कर चुका है। गाँव में रहने वालों के दिन का मुख्य आकर्षण गाय का चरना देखना है। ऐसे पलों की सादगी ने कभी खुशी दी थी, लेकिन अब यह केवल याद दिलाता है कि हम किस जीवन से वंचित हैं। हमारे गाँव में, केवल एक चीज जो खरपतवारों से तेज बढ़ती है, वह है गपशप। जो कहानियाँ हम बुनते हैं वे धागे हैं जो हमें पूरी तरह से टूटने से रोकती हैं। आपने सच्चे एकांत का अनुभव तब तक नहीं किया है जब तक आपने बिना वाई-फाई वाले गाँव में जीवन नहीं बिताया है। बाहरी दुनिया से एकदम कटा हुआ है, और अकेलापन गहरा है। हमारे गाँव में, केवल एक चीज जो हवा से तेज यात्रा करती है, वह है मजेदार गपशप। लेकिन अब उसकी भी मोहकता खत्म हो चुकी है क्योंकि कहानियाँ दोहराई जाने लगी हैं। गाँव में रहना ऐसा है जैसे आप एक समय यात्रा में फंसे हों, जहां प्रगति केवल एक दूर का सपना है। हमारा गाँव इतना दूर है कि यहां तक कि गूगल मैप्स भी हमें खोजने की कोशिश छोड़ देता है। दुनिया आगे बढ़ चुकी है, हमें पीछे छोड़ते हुए केवल मौसम बदलते हैं। हमारे गाँव में, स्थानीय नाई कस्बे के थेरेपिस्ट की भी भूमिका निभाता है। उसकी कुर्सी ने बाल कटवाने से ज्यादा आँसू देखे हैं। वह धैर्यपूर्वक सुनता है, वही सांत्वना और सलाह के शब्द देता है। किसी का बेटा शहर गया है तो किसी का पिता। वह उन्हें झूठा ढांढस बंधाता है कि वे दशहरे या दीपावली को लौटेंगे। सारे त्यौहार कैलेंडर में बदलते हैं, हकीकत में कुछ नहीं बदलता है। गाँव में जीवन ऐसा है जैसे एक मछली का एक्वेरियम में रहना, जहां हर कोई देख रहा है और कोई भी काँच को साफ करना नहीं चाहता है।गाँव का एकमात्र मनोरंजन दीवार पर रंग सूखते हुए देखना है। यहाँ की नीरसता केवल कभी-कभार के अफवाहों से टूटती है, जो हंसी से तेज फैलती है। गाँव में रहना ऐसा है जैसे आप एक अंतहीन पारिवारिक पुनर्मिलन में फंसे हों, जहां हर कोई आपके व्यवसाय के बारे में जानता है, लेकिन चाहकर भी आपके लिए कुछ नहीं कर सकता है। हमारा गाँव इतना छोटा है कि एकमात्र परेड हमारे पास तब होती है जब गायें घर लौटती हैं। ऐसी घटनाओं की सादगी ने कभी हमें एकजुट किया था, लेकिन अब यह केवल हमारे अलगाव को उजागर करता है। आपने सच्चे अकेलेपन का अनुभव तब तक नहीं किया है जब तक आपने रात में हमारे गाँव की सुनसान गलियाँ नहीं नापी हैं। चुप्पी कानों को बहरा कर देती है, और खालीपन सर्वग्राही है।

हमारे गाँव में, केवल एक चीज जो परंपराओं से ज्यादा पुरानी है, वह है तकनीक। हर पत्थर और हर चेहरे में अतीत संरक्षित है, लेकिन भविष्य अनिश्चित है। गाँव में जीवन ऐसा है जैसे आप एक संग्रहालय में रह रहे हैं, जहां अतीत को संजोया जाता है, लेकिन भविष्य एक दूर का सपना है। गाँव में शहरों के पबों की तरह नाइटलाइफ संगीत होता है, लेकिन झींगुरों का। यहाँ इतनी शांति है कि आप एक मील दूर से एक पिन गिरने की आवाज सुन सकते हैं। गाँव में रहना ऐसा है जैसे आप एक रियालिटी शो में हों, लेकिन इसमें कोई पुरस्कार राशि नहीं है और कोई रास्ता नहीं है। हर दिन एक-दूसरे से मिलते-जुलते होते हैं। हर दिन पिछले दिन का प्रतिबिंब होता है। हमारे गाँव में, केवल एक चीज जो खेतों से ज्यादा बंजर है, वह है बेहतर कल की आशा। हमारे जो सपने कभी थे, वे हमारी फसलों की तरह मुरझा चुके हैं। आप जानते हैं कि आप गाँव में हैं जब साल का सबसे बड़ा उत्सव वार्षिक गाय सुंदरता प्रतियोगिता होती है। यह एक दुखद याद दिलाता है कि हमारे पास जश्न मनाने के लिए कितना कम है। गाँव में रहना ऐसा है जैसे आप एक समय कैप्सूल में रह रहे हों, जहां प्रगति एक विदेशी अवधारणा है। हमारे गाँव में, केवल एक चीज जो मौसम से ज्यादा अविश्वसनीय है, वह है गाँव की गपशप। कहानियाँ बदलती हैं, लेकिन अंतर्निहित निराशा वैसी ही रहती है। यहाँ यातायात संकेत के नाम पर जिब्रा क्रॉसिंग के स्थान पर गोबर के निशान से बने गाय क्रॉसिंग होता है। यह इतना दूर है कि निकटतम अस्पताल एक दिन की यात्रा वाली दूरी पर है। यहाँ केवल एक चीज जो तालाब से ज्यादा स्थिर है, वह है अर्थव्यवस्था। वे अवसर जो कभी लोगों को यहाँ खींचते थे, वे लुप्त चुके हैं, हमें केवल यादों और पछतावों में रोने के लिए छोड़ दिया गया है। यहाँ का एकमात्र फैशन स्टेटमेंट यह होता है कि कौन सबसे ज्यादा कीचड़ ओढ़े रह सकता है।गाँव में रहना ऐसा है जैसे आप एक बुरे सिटकॉम में हों, जहां चुटकुले बासी हो चुके हैं और हंसी का ट्रैक गायब है। जो हास्य कभी हमारे दिनों को हल्का करता था, वह फीका हो चुका है, जिसे भारी निराशा ने प्रतिस्थापित कर दिया है। हमारे गाँव में, केवल एक चीज जो खच्चरों से ज्यादा जिद्दी है, वह है लोगों की मानसिकता। यहाँ की ब्रेकिंग न्यूज यह होती है कि कौन शादीशुदा है, कौन मरा है, और कौन मुर्गियां चुराते हुए पकड़ा गया। जीवन और मृत्यु के चक्र जारी हैं, लेकिन बेहतर कुछ की आशा लंबे समय से गायब हो चुकी है। हमारा गाँव इतना अलग-थलग है कि बाहरी दुनिया से एकमात्र संबंध कभी-कभार आने वाली हवा की लहर होती है। गाँव में रहना ऐसा है जैसे आप एक समय यात्रा में रह रहे हों, जहां प्रगति एक मिथक है और परंपरा कानून है। वे रीति-रिवाज और अनुष्ठान जो कभी हमें पहचान देते थे, अब जंजीरों की तरह महसूस होते हैं। यहाँ केवल एक चीज जो गरीबी से ज्यादा सामान्य है, वह है हार मान लेना। हमारे जो सपने कभी थे, वे हमारी परिस्थितियों के भार के नीचे दफन हो चुके हैं। यहाँ पक्षी भी रुकना पसंद नहीं करते हैं। चुप्पी और अलगाव हमारे स्थिर साथी बन चुके हैं।

## प्रासंगिक

मनोज कुमार अग्रवाल

# धर्म के चोले में छिपे शैतान समाज के लिए घातक!



उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में छोटा हरिद्वार के नाम से मशहूर गंगनगर घाट पर महिलाओं के चेंजिंग रूम में सीसीटीवी मिलने से हड़कंप मच गया है. ये सीसीटीवी महिलाओं के चेंजिंग रूम में लगा हुआ था. इस मामले में गंगनहर घाट पर स्थित प्राचीन शनि मंदिर के महंत मुकेश गोस्वामी के खिलाफ शिकायत दर्ज कर ली गई है. मामले का खुलासा होने के बाद आरोपी फरार हो गया है।संत-महात्मा देश और समाज को मार्गदर्शन प्रदान करते हैं, परंतु इन दिनों कलियुग का प्रभाव सिर चढ़कर बोल रहा है और संत पुजारी-महात्मा और बाबा के वेश में कुछ अपराधिक प्रवृति वाले लोग धार्मिक चोला पहन कर अनुचित व समाज विरोधी कार्य को अंजाम दे रहे हैं ये असामाजिक तत्व धर्म की आड़ में धर्म के विपरीत आचरण करके असली संत- महात्माओं की बदनामी का कारण बन रहे हैं। जैसा कि आप जानते हैं कि आसाराम बापू, फलाहारी बाबा, कृपालु, गुरमीत राम रहीम सिंह, लिंगायत साधु' शिवमूर्ति मुरुघा शरणारू' तथा जलेबी बाबा आदि को महिलाओं और बच्चियों के यौन शोषण आदि के आरोपों में गिरफ्तार किया जा चुका है, कई अभी भी जेल में बंद हैं जबकि ऐसे बाबाओं के विरुद्ध शिकायतों का सिलसिला लगातार जारी है,आए दिन ऐसे मामलों की झड़ी लगी है जिसमें इन धार्मिक चोला धारी गुंडों की करतूत सामने आ रही है

पिछले दिनों उत्तराखंड में हत्या के आरोप में फरार आरोपी उत्तर प्रदेश के एक मंदिर में साधु बनकर छुपा हुआ था. जिसे उत्तराखंड एसटीएफ ने गिरफ्तार किया है. यह मामला 2018 का है, जहां पर मनीष गुप्ता नाम के युवक ने अपनी बहन के साथ छेड़छाड़ का विरोध किया था तो इस हत्या आरोपी वीर सिंह सैनी ने मनु गुप्ता के सिर पर कुल्हाड़ी मार कर उसकी जान ले ली थी. फिर भाग कर उत्तर प्रदेश चला गया था और उत्तर प्रदेश के एक मंदिर में छुपकर साधु बना बैठा था जिसे उत्तराखंड एसटीएफ ने गिरफ्तार किया।

इसी तरह 30 जून 23 को गुजरात की सूरत पुलिस ने लीक से हटकर पुलिसिंग को अंजाम देते हुए हत्या के मामले में वांछित एक मोस्ट वांटेड को 23 साल बाद पकड़ा है। सूरत के उधना क्षेत्र में हत्या की वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी साधु बन गया था। सूरत पुलिस ने इस मोस्ट वांटेड को पकड़ने के लिए साधु का रूप धारण किया और फिर उत्तर प्रदेश के मथुरा से अरेस्ट किया। इतने सालों से पुलिस को चकमा दे रहे इस हत्यारोपी पर पुलिस ने 45 हजार रुपये का इनाम घोषित किया हुआ था।

12 मार्च, 2024 को पुलिस ने बेंगलुरू में एक 50 वर्षीय महिला को विवाह तथा आर्थिक लाभ का झांसा देकर उससे बलात्कार करने के आरोप में एक गिरजाघर के पादरी राजशेखर (58) के विरुद्ध केस दर्ज किया।महिला का आरोप है कि चर्च में आने के पहले दिन से ही यह पादरी उसका शोषण करता आ रहा था और उसे आर्थिक लाभ दिलाने का झांसा देकर राजशेखर ने उससे लगभग 35 लाख रुपए भी ठग लिए। महिला द्वारा अपनी रकम वापस मांगने पर यह पादरी उसे जान से मारने की धमकियां देने लगा। फिलहाल पादरी फरार है। 5 मई को राजस्थान के पाली जिले में एक मौलवी अब्दुल गनी द्वारा मस्जिद के अंदर एक 19 वर्षीय युवती से बलात्कार किए जाने के संबंध में पीड़िता के परिजनों ने पुलिस में शिकायत लिखवाई।युवती ने आरोप लगाया कि अब्दुल गनी ने मुंह खोलने पर उसे जान से मारने की भी धमकी दी थी। मौलवी के विरुद्ध पुलिस में रिपोर्ट दर्ज होने के बाद से वह फरार है। 11 मई को उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले में एक मौलवी द्वारा मस्जिद में पढ़ने वाली एक युवती के साथ बलात्कार करने और उसका वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने के आरोप में पीड़िता के परिजनों ने मसूरी थाना में शिकायत दर्ज करवाई। 13 मई को चेन्नई में धोखे से एक महिला को कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पिलाकर उससे बलात्कार करने के आरोप में एक धर्मस्थल के पुजारी 'कार्तिक मनुसामी' के विरुद्ध पुलिस ने केस दर्ज किया। उक्त पुजारी ने महिला के गले में माला पहनाकर उसके साथ रिश्ता कायम करके जिंदगी शुरू करने का वायदा किया था परंतु उसे गर्भवती करने के बाद पहले तो उसका गर्भपात करवा दिया और फिर उसे अपने मित्र के साथ भी सैक्स करने के लिए मजबूर किया। 24 मई को गाजियाबाद के मधुबन बापूधाम थानाक्षेत्र में रहने वाली एक महिला ने अपने भाई के ससुर और साली के उत्पीड़न से तंग आकर दोनों के विरुद्ध थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता का आरोप है कि जब वह नहा रही थी, तब उसके भाई के ससुर ने छिपकर उसकी वीडियो बना ली। बाद में उसके आधार पर उसने पीड़िता के साथ जबरदस्ती की और जबरदस्ती करने के भी फोटो खींच लिए। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि अब इन वीडियो और फोटो के आधार पर पिता- पुत्री दोनों ही उसे ब्लैकमेल कर उससे रकमें ऐंठने में लगे हैं। वहीं सबसे ताजा घटनाक्रम के मुताबिक गाजियाबाद के थाना मुरादनगर क्षेत्र में गंगनहर घाट है, इसे छोटा हरिद्वार भी कहा जाता है, जहां बड़ी संख्या में लोग आते हैं. आरोप है नहर में नहाने आई महिलाओ के चेंजिंग रूम में ये सीसीटीवी लगा हुआ था. कैमरे की नजर नीचे की ओर थी. एक महिला की नजर जब इस कैमरे पर पड़ी तो उसने इसका शिकायत की. जिसके बाद पता चला कि ये कैमरा महंत मुकेश गोस्वामी के मोबाइल फोन से कनेक्ट था।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस तत्काल एक्शन में आई. पुलिस ने जब इसकी जांच की तो इस चेंजिंग रूम के पांच दिन का डेटा मिला है. जिसमें महिलाओं के कपड़े बदलने के वीडियो मिले हैं. पुलिस को पता चला है कि ये सीसीटीवी काफी समय से यहां लगा हुआ था. इस मामले का जैसे ही खुलासा हुआ आरोपी महंत मौके से फरार हो गया है. पुलिस ने महिला की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर ली है. पुलिस मामले की जांच में जुट गई है. आरोपी महंत के पर पहले भी कुछ अपराधिक मामले दर्ज हैं. पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कर-के कारर्वाई शुरू कर दी है. वही गाजियाबाद जिलाधिकारी के निर्देशन पर सिंचाई विभाग द्वारा महंत ने जो दुकानें बनाई हुईं थीं उन्हें भी प्रशासन ने बुलडोजर चलाकर ढहा दिया है. हालांकि सभी साधु संत ऐसे नहीं हैं परंतु निश्चय ही ऐसी घटनाएं संत समाज की बदनामी का कारण बन रही हैं लेकिन इसके लिए किसी सीमा तक अंधविश्वास की शिकार महिलाएं भी दोषी हैं, जो इन ढोंगी बाबाओं की बातों में फंसकर इनके झांसे में आ जाती हैं और संतान प्राप्ति, घरेलू समस्या संपत्ति विवाद प्रेम प्रसंग के निवारण जादू टोने आदि के लोभ में अपना सर्वस्व लुटा बैठती हैं।कई बार पड़ोसी के बच्चों की बलि जैसे गंभीर अपराध को भी अंजाम देने के मामले सामने आते रहे हैं लिहाजा इस मामले में महिलाओं को भी सावधानी बरतने की जरूरत है।

## एक नजर

### मतदान के दौरान बूथों में छाया, पेयजल की व्यवस्था में खर्च हुए 47.25 लाख

**उत्तर बस्तर कांकेर, 28 मई।** लोकसभा आम निर्वाचन-2024 अंतर्गत मतदान दिवस के दिन मतदान केन्द्रों में मतदाताओं की सुविधा के लिए छाया एवं पानी की व्यवस्था की गई थी, जिसके लिए 47 लाख 25 हजार 470 रूपए की राशि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अभिजीत सिंह द्वारा जारी कर दी गई है। उक्त राशि जिले के विधानसभावार जनपद पंचायतों एवं नगर पंचायतों को प्रति मतदान केन्द्र 6 हजार 500 रूपए के मान से जारी किए गए हैं। इसके तहत अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र के 221 मतदान केन्द्रों के लिए 14 लाख 36 हजार 500 रूपए, भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए 266 मतदान केन्द्रों हेतु 17 लाख 29 हजार रूपए और कांकेर विधानसभा क्षेत्र के 240 मतदान केन्द्रों के लिए 15 लाख 59 हजार 970 रूपए की राशि जारी की गई है। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा को 144 मतदान केन्द्र के लिए 09 लाख 36 हजार रूपए, नगर पंचायत पखांजूर को 08 मतदान केन्द्र के लिए 52 हजार रूपए, जनपद पंचायत अंतागढ़ को 62 मतदान केन्द्र के लिए 04 लाख 03 हजार रूपए तथा नगर पंचायत अंतागढ़ के 07 मतदान केन्द्र के लिए 45 हजार 500 रूपए की राशि जारी की गई है। इसी प्रकार भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जनपद पंचायत भानुप्रतापपुर को 92 मतदान केन्द्र के लिए 05 लाख 98 हजार रूपए, नगर पंचायत भानुप्रतापपुर को 07 मतदान केन्द्र के लिए 45 हजार 500 रूपए, जनपद पंचायत चारामा को 96 मतदान केन्द्र के लिए 06 लाख 24 हजार रूपए, नगर पंचायत चारामा को 09 मतदान केन्द्र के लिए 58 हजार 500 रूपए तथा जनपद पंचायत दुर्गूकोंदल को 62 मतदान केन्द्रों के लिए 04 लाख 03 हजार रूपए की राशि जारी की गई है। साथ ही कांकेर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जनपद पंचायत कांकेर को 100 मतदान केन्द्र के लिए 06 लाख 50 हजार रूपए, नगर पालिका कांकेर को 23 मतदान केन्द्र के लिए 01 लाख 49 हजार 470, जनपद पंचायत नरहरपुर को 114 मतदान केन्द्र के लिए 07 लाख 41 हजार रूपए तथा नगर पंचायत नरहरपुर को 03 मतदान केन्द्रों के लिए 19 हजार 500 रूपए की राशि जारी की गई है। इस प्रकार जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों में स्थित सभी 727 मतदान केन्द्रों में छाया एवं पेयजल की व्यवस्था के लिए कुल 47 लाख 25 हजार 470 रूपए की राशि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी कर दी गई है।

### बाढ़ अतिवृष्टि आदि से बचाव के लिए जिला स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त

**उत्तर बस्तर कांकेर, 28 मई।** कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह ने आगामी मानसून को दृष्टिगत रखते हुए बाढ़ अतिवृष्टि आदि से बचाव हेतु जिला स्तर पर अपर कलेक्टर श्री जितेन्द्र कुमार कुर्रे को नोडल अधिकारी एवं अधीक्षक भू-अभिलेख श्री नारायण सिंह ध्रुव को बाढ़ नियंत्रण कक्ष का प्रभारी नियुक्त किया है। जिला स्तर पर जिला कार्यालय के कक्ष क्रमांक- 22 में बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना 01 जून से की जाएगी, जिसका संचालन 24 घंटे रहेगा। अतिवृष्टि एवं बाढ़ से संबंधित जानकारी बाढ़ नियंत्रण कक्ष में स्थापित दूरभाष क्रमांक 76479-70445 से प्राप्त की जा सकती है।

### विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस पर जागरूकता रैली निकाली

**जगदलपुर 28 मई।** निशा स्वर वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस पर मंगलवार 28 मई को शहर में विभिन्न आयोजन किया जा रहा है ताकि महिलाओं,युवतियों को जागरूक किया जा सके.निशा स्वर फाउंडेशन के फाउंडर-कोफाउंडर निशा नागवंशी और झरना मोहंती ने सयुक्त रूप से बताया की विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस के तहत विभिन्न आयोजिन किया जा रहा हैं.सुबह 10ः00 बजे महारानी अस्पताल से नुक्कड़ नाटक के साथ जागरूकता रैली निकाली जायेगी जो शहर के संजय मार्केट,मिताली चौक,गोल बाजर,मेन रोड चांदनी चौक से होते हुये महारानी अस्पताल में सम्पन्न होगी,इसके अलावा शाम 5ः00 बजे टाउन हॉल, इंदिरा स्टेडियम के पासः ओपन माइक प्रतियोगिता और सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया हैं.मासिक धर्म स्वच्छता जागरूकता पर नाटक प्रदर्शन और पुरस्कार वितरण भी किया जाएगा,टाउन हाल में आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक किरण देव,बस्तर कलेक्टर विजय दयाराम के,मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रकाश सर्वे,अपर कलेक्टर सीपी बघेल,मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी आर.के चुतुर्वेदी मौजूद रहेगें,सुबह 10 बजे जागरूकता रैली को हरी झंडी महापौर सफीर साहू दिखायेगी,आयोजनकर्ताओं ने बताया की आयोजन का उद्देश्य मासिक धर्म स्वच्छता के बारे में जागरूकता बढ़ाना और समुदाय में स्वस्थ प्रथाओं को बढ़ावा देना है।

# मुठभेड़ में मारे गए नक्सली की पहचान ईनामी आरपीसी मिलिशिया कमाण्डर के रूप में हुई

**सुकमा 28 मई।** जिले के कोंटा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बेलपोच्चा, जिनेतोंग के जंगल में 25 मई को प्रातः लगभग 11 बजे ग्राम मुठभेड़ में 1 अज्ञात पुरूष नक्सली का शव के साथ 1 नग भरमार बंदूक, 1 नग एंड्राइड मोबाईल फोन, 1 नग पिट्ठू जिसके अंदर 3 नग तीर बम, 4 नग इलेक्ट्रिक डेटोनेटर, 4 नग जिलेटिन रॉड, 1 मीटर कोर्डेक्स वायर गांठ लगा हुआ, 1 फीट फ्यूज वायर 4 नग टाईगर बम फटाका, 4 पैकेट टिकली फटाका, 1 गुच्छा बिजली वायर, 1 नग बैग जिसके अंदर नग सोलर प्लेट, 1 नग एलीमीटर, 1 नग टार्च, 2 नग कैंची, नक्सल साहित्य, नग नोट बुक, नक्सली पर्चा, दवाईयां, कपड़े व अन्य दैनिक नक्सल सामाग्री बरामद





किया गया था। उक्त मुठभेड़ में मारे गए नक्सली की शिनाख्तगी जिले के आत्मसमर्पित नक्सलियों व अन्य स्त्रोतों के माध्यम से मुचाकी भीमा पिता मुचाकी कोसा (कोंटा एरिया कमेटी अंतर्गत गोमपाड़ आरपीसी मिलिशिया कमाण्डर, ईनामी एक लाख रूपये, उम्र लगभग 30 वर्ष निवासी किंदरेलपाड़ थाना भेज्जी जिला सुकमा के रूप मे किया गया। जो नक्सल संगठन में जुड़कर विभिन्न नक्सली वारदातों जैसे आवागमन वाले मार्गों को खोद कर अवरूद्ध करना, शासन-प्रशासन के विरूद्ध में नक्सली पर्चा-पाम्पलेट लगाना, ग्रामीणों से डरा-धमका कर लेव्ही वसूली करना आदि वारदातों में शामिल रहा है।

### नक्सलियों ने 2 टावर पर लगाई आग

**नारायणपुर 28 मई।** जिले के छोटेडोंगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गौरदंड और चमेली गांव में नक्सलियों ने रविवार रात लगभग 12 बजे दो मोबाइल टावर को आग के हवाले कर दिया है। जिला पुलिस एवं आईटीबीपी के जवानों को सर्चिंग पर रवाना किया गया है। इसके अलावा नक्सलियों ने बैनर भी लगाया है, नक्सली बैनर में छोटेडोंगर के पद्मश्री वैद्यराज हेमचंद्र मांझी पर निको माइंस में दलाली का आरोप लगाया है। हेमचंद्र मांझी को देश से मार भगाने की बातें बैनर में लिखी गई है। विदित हो कि पद्मश्री हेमचंद्र मांझी के भतीजे कोमल मांझी की नक्सलियों ने पहले ही हत्या कर चुके हैं।

# वंचित वर्गों के लिये संघर्ष करता है भारतीय मजदूर संघ : दिनेश पांडे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 28 मई।**भारतीय मजदूर संघ के जिला इकाई की एक महत्वपूर्ण बैठक पिछले दिनों दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर महावीर चौक में संपन्न हुई। बैठक में जिलेभर में कार्यरत भामस से संबद्ध यूनियनों के पदाधिकारी उपस्थित थें। बैठक को संबोधित करते हुये भामस के प्रदेश महामंत्री दिनेश पाण्डेय ने कहा कि भामस देश के वंचित वर्गो के बीच जाकर उन्हे संगठित कर उनके लिये संघर्ष करता है। यही वजह है कि देश में भारतीय मजदूर संघ मजदूरों व कर्मचारियों का सबसे बड़ा संगठन बनकर उभरा है।

श्री पाण्डेय ने आगे कहा कि देश में असंगठित क्षेत्र के मजदूरों की एक बड़ी संख्या कार्यरत् है, देश की आबादी का लगभग 40 प्रतिशत हिस्सा असंगठित क्षेत्र के मजदूरों का माना गया है। वास्तव में ट्रेड यूनियन अधिकारों के लिये इनके बीच जाकर संघर्ष करने की आज की महती आवश्यकता है, जिसे भारतीय मजदूर संघ के कार्यकर्ता पूरी निष्ठा व लगन के साथ कार्य कर रहे है। उन्होनें कहा कि श्रम कानूनों का असंगठित क्षेत्र में व्यापक उल्लंघन हो रहा है, न इन्हे न्यूनतम मजदूरी मिल पा रही है और न ही इनके सामाजिक सुरक्षा की कोई सुव्यवस्थित योजना है। इतना जरूर हुआ कि भारतीय मजदूर संघ के इस क्षेत्र में संघर्ष की वजह से मजदूरों के लिये सामाजिक सुरक्षा की कुछ योजनायें जरूर संचालित हो रही है, किन्तु यह वर्तमान दौर में नाकाफी है। मजदूरों के सामाजिक सुरक्षा के लिये भारतीय मजदूर संघ देशभर में सघर्षरत् है और इसके सुपरिणाम जरूर मिलेंगे। बैठक को भामस के विभाग प्रमुख योगेशदत्त मिश्रा ने संबोधित करते हुये कहा कि जिले में असंगठित क्षेत्र में कार्य करने की काफी आवश्यकता है, भामस कार्यकर्ता इस दिशा में आगे बढ़े ताकि असंगठित क्षेत्र के मजदूरों को उनका हक दिलाया जा सकें। बैठक का संचालन भामस की प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य सुदर्शन मानिकपुरी ने किया।

भारतीय मजदूर संघ द्वारा जारी विज्ञप्ति में आगे बताया गया कि इस दौरान सर्वसम्मित से जिला इकाई का चुनाव किया गया, जिसमें बिजली विभाग में कार्यरत् लाखन सिंह कुशवाहा को जिला अध्यक्ष एवं छुरिया निवासी नरेश कुमार साहू को जिला मंत्री का दायित्व दिया गया। अन्य पदाधिकारियों में कार्यकारी अध्यक्ष कुहुपदास साहू, उपाध्यक्ष गजानंद मिश्रा व केशव सिन्हा, सहमंत्री जयप्रकाश साहू व ठाकुर राम यादव, कोषाध्यक्ष श्रीमती निर्मला साहू इसी प्रकार महिला विभाग प्रमुख श्रीमती भारती शर्मा, मीडिया प्रभारी गोपालदास साहू, पर्यावरण प्रमुख जयप्रकाश साहू तथा कार्यसमिति में श्रीमती बबीता बाघमारे, श्रीमती संध्या हुमने, पोदास सार्वा, मिंटू साहू, बिरेन्द्र देवांगन, मुकुट साहू, यशवंत ठाकुर, चेतन साहू व राजेन्द्र निषाद के नाम शामिल किये गये। बैठक में भामस की प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य अलका बारसागढ़े व हरिशंकर चतुर्वेदी उपस्थित थे। इस दौरान बड़ी संख्या में भामस कार्यकर्ता व महिलायें शामिल हुई।



# चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर में मनाई गई पं. जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि

**रायपुर 28 मई।** पं. जवाहरलाल नेहरू जी की पुण्यतिथि दिनांक 27/05/2024 को चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर के प्रभारी अधिष्ठाता, डॉ. अरविंद नेरल द्वारा महाविद्यालय के प्रवेश द्वार पर स्थापित नेहरू जी की प्रतिमा पर माल्यापर्ण किया गया। साथ ही वहाँ उपस्थित अन्य चिकित्सा शिक्षकों/अधिकारियों/ कर्मचारियों द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया । प्रभारी अधिष्ठाता, डॉ. अरविंद नेरल ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम और स्वाधीनता पश्चात् स्वतंत्र राष्ट्र के आधुनिक निर्माण और विकास में प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के महत्वपूर्ण योगदान का उल्लेख किया । नेहरू जी की 60वीं पुण्यतिथि पर चिकित्सा महाविद्यालय के चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. विनीत जैन, डॉ. मंजू सिंह, डॉ.पी. के. खोड़ियार, डॉ. निर्मल वर्मा, डॉ. आभा डहरवाल, डॉ. स्वाती कुजूर, डॉ. पीयूष भार्गव, डॉ. उषा जोशी, डॉ. मंजूला बेक, डॉ. अर्चना टोप्पो, डॉ. जोशी. डॉ. जागृति अग्रवाल, डॉ. रूपम गहलोत, डॉ. शैलेन्द्र अग्रवाल, सुश्री ऋतु कौशिक एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे ।



### आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**उत्तर बस्तर कांकेर, 28 मई।** कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह ने राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 के तहत् प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए पानी में डूबने से मृत्यु होने के 03 प्रकरणों में उनके आश्रितों के लिए चार-चार लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। प्राप्त जानकारी अनुसार भानुप्रतापपुर तहसील के ग्राम घोटिया निवासी 42 वर्षीय श्रीमती प्रमिला बाई उइके की कुंआ में डूबने से मृत्यु हो गई, उनके आश्रित सुरेन्द्र कुमार उइके को चार लाख रूपये, पखांजूर तहसील के ग्राम पित्तेभोड़िया निवासी 50 वर्षीय मन्नूराम बोगा की केनाल में डूबने के कारण मृत्यु होने पर उनकी पत्नी श्रीमती सतारो बाई को चार लाख रूपये तथा कांकेर तहसील के ग्राम मोहपुर निवासी 38 वर्षीय पूर्णिमा वट्टी की तालाब में डूबने से मृत्यु हो जाने पर उनके निकटतम आश्रित श्री पतिराम वट्टी और श्रीमती मानोबाई वट्टी के लिए चार लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि कलेक्टर द्वारा स्वीकृत की गई है।

# अमर गुफा जैतखाम कांड की सीबीआई जांच की मांग को लेकर सौंपा जाएगा ज्ञापन

■ सर्व अनुसूचित जाति वर्ग जिला कोडागाँव की बैठक में लिया गया निर्णय

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कोडागाँव 28 मई।** कोडागाँव 27 मई को सर्व अनुसूचित जाति वर्ग जिला कोंडागांव के जिला अध्यक्ष धंसराज टंडन के अध्यक्षता में जिला मुख्यालय कोडागाँव में बैठक रखी गई इस बैठक में सर्व अनुसूचित जाति वर्ग के साथ हो रहे अन्याय, अत्याचार, भेदभाव, हत्या ,बलात्कार व सामाजिक आस्था पर हमला एवं छत्तीसगढ़ में जन्मे संत परम पूज्य गुरु घासीदास बाबा जी का जन्म स्थली गिरौदपुरी धाम जो लाखों सतनामी समाज के आस्था का पवित्र स्थल अमर गुफा जैतखाम को तोड़फोड़ क्षतिग्रस्त असामाजिक तत्वों द्वारा हमला किया गया है इसके विरोध में 7 जून 2024 को कलेक्ट कार्यालय में जाकर महामहिम राज्यपाल छत्तीसगढ़ शासन एवं माननीय मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन के नाम ज्ञापन सौपा जावेगा एवं ग्राम उलेरा में अनुसूचित जाति वर्ग के साथ भेदभाव के विरुद्ध कार्यवाही तथा कोडागाँव त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में जिला पंचायत सदस्य हेतु पद आरक्षित की मांग तथा सामाजिक एकता भाईचारा हेतु विभिन्न विषयों पर चर्चा एवं रूपरेखा तैयार की गई है इस अवसर पर सर्व अनुसूचित जाति वर्ग के पदाधिकारी संरक्षक एम डी बघेल , पी एल ठावरे , लखमूराम टंडन 100 गवा संयोजक, रमाकांत महाजन अध्यक्ष बौद्ध समाज हरिश्चंद्र डाहरे पूर्व जिला अध्यक्ष सतनामी समाज , वीरेंद्र बघेल जिला अध्यक्ष अदकुरी गाडा समाज युवा, देवनारायण डाहरे , साधु राम पाटिल , रितेश कोराम मीडिया प्रभारी ,मृतलाल मरकाम, बिजेश्वर नाग , ईश्वर गेडरे , रामकिशोर बेर , बुधेश्वर सोरी आदि पदाधिकारी बैठक में उपस्थित हुए उक्त जानकारी धंसराज टंडन जिला अध्यक्ष सर्व अनुसूचित जाति वर्ग ने दी ।



## एएम,एनएस इंडिया प्रोजेक्ट दक्ष के तहत दंतेवाड़ा के युवाओं को दे रही रोज़गार के अवसर

# रोजगार मेला में 110 युवा बेरोजगारों को मिला रोजगार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**किरन्दुल 28 मई।** एएम/एनएस इंडिया कम्पनी द्वारा युवाओं को सक्षम बनाने एवं उन तक रोजगार के विभिन्न अवसर पहुंचाने रायपुर एवं दंतेवाड़ा जिले में प्रोजेक्ट दक्ष के तहत कौशल विकास केन्द्रों का संचालन किया जा रहा है। इस पहल के जरिये रायपुर एवं दंतेवाड़ा के लगभग 400 युवाओं का कौशल उन्नयन किया जा रहा है ताकि वे ना सिर्फ आर्थिक तौर पर बल्कि सामाजिक तौर पर भी विकास करें।

एएम/एनएस इंडिया कम्पनी ने दंतेवाड़ा में रोज़गार की पहल को गति देने के लिए "AISECT" ने डोमेस्टिक डेटा एंट्री ऑपरेटर और आईटी हेल्प डेस्क अटेंडेंट के लिए प्रशिक्षित बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्रों में उपयुक्त नौकरी के अवसर प्रदान करने के लिए रोज़गार मेले का आयोजन किया गया।




दंतेवाड़ा केन्द्र में आयोजित इस एक दिवसीय कार्यक्रम में विभिन्न कम्पनियों के 15 नियोक्ता एवं 250 युवा बेरोजगारों ने भाग लिया। कोटक महिंद्रा,अंश होंडा,अग्रवाल स्टोर, सिंह मार्ट, हीरो शोरूम, मैंनके फर्नीचर, रेनॉल्ट, क्वैश, याजाकी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, मालवीय स्टोर, सुरेश इलेक्ट्रॉनिक्स, प्रज्ञा गैस एजेंसी और सीजी इलेक्ट्रिकल्स एंड इंफ्रास्ट्रक्चर जैसी कम्पनियों ने उपयुक्त उम्मीदवारों का साक्षात्कार आयोजित कर 110 उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट किया। इस अवसर पर डॉ. तेज प्रकाश(सीएसआर,एएम/एनएस इंडिया), अभिषेक अवस्थी(एरिया मैनेजर "AISECT") और सेंटर के सभी कर्मचारियों की उपस्थिति के साथ ही कार्यक्रम का सफलतापूर्वक संचालन किया गया। एएम/एनएस इंडिया कम्पनी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का मुखूय उद्देश्य युवाओं का सशक्तिकरण कर उन्हें उनके करियर में सफलता की ओर प्रेरित करना है। साथ ही देश में बढ़ रही युवा बेरोजगारी की समस्या को ख़त्म करने में सहयोग प्रदान करना है। जिससे हमारे राष्ट्र के सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा मिले, एवं एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण किया जा सके।

## समाचार संक्षेप

### कलेक्टर ने मतगणना की तैयारियों के संबंध में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की ली बैठक



**जगदलपुर 28 मई।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विजय दयाराम के.ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के मतगणना की तैयारियों और व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को दी। उन्होंने बताया कि लोकसभा क्षेत्र के सभी डाक मत पत्रों की गणना धरमपुरा स्थित मतगणना स्थल में की जाएगी, 4 जून को सुबह 8 बजे से डाक मत पत्रों की गिनती दस टेबल में की जाएगी। इसके अलावा जिले के तीनों विधानसभा के मतों की गिनती 8.30 बजे से किया जाएगा। मतगणना के लिए 14-14 टेबल की व्यवस्था किया गया है। लोकसभा के अन्य विधानसभा में मतगणना सुबह आठ बजे से प्रारंभ होगी। राजनीतक दलों के मतगणना अभिकर्ता को एक घंटे पहले मतगणना केंद्र में उपस्थित होने कहा गया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रवीण वर्मा ने बताया कि राजनीतिक दल मतगणना स्थल की तैयारियों का जायजा मंगलवार को सुबह 11 -12 बजे तक अवलोकन कर सकते हैं। इस अवसर पर सहायक रिटर्निंग ऑफिसर श्री भरत कौशिक, एआर राणा, सुब्रत प्रधान, राजनीति दल कांग्रेस, बीजेपी, बीएसपी, निर्दलीय उम्मीदवार के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### अवैध खनिज परिवहन करते 6 वाहन जब्त



**जगदलपुर, 28 मई।** कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. के निर्देशानुसार जिला खनिज जांच दल द्वारा विगत 22 मई को बस्तर जिले के अंतर्गत परपा, कोडेनार एवं कामानार क्षेत्र का औचक निरीक्षण में खनिज चूनापत्थर-गिट्टी का अवैध परिवहन-उत्खनन कर रहे 6 वाहनों पर प्रकरण दर्ज कर पुलिस अभिरक्षा में सौंपी गई है। जिला खनिज अधिकारी श्री शिखर चेरपा ने इस बारे में बताया कि सभी 06 वाहनों में चूनापत्थर के अवैध परिवहन-उत्खनन करते हुए खनिज सहित जप्त किया गया है। उक्त जप्त सभी वाहनों को पुलिस अभिरक्षा में सौंपकर सम्बन्धित वाहन मालिकों के विरूद्ध नियमानुसार कानूनी कार्यवाही की जा रही है। इस कार्यवाही में जिला खनिज जांच उड़नदस्ता दल के खनिज निरीक्षक श्री मिदुल गुहा तथा खनिज सिपाही पाडिकेश्वर खरे, श्री सीताराम, नगर सैनिक श्री जलधर बघेल एवं श्री विकास नायक उपस्थित थे। उपरोक्त प्रकरणों में छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियमावली 2015 के नियम 71 तथा खान एवं खनिज विकास और विनियमन अधिनियम 1957 की धारा 21 के अंतर्गत दण्डात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जावेगी। पूर्व में भी जिले के खनिज ठेकेदारों,खनिज उत्खननकर्ताओं और परिवहनकर्ताओं को निर्देशित किया गया था कि बिना वैध अभिवहन पास एवं वैध अनुमति के खनिजों का उत्खनन-परिवहन करना दंडनीय अपराध है। इसके बावजूद अवैध परिवहनकर्ताओं एवं उत्खननकर्ताओं के द्वारा उपरोक्त कृत्य किया जा रहा है। अब पुनः इसी प्रकार के कृत्य करने पर सम्बन्धितों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जावेगी।इस दिशा में जिले के अंतर्गत खनिज के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के प्रभावी नियंत्रण हेतु खनिज अमला द्वारा विशेष जांच अभियान लगातार चलाया जायेगा।

### मतगणना स्थल पर कानून व्यवस्था बनाए रखने तैनात किए गए कार्यपालिक दण्डाधिकारी

**उत्तर बस्तर कांकेर, 28 मई।** लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के अंतर्गत शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज नाथियानवागांव में आगामी 04 जून को होने वाली मतगणना हेतु कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री अभिजीत सिंह द्वारा मतगणना परिसर के बाहर एवं भीतर सुरक्षा, शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कार्यपालिक दण्डाधिकारियों की मजिस्ट्रियल ड्यूटी लगाई गई है। सम्पूर्ण मतगणना कार्यस्थल हेतु अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी श्री सुखनाथ अहिरवार और डिप्टी कलेक्टर सुश्री आस्था बोरकर की ड्यूटी प्रभारी दण्डाधिकारी के तौर पर लगाई गई है। इसी प्रकार एनएच-30 पर ईशान वन प्रवेश द्वार व होटल के आसपास नाथियानवागांव पर नरहरपुर तहसीलदार श्री सुधीर खलखो, मुख्य प्रवेश द्वार एवं मतगणना भवन स्थल पर नायब तहसीलदार सरोना श्री संजय कुमार राय, अभ्यर्थी, गणन अभिकर्ता एवं मीडिया प्रवेश द्वार पर अनुविभागीय दण्डाधिकारी चारामा श्री राहुल रजक और गणना सहायक सुपरवाइजर, माईक्रोऑब्जर्वर, डाक मतपत्र एवं ईटीपीबीएस स्कैनिंग प्रवेश द्वार पर अनुविभागीय दण्डाधिकारी अंतागढ़ श्री एन.के. बंजारा की ड्यूटी लगाई गई है।



जगदलपुर 28 मई। बीजापुर, नारायणपुर, दंतेवाड़ा में कथित फर्जी नक्सली मुठभेड़ में आदिवासियों के मारे जाने के विरोध में सर्व आदिवासी समाज ने जगदलपुर संभाग सहित पूरे बस्तर में बंद का आह्वान किया है।

**एक नजर**

## बिजली विभाग कर रहा मानसून पूर्व मेंटेनेंस कार्य

**रायगढ़, 28 मई।** आगामी वर्षा ऋतु में विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से सुनिश्चित हो सके, इसे ध्यान में रखते हुये विद्युत विभाग द्वारा रायगढ़ जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मानसून पूर्व रख-रखाव के तहत सभी विद्युत उपकेन्द्रों, बड़े वृक्षों की टहनियां जो विद्युत लाइन से टकरा रहीं हैं, को काटने, ढ़ीले तारों को मानक ऊंचाई पर करने आदि के साथ-साथ अन्य सुधार कार्य किये जा रहे हैं। चूंकि यह कार्य सुरक्षित रूप से किये जाने हेतु विद्युत आपूर्ति बन्द करना आवश्यक होता है अतः विभिन्न क्षेत्रों में क्रमानुसार विद्युत आपूर्ति बन्द करके मानसून-पूर्व रख-रखाव का कार्य किया जा रहा है। जिसकी सूचना भी स्थानीय व्हाट्स एप ग्रुप तथा स्थानीय सम्पर्क सूत्रों आदि के माध्यम से प्रेषित की जा रही है। इसके साथ-साथ विद्युत उपभोक्ताओं को त्वरित सुविधा प्रदान किये जाने के दृष्टिकोण से सभी कार्यालयों के सामने संबंधित सहायक यंत्री, कनिष्ठ यंत्रियों एवं क्षेत्रीय लाइनमेन के नाम एवं उनके मोबाइल नम्बर की सूची भी प्रदर्शित की गई है जिससे नागरिक इन अधिकारियों से विद्युत संबंधी अपनी समस्या की जानकारी दे सकें ताकि उनकी समस्या का समाधान हो सके।

## शिकायत निवारण के लिए इन नंबरों पर कर सकते है संपर्क

**रायगढ़, 28 मई।** जोन-एक रायगढ़ के लिए 7762222935 एवं 7762220121 इन नंबरों पर संपर्क कर सकते है। इसी तरह कनिष्ठ यंत्री किरोड़ीमल नगर के लिए 9109315563, कनिष्ठ यंत्री गेरवानी 9406145047, कनिष्ठ यंत्री घरघोड़ा 7828237069, कनिष्ठ यंत्री कुडुमकेला 8349779209, कनिष्ठ यंत्री तमनार 8269660555, कनिष्ठ यंत्री करवाही 8269660555, कनिष्ठ यंत्री धरमजयगढ़ 7587768777, कनिष्ठ यंत्री हाटी एवं कापू के लिए 7869006128, कनिष्ठ यंत्री खम्हार 8319027845, कनिष्ठ यंत्री चरखापारा 8770028378, कनिष्ठ यंत्री लैलूंगा एवं कटकलिया के लिए 9893164526, कनिष्ठ यंत्री कोड़ातराई 9406265565, कनिष्ठ यंत्री पुसौर 9425572104, कनिष्ठ यंत्री कुसमुरा एवं नंदेली के लिए 9407935321, कनिष्ठ यंत्री खरसिया (शहर)9981287974, कनिष्ठ यंत्री खरसिया (ग्रामीण)9098420478, कनिष्ठ यंत्री तुरेकेला 8435743277, कनिष्ठ यंत्री एडू 6264816082 एवं कनिष्ठ यंत्री चपले के लिए 9098420478 में संपर्क कर सकते है।

## मृदा उर्वरकता एवं उत्पादकता बढ़ाने में हरी खाद का प्रयोग बहुत ही महत्वपूर्ण-डॉ.के.डी.महंत

**रायगढ़, 28 मई।** मृदा वैज्ञानिक डॉ.के.डी.महंत ने समसामयिक विषय में हरीखाद की महत्ता एवं आवश्यकता पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए बताया कि सीमित संसाधनों के समुचित उपयोग हेतु कृषक एक फसली, द्विफसली कार्यक्रम व विभिन्न फसल चक्र अपना रहे जिससे मृदा का लगातार दोहन हो रहा है जिससे उपस्थित पौधों के वृद्धि के लिए आवश्यक पोषक तत्व नष्ट होते जा रहे हैं। इस क्षतिपूर्ति हेतु विभिन्न तरह के उर्वरकों व खादों का उपयोग किया जाता है। उर्वरकों द्वारा मृदा में सिर्फ आवश्यक पोषक तत्व जैसे नत्रजन, फास्फोरस, पोटाश, जिक इत्यादि की पूर्ति होती है परन्तु मृदा की संरचना, उसकी जल धारण क्षमता एवं उसमें उपस्थित सूक्ष्मजीवों की रासायनिक क्रियाशीलता बढ़ाने में इनका कोई योगदान नहीं होता।

वर्तमान समय में खेती में रासायनिक उर्वरकों के असंतुलित प्रयोग एवं सीमित उपलब्धता को देखते हुए अन्य पर्याय भी उपयोग में लाना आवश्यक हो गया है, तभी हम खेती की लागत को कम फसलों की प्रति एकड़ उपज को बढ़ा सकते हैं। साथ ही मिट्टी की उर्वरा शक्ति को भी अगली पीढ़ी के लिए बरकरार रख सकेंगे। मृदा उर्वरकता एवं उत्पादकता बढ़ाने में हरी खाद का प्रयोग प्राचीन कल से चला आ रहा है बिना सड़े-गले हरे पौधे (दलहनी अथवा अदलहनी अथवा उनके भाग) को जब मृदा की नत्रजन या जीवांश की मात्रा बढ़ाने के लिए खेत में दबाया जाता है तो इस क्रिया को हरीखाद देना कहते हैं। सघन कृषि पद्धति के विकास तथा नगदी फसलों के अंतर्गत क्षेत्रफल बढ़ने के कारण हरी खाद के प्रयोग में निश्चित ही कमी आई लेकिन बढ़ते ऊर्जा संकट, उर्वरकों के मूल्यों में वृद्धि तथा गोबर की खाद एवं अन्य कम्पोस्ट जैसे-कार्बिनक स्त्रोतों की सीमित आपूर्ति से आज हरी खाद का महत्व और बढ़ गया है। रासायनिक उर्वरकों के पर्याय के रूप में हम जैविक खादों जैसे-गोबर की खाद, कम्पोस्ट हरी खाद आदि को उपयोग कर सकते हैं। इनमें हरी खाद सबसे सरल व अच्छा प्रयोग है। इसमें पशु धन में आई कमी के कारण गोबर की उपलब्धता पर भी हमें निर्भर रहने की आवश्यकता नहीं है। अतः हमे हरी खाद के यथासंभव उपयोग पर गंभीरता से विचार कर क्रियान्वयन करना चाहिए।

डॉ.महंत ने बताया कि हरीखाद के प्रयोग से केवल नत्रजन व कार्बनिक पदार्थों का ही साधन नहीं है बल्कि इससे मिट्टी में कई पोषक तत्व भी उपलब्ध होते हैं एक अध्ययन के अनुसार एक टन ढैंचा के शुष्क पदार्थ द्वारा मृदा में जुटाए जाने वाले पोषक तत्व इस प्रकार है। नत्रजन 26.2 कि.ग्रा., फॉस्फोरस 7.3 कि.ग्रा.,पोटाश 17.8 कि.ग्रा., गंधक 1.9 कि.ग्रा., मैग्नीशियम 1.6 कि.ग्रा., कैल्शियम 1.4 कि.ग्रा.,जस्ता 25 पीपीएम, लोहा 105 पीपीएम एवं ताम्बा 7 पीपीएम हरीखाद के प्रयोग से मृदा भुरभुरी, वायु संचार में अच्छी, जल धारण क्षमता में वृद्धि, अम्लीयता/क्षारीयता में सुधार एवं मृदा क्षरण भी कम होता है। हरीखाद के प्रयोग से मृदा में सूक्ष्मजीवों की संख्या एवं क्रियाशीलता बढ़ती है तथा मृदा की उर्वरा शक्ति एवं उत्पादन क्षमता भी बढ़ती है।

## जल संरक्षण के लिए सभी शासकीय भवनों में बनाएं रैन वॉटर हार्वेस्टिंग:कलेक्टर

**धमतरी 28 मई ।** कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक लेकर अधिकारियों को जल संरक्षण के लिए शासकीय भवनों में रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे ग्राम पंचायत जहां रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, रूफटॉप स्ट्रक्चर और वेस्ट वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बन गए हैं, उन्हें जियो टैग किया जाये। साथ ही गांवों में जल संरक्षण संबंधी नारा, स्लोगन, जागरूकता रैली, दीवार लेखन करने और अधिक से अधिक वृक्षारोपण के लिए प्रेरित किया जाये।

# डोंगीतराई में संकुल स्तरीय समर कैंप आयोजित स्कूली बच्चों के साथ पालक भी हुए शामिल





रायगढ़, 28 मई। जिले के सभी शासकीय शालाओं में 20 मई से समर कैम्प संचालित किया जा रहा है। इसी कड़ी में संकुल केंद्र डोंगीतराई विकास खंड रायगढ़ में संकुल स्तरीय समर कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें पूर्व निर्धारित समय सारणी अनुसार संकुल डोंगीतराई के सभी 10 स्कूलों के शिक्षक, विद्यार्थी एवं पालक शामिल हुए। प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला के बच्चियों ने स्वागत रंगोली बनाई। कार्यक्रम की शुरुआत मां शारदे के पूजन वंदना से किया गया। आज के गतिविधियों के लिए सभी स्कूलों से टीचर्स के ग्रुप को प्रभारी बनाकर एक्टिविटीज आयोजित कराई गई। अंत मे मिट्टी के खिलौने का स्कूल वार प्रदर्शन कराया गया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम गायन एवं डांस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन प्रेमा पटेल सहायक शिक्षक डोंगीतराई द्वारा किया गया। सुबह से ही सभी 10 शालाओं के गुरुजनों की शत-प्रतिशत उपस्थिति रही। सभी स्कूलों का प्रदर्शन बेहतरीन रहा, प्रतिभागी समस्त बच्चों को संकुल की ओर से सहभागिता एवं कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सहभागिता प्रमाण पत्र संकुल की ओर से दिया गया। प्रतिभागियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था। इस दौरान संकुल प्राचार्य आर.एन.सिंह, संकुल शैक्षिक समन्वयक वीरेन्द्र कुमार चौहान एवं एन नायक प्रधान पाठक मा.शा.डोंगीतराई ने बच्चों को संबोधित किया। सकारात्मक सोच के साथ जीवन में आगे बढ़ने की बात कही। इस अवसर पर संकुल शैक्षिक समन्वयक वीरेन्द्र चौहान, व्याख्याता सीपी पटेल, आर के पटेल, डीडी पटेल, ममता उरांव, चक्रधर पटेल, अनिल सिंह, प्रेमलाल साव, मोहित पटेल, पुष्पा ठाकुर, लीलाधर देवांगन, श्याम कुमार सिदार, हुलस राम चौहान, आर के पटेल, सविता पटेल, गिरीत राम सिदार उपस्थित रहे।

## समर कैम्प में बच्चों को बताया गया डिजिटल पेमेंट कैसे किया जाता है




**रायगढ़, 28 मई।** जिले में 09 दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्रतिदिवस एक अलग थीम निर्धारित कर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। जिला नोडल भुवनेश्वर पटेल ने बताया कि 09 दिवसीय विशेष समर कैम्प के छठे दिवस का थीम डिजिटल पैमेंट की जानकारी, वाटर हार्वेस्टिंग की क्रियाविधि, नृत्य, संगीत, 01 से 20 तक पहाड़ा पढ़ना और वर्ग और घन की अवधरणा स्पष्ट कर 30 तक की संख्या का वर्ग और घनफल याद कराना था। समर कैम्प में आज वर्तमान समय की आवश्यकता के अनुरूप डिजिटल भुगतान से संबंधी एप्प एवं अन्य माध्यम से भुगतान कैसे सुगमतापूर्वक किया जाता है, इसके प्रत्यक्ष कार्यप्रणाली से विभिन्न स्कूलों द्वारा बच्चों को अवगत कराया गया। इसी तरह बच्चों को स्कूलों, घरों, अन्य बिल्डिंग में वर्षा के

## रेलवे ओवरब्रिज से टकराकर बस दुर्घटनाग्रस्त, 7 घायल, सभी खतरे से बाहर

**रायगढ़, 28 मई।** आज सुबह 05 बजे एक बस घरघोड़ा के पास रेलवे ओवरब्रिज से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बस रायगढ़ से अंबिकापुर जा रही थी जिसमें 12 यात्री सवार थे। दुर्घटना से बस में सवार 7 यात्रियों को मामूली चोटे आई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए एसडीएम घरघोड़ा श्री रमेश मोर ने बताया कि घायलों को घरघोड़ा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए लाया गया। जहां से 6 लोगों को प्राथमिक उपचार के पश्चात छुट्टी दे दी गई है। बस के ड्राइवर को कमर में दर्द की शिकायत पर प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज रायगढ़ के लिए रेफर किया गया है।

# अब भैरमगढ़ के लोगों को बहुत जल्द मिलेगा इन्द्रावती का जल



**बीजापुर 28 मई ।** कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय के विशेष पहल पर भैरमगढ़ नगर पंचायत के लोगों को अब बहुत जल्द इन्द्रावती नदी पर बने भैरमगढ़ जल प्रदाय योजना के तहत घर-घर स्वच्छ जल उपलब्ध होगा।रविवार को भैरमगढ़ पहुंचकर कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने भैरमगढ़ जल प्रदाय योजना का बारीकी से निरीक्षण कर 6 सप्ताह में इस योजना को पूर्ण कर घरों में जल आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिए।

उल्लेखनीय है कि यह प्रोजेक्ट 3-4 सालों से रूका हुआ था जिसे कलेक्टर के विशेष पहल पर कार्य पुनः शुरू किया गया। 15 करोड़ की लागत से मंगनार स्थित इन्दावती नदी में इंटकवेल में टरबाईन हो रहा है, क्लीयर वाटर पाईप लाईन तथा ड्रिस्टीब्यूसन लाईन का कार्य 95 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है, ट्रीटमेंट प्लांट में शेष बचे कार्य अतिशीघ्र पूर्ण किया जाएगा। उक्त जानकारी मौके पर उपस्थित कार्यपालन अभियंता श्री एसआर नेताम ने दी है। सभी घरों तक सुगमतापूर्वक जल उपलब्ध कराने हेतु तीन टंकिया 500 केएल, 400 एवं 250 केएल धारिता की टंकी शहर के अलग-अलग स्थानों पर लगाए गए हैं।कलेक्टर श्री पाण्डेय ने गंभीरतापूर्वक गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं ताकि पानी की समस्या से निजात मिल सके।

## जब तक जल सुरक्षित है तब तक कल सुरक्षित है

**धमतरी 28 मई।** जल संरक्षण को बढ़ावा देने जिले में नारी शक्ति से जल शक्ति अभियान के तहत जिले में जल जगार उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। मगरलोड विकासखण्ड के ग्राम करेली बड़ी में आज जल जगार उत्सव में जल संकट पैदा करने वाले कारण और जल संरक्षण के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। बताया गया कि जब तक जल सुरक्षित है, त तक कल सुरक्षित है। इसे ध्यान में रखते हुए आज के परिवेश में जल का संरक्षण करना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। जल संकट पैदा करने वाले कारणों में वृक्षों की अंधाधुंध कटई, नदी तालाबों के किनारे अतिक्रमण, बोरवेल से आवश्यकता से अधिक जल का दोहन, नल को खुला छोड़ देना और वर्षा जल को संचयन नहीं करना है। जल संरक्षण करने के उपायों के बारे में बताया गया ।

# बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं, माहवारी स्वच्छता प्रबंधन अंतर्गत रेड डॉट चैलैंज कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**बीजापुर 28 मई ।** कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय के निर्देशन मे तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग के मार्गदर्शन में जिले में माहवारी स्वच्छता प्रबंधन पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। विभागीय बैठक के दौरान सभी परियोजना अधिकरियों/पर्यवेक्षकों को गतिविधियां संचालित करने तथा इस अभियान का उद्देश्य माहवारी स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करना और समाज में माहवारी से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करना है। पखवाड़ा के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें रेड डॉट चैलैंज स्वयंसेवक बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं और अपने हाथों में लाल निशान बनाकर प्रचार किया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत 15 मई से की गई है, जिसमें सामुदायिक स्तर पर लोगों को माहवारी स्वच्छता के संबंध में जानकारी दी जा रही है। आंगनवाड़ी केंद्रों पर महिलाओं और किशोरी बालिकाओं से इस विषय पर चुप्पी तोड़कर खुलकर बोलने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। रेड डॉट चैलैंज को प्रदर्शित करने हेतु अपने हाथों पर लाल डांट बनाकर जागरूकता रैलियो आंगनबाड़ी स्तर पर निकाली जा रही है। दीवारों पर नारा लेखन, भीड़भाड़ वाले स्थानों पर माइकिंग के द्वारा तथा रंगोली कार्यक्रम के माध्यम से प्रत्येक ब्लॉक मे ग्राम पंचायत स्तर पर माहवारी जैसे संवेदनशील विषय पर खुलकर चर्चा की जा रही है, जिससे समाज में माहवारी के प्रति जागरूकता बढ़े और महिलाएं माहवारी के दौरान होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं से बच सकें।इस अभियान में स्वयंसेवकों द्वारा की जा रही सराहनीय कार्यों की जितनी प्रशंसा की जाए, कम है। उन्होंने समाज में माहवारी स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने में अहम भूमिका निभाई है। स्वयंसेवक लोगों को यह समझाने का प्रयास कर रहे हैं कि माहवारी एक सामान्य जैविक प्रक्रिया है और इसके दौरान साफ-सफाई का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। माहवारी के दौरान स्वच्छता बनाए रखना चाहिए। इस दौरान साफ पानी से नियमित सफाई करना भी जरूरी है। माहवारी के दौरान उचित पोषण और आराम की भी आवश्यकता होती है ताकि स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों से बचा जा सके।जिले में माहवारी स्वच्छता प्रबंधन को लेकर नियमित रूप से जागरूकता प्रसार करने हेतु जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा श्री लुपेन्द्र महिनाग द्वारा परियोजना अधिकारी/सेक्टर पर्यवेक्षकों को निर्देशित किया गया की नियमित रूप से महिलाओं, किशोरियों एवं स्कूल कॉलेजों में विभिन्न स्तर के जागरूकता शिविरों में, नियमित रूप से कराने के लिए माहवारी स्वच्छता पर प्रचार-प्रसार किया जाये।

## पुलिस पार्टी पर फायरिंग की घटना में शामिल 2 माओवादी गिरफ्तार



**बीजापुर, 28 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छ0ग0 शासन की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति के तहत् 01-01 लाख रुपए का ईनाम है घोषित डीआरजी बीजापुर और थाना तर्रेम की संयुक्त कार्यवाहीजिले में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत् दिनांक 26/05/2024 को थाना तर्रेम क्षेत्रान्तर्गत पेददागेलुर, चिन्नागेलुर, गुण्डम की ओर डीआरजी बीजापुर एवं थाना तर्रेम का संयुक्त बल गश्त सर्चिंग पर निकली थी ।सर्चिंग के दौरान पेद्दागेलुर से 02 माओवादियों को पकड़ा गया, जो थाना तर्रेम के अपराध क्रमांक 03/2023 के नामजद आरोपी है 1. ईरया कड़ती ऊर्फ बण्डु (सीएनएम अध्यक्ष) पिता स्व0 चन्दरू कड़ती उम्र 35 वर्ष निवासी पेददागेलुर पटेलपारा थाना तर्रेम 2. लक्ष्मण फुलसुम ऊर्फ लखमा (सीएनएम अध्यक्ष ) पिता जोगा फुलसुम उम्र 29 वर्ष निवासी पेददागेलुर मेटटापारा थाना तर्रेम पकड़े गये माओवादी दिनांक 08/02/2024 को गुण्डम के जंगल में एसटीएफ एवं केरिपु पार्टी पर फायरिंग करने की घटना में शामिल थे। उक्त घटना में 01 ग्रामीण की मौत हुई थी। प्रकरण में पकड़े गये दोनो माओवादियो पर छ0ग0 शासन की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति के तहत् 01-01 लाख रुपए का ईनाम घोषित है । पकड़े गये माओवादियों के विरूद्ध थाना तर्रेम में वैधानिक कार्यवाही उपरान्त न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय पेश किया गया है ।

## ग्रामीण अपहरण एंव हत्या, पुलिस पर हमला की घटना में शामिल जनमिलिशिया सदस्य गिरफ्तार




**बीजापुर, 28 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत् दिनांक 25/05/2024 को डीआरजी बीजापुर एवं थाना गंगालूर का बल मेटापाल की ओर निकली थी ।अभियान के दौरान मेटापाल से 02 जन मिलिशिया सदस्यों को पकड़ा गया ¬1कमलू पूनेम पिता रघु पूनेम उम्र 30 वर्ष जाति मुरिया निवासी पुसनार थाना गंगालूर जिला बीजापुर 2.गोपाल पूनेम पिता कोसा ऊर्फ गल्ला उम्र 35 वर्ष निवासी सावनार थाना गंगालूर जिला बीजापुर पकड़े गये माओवादी थाना गंगालूर क्षेत्रान्तर्गत कमलू पूनेम दिनांक 08/02/2014 को पुसनार के ग्रामीण का अपहरण एवं हत्या की घटना में तथा गोपाल पूनेम दिनांक 12/02/2012 गंगालूर- मंझारपारा कच्ची रोड पर पुलिस पार्टी को क्षति पहुचाने के लिये ढ्रश्वष्ठ प्लांट करने की घटना में शामिल था । पकड़े गये माओवादियो के विरूद्ध थाना गंगालूर में 01-01 स्थाई वारंट लंबित है । पकड़े गये माओवादियों के विरूद्ध थाना गंगालूर में वैधानिक कार्यवाही उपरान्त माननीय न्यायालय पेश किया गया है ।

## तेंदूपत्ता संग्राहकों को नगद भुगतान हो :कमलेश



**बीजापुर, 28 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** तेंदुपत्ता संग्राहकों को नकद मांग को लेकर आगे आए कमलेश, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कमलेश कारम ने उसूर ब्लाक में सीमित बैंकिंग सेवाओं के मद्देनजर ब्लाक के तेंदुपत्ता संग्राहकों को आनलाइन की बजाए नकद भुगतान की मांग को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम ज्ञापन सोपा है।तेंदुपत्ता संग्राहकों की चिंता कर रहे कमलेश के मुताबिक उसूर विकासखण्ड अंतर्गत पुजारी कांकेर,हीरापुर,कोर्सागुड़ा,उसूर,चेरामंगी, इल्मीडी में लगभग 45 हजार संग्राहक है। चूंकि उसूर ब्लाक में केवल ब्लाक मुख्यालय आवापल्ली को छोड़ अन्यत्र बैंक सुविधा नहीं है,ऐसी स्थिति में शासन की तरफ से पारिश्रमिक सीधे खाते में भुगतान के आदेश संग्राहकों की परेशानी बढ़ेगी। दर्जनों गांव आवापल्ली से 100 से 120 किमी दूर बसे हुए है,राशि निकासी केलिए दूरवर्ती गांवों के लोगों को बेवजह यातायात साधन के अभाव में आने - जाने में परेशानी उठानी पड़ेगी। चूंकि वन्मंत्री केदार कश्यप भी लोकसभा चुनाव के दौरान नकद भुगतान की घोषणा कर चुके है। कमलेश का कहना है कि इस समय प्रदेश की बागडोर आदिवासी मुख्यमंत्री के हाथ में है, इसलिए उन्हें उम्मीद है कि मुख्यमंत्री आदिवासियो के हित में मांग पर गंभीरता जरूर दिखाएंगे।

## थाना प्रभारी के वाहन पर हमला करने का आरोपी माओवादी मिलिशिया सदस्य गिरफ्तार



**बीजापुर, 28 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आईईडी दिनांक 27/05/2024 को थाना फरसेगढ़ की टीम द्वारा फरसेगढ़ बाजार पारा से 01 माओवादी मिलिशिया सदस्य अशोक कोरसा पिता स्व. मंगलू कोरसा उम्र 25 वर्ष निवासी कुपरेल थाना फरसेगढ़ को पकड़ा गया । पकड़ा गया माओवादी पुलिस टीम की रेकी के लिये आसपास घूम रहा था। दिनांक 15/05/2024 को सोमनपल्ली के पास थाना प्रभारी के वाहन पर आईईडी विस्फोट कर हमला करने की घटना में शामिल था। पकड़े गये माओवादी पर पुलिस अधीक्षक बीजापुर की ओर से 10.00 हजार रुपए का ईनाम उद्घोषित है । पकड़े गये माओवादी के विरूद्ध थाना फरसेगढ़ में वैधानिक कार्यवाही उपरान्त न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय पेश किया गया है ।

## भैरमगढ़ ब्लाक के मिंगाचल में अवैध रेत का भंडारण

**बीजापुर, 28 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने मिनगाचल में हो रहे रेत के अवैध भंडारण का औचक



निरीक्षण कर अवैध रेत की जब्ती बनाकर राजस्व एवं खनिज विभाग को जांच के उपरांत विधिवत कार्रवाई करने के निर्देश दिए।वहीं उक्त विभागों को रेत के अवैध भंडारण एवं परिवहन पर सतत निगरानी रखते हुए त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

### पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्यरत संस्था ग्रीन आर्मी ने किया भाटापारा में कार्यशाला का आयोजन

# पौधरोपण की आवश्यकता और प्रदूषण जैसी परिस्थिति के कारण, निवारण पर डाला प्रकाश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा, 28 मई।** पर्यावरण संरक्षण की दिशा मे कार्य करने वाली संस्था ग्रीन आर्मी भाटापारा द्वारा एक कार्यशाला का आयोजन किया गया, ग्रीन आर्मी के संयोजक अरूण बंटी छाबड़ा पुरूष विंग के अध्यक्ष सुनील दुबे, महिला विंग अध्यक्षा डां सीमा अवस्थी एवं राजकुमार मल, वीणा साहू, के संचालन मे आयोजित कार्यशाला मे ग्रीन आर्मी के प्रमुख पदाधिकारी व संस्थापक अमिताभ दुबे, डां हितेश दीवान अध्यक्ष एंव सेन्ट्ल कोर कमेटी सदस्य, तरुण शर्मा सेन्ट्ल कोर कमेटी सदस्य कोरबा जिला प्रभारी, अंजना एस भाके बलौदा बाजार, भाटापारा संयुक्त जिला प्रभारी, सुमन दीवान रायपुर महिला विंग संयुक्त अध्यक्षा, प्रमुख रुप से उपस्थित थे। पर्यावरण प्रेमी का हुआ सम्मान जिसके प्रतिफल स्वरुप क्षेत्र इसके अलावा पर्यावरण क्षेत्र मे कार्य करने वाले विभिन्न जनों का सम्मान भी संस्था द्वारा किया गया विचार अभिव्यक्ति का दौर संपन्न होने एवं उपस्थित जनों को संस्था द्वारा पर्यावरण संरक्षण का आव्हान करने के साथ उपस्थित समस्त जनों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गयी तथा सभी को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरुक रहने का आव्हान करते हुए वृक्षारोपण के प्रति सतत सक्रिय रहने का आव्हान भी किया गया।

आयोजन का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ उसके उपरांत अतिथि स्वागत की कड़ी मे ग्रीन आर्मी के स्थानीय सदस्यों एवं पदाधिकारियों द्वारा आगंतुक अतिथियों का स्वागत किया गया, विचार अभिव्यक्ति की कड़ी मे संस्था के संस्थापक एवं प्रमुख पदाधिकारियों द्वारा अपने विचार रखते हुए संस्था के उद्देश्यों को विस्तार से बताया गया, साथ ही पर्यावरण की महत्ता वृक्षारोपण की आवश्यकता एवं प्रदूषण जैसी परिस्थिति के कारण निवारण पर विस्तार से प्रकाश डाला गया, आयोजन मे विशेष रुप से उपस्थित भाटापारा विधायक इन्द्र साव, नगर पालिका उपाध्यक्ष त्रिलोक सलूजा एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष बसंत भृगु द्वारा पर्यावरण के संबंध मे अपने विचार रखते हुए पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता पर बल देते हुए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया गया।

## एक नजर

### गोपाल अग्रवाल चुने गए अग्रसेन धर्मशाला सेवा समिति के नए अध्यक्ष

**भाटापारा, 28 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** अग्रवाल धर्मशाला सेवा समिति का चुनाव गत दिनों संपन्न हुआ जिसमें अध्यक्ष पद पर गोपाल अग्रवाल अग्रोहा ट्रेडर्स को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुन लिया गया। गोपाल अग्रवाल ने अध्यक्ष बनने के बाद उपस्थित सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। गोपाल अग्रवाल ने अपनी कार्यकारिणी की घोषणा की जिसमें संरक्षक कैलाश चंद्र अग्रवाल को बनाया गया है। अध्यक्ष गोपाल प्रसाद अग्रवाल उपाध्यक्ष दुर्गेश अग्रवाल विकास सिंघल सचिव विकास अग्रवाल कोषाध्यक्ष संतोष अग्रवाल सहसचिव राजेश अग्रवाल एवं नितिन भूषणिया इसके अतिरिक्त वरिष्ठ सलाहकार में प्रेमचंद भूषणिया सुरेश अग्रवाल कमल अग्रवाल विनोद अग्रवाल अशोक अग्रवाल मदन अग्रवाल भागवत भूषणिया को शामिल किया गया है। इसके अतिरिक्त सलाहकार समिति भी बनाई गई है जिसमें दीपचंद गर्ग राधाकिशन अग्रवाल नरेंद्र भूषणिया श्याम सुंदर पोद्दार निर्मल बंसल गोपाल गोयल भगवती चिरानिया श्याम बिहारी अग्रवाल नंदकिशोर अग्रवाल को रखा गया है। कार्यकारिणी सदस्यों के रूप में विष्णु पोद्दार दिनेश अग्रवाल विष्णु अग्रवाल पुरुषोत्तम अग्रवाल रमेश गोयल राजेंद्र अग्रवाल राजेश अग्रवाल शरद अग्रवाल अर्पित अग्रवाल द्वारका अग्रवाल बृजकिशोर अग्रवाल बनाए गए हैं। अग्रवाल धर्मशाला सेवा समिति के अध्यक्ष गोपाल अग्रवाल ने कहा कि कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है अब यथाशीघ्र कार्यकारिणी की एक बैठक बुलाई जाएगी आगे के कार्यक्रम के संबंध में।



### प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**बलौदाबाजार, 28 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025 हेतु ऑनलाइन आवेदन 31 जुलाई 2024 तक आमंत्रित किया गया है। आवेदन मंत्रालय द्वारा जारी वेब साईट htpp://awards.gov.in पर किया जा सकता है। साथ ही आवेदन की एक प्रति महिला एवं बाल विकास विभाग संयुक्त जिला कार्यालय कक्ष क्रमांक 83 में भी उपलब्ध करा सकते हैं। पुरस्कार के लिए पात्रता- बालक भारतीय नागरिक व भारत का निवासी हो। सम्बंधित वर्ष के 31 जुलाई को बालक का उम्र 5 वर्ष से कम व 18 वर्ष से अधिक न हो। बालक के उत्कृष्ट कार्य/घटना/उपलब्धि आवेदन की अंतिम तिथि (31 जुलाई 2024) से विगत 02 वर्ष के अंदर की हो। आवश्यक दस्तावेज -मामले का एफआईआर कॉपी। समाचार में प्रकाशित खबर की पेपर कटिंग। वीरता प्रमाण पत्र सत्यापित प्रति बच्चे का आधार कार्ड, पासपोर्ट साईज फोटो एवं अंकसूची की छायाप्रति। ज्ञातव्य है कि भारत के असाधारण क्षमता वाले बच्चों को उचित प्रोत्साहन देने हेतु उनके द्वारा बहादुरी, खेल, सामाजिक सेवा, विज्ञान एवं प्राद्यौगिकी, पर्यावरण, कला व संस्कृति, नवाचार के क्षेत्रों में असाधारण उपलब्धि हासिल किए जाने पर प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार भारत सरकार द्वारा प्रतिवर्ष 26 दिसंबर को बालवीर दिवस पर घोषित किया जाता है। इसके तहत 25 या न्यूनाधिक विजेता बच्चों को एक मेडल व प्रमाण पत्र प्रदान किया जाता है।

# कसडोल परियोजना कार्यालय में भीषण गर्मी से महिला पर्यवेक्षिकाएं परेशान

## परियोजना अधिकारी राजेश क्षीरसागर ने अपने कमरे में लगवाया है कूलर







■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कसडोल, 28 मई।** महिला बाल विकास विभाग बलौदाबाजार जिला के कसडोल परियोजना में परियोजना अधिकारी राजेश क्षीरसागर ने इस भीषण गर्मी में अपनी सुख सुविधा का पूरा ध्यान रखा है। लू लगने व गरम हवा से बचने के लिए अपने कमरे में ठंडकता के लिए अनेक वर्षों से कूलर लगा के रखा है और इसी परियोजना के सात सेक्टरों में कार्यरत महिला पर्यवेक्षकों (कसडोल सेक्टर राजेश्वरी सिंह, कटगी सेक्टर लक्ष्मी साहू, सर्वा सेक्टर मुनिया वर्मा, हसुवा सेक्टर दीपिका तिवारी, टुंड्रा सेक्टर शीला धृतलहरे, गिरौदपुरी सेक्टर त्रिवेणी सिदार, छरछेद सेक्टर तनुजा धृतलहरे) को भीषण गर्मी (नौतपा) में, कार्यालय में खास कर सोमवार व अन्य कार्य दिवस के दिनों में बैठकर कार्य करना पड़ता है, जिससे उनकी तबीयत खराब हो रही है और उनकी कार्य क्षमता भी प्रभावित हो रही है। अनेकों बार सभी महिला पर्यवेक्षकों ने गर्मी के दिनों में अपने (महिला पर्यवेक्षकों के) कमरे में एक कूलर की व्यवस्था करने के लिए निवेदन, विगत कई वर्षों से करते आ रहे हैं पर परियोजना अधिकारी राजेश क्षीरसागर के कान में जूं भी नहीं रेंगता अर्थात उसे रत्ती भर फर्क नहीं पड़ रहा है।

परियोजना अधिकारी राजेश क्षीरसागर, अंग्रेजों की नीति पर चलते हुए दो या तीन महिला पर्यवेक्षकों पर विशेष मेहरबानी करता है और अन्य महिला पर्यवेक्षकों को प्रताड़ित करने के उद्देश्य से उनके कार्यों में कमी निकालता है, उन्हें अवकाश प्रदान नहीं करता है।

मजेदार बात यह भी है कि कंप्यूटर कक्ष में भी कूलर लगा है जहां संविदा कर्मी कंप्यूटर पर कार्य करता है पर महिला पर्यवेक्षकों के लिए किसी भी प्रकार की कूलर की व्यवस्था नहीं की जा रही है। और ऊपर से उन पर कार्यों का बोझ इतना बढ़ा दिया गया है कि वे अवकाश के दिनों में भी घर में रहकर भी कार्य करती हैं। जिसके चलते अपने परिवार और बच्चों को समय नहीं दे पा रही हैं। इससे पति-पत्नी के आपसी संबंधों में भी तनाव उत्पन्न हो रहा है।।

अब देखना यह है कि परियोजना अधिकारी राजेश क्षीरसागर मानवीय आधार पर इस वर्ष की भीषण गर्मी को देखते हुए महिला पर्यवेक्षकों को राहत प्रदान करने के लिए उनके कक्ष में कूलर लगवाता है अथवा नहीं।

### पुलिस ने अवैध बिक्री के मामलों में जब्त की थी बड़ी मात्रा में शराब

# 1001 प्रकरणों में जब्त 11587.768 लीटर शराब को किया गया डिस्पोज

■ **अवैध रूप से शराब बिक्री के मामलों में जब्त वाहनों की राजसात कार्रवाई भी है अभी प्रक्रियाधीन**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 28 मई।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के निर्देशानुसार, जिले के थाना चौकियों में आबकारी एक्ट के तहत दर्ज 1001 प्रकरण में जप्तशुदा शराब, जिसमें कलेक्टर जिला बलौदाबाजार-भाटापारा द्वारा राजसात, न्यायालयों से निर्णित शराब जिसमें अपील की अवधि समाप्त हो गई है तथा ऐसे प्रकरणों के जप्तशुदा शराब जिसके नष्टीकरण हेतु न्यायालय से अनुमति प्राप्त की जा चुकी है, ऐसे सभी मामलों में जप्त शराब का सत्यापन करने पश्चात नष्टीकरण कार्यवाही किए जाने हेतु निर्देश प्राप्त हुआ था। उक्त निर्देशों के परिपालन में जप्त शराब का विधिवत नष्टीकरण करने हेतु जिले में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अविनाश ठाकुर को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

26 मई को दोपहर 1 बजे पुलिस कैंप लाहोद में नोडल अधिकारी अविनाश ठाकुर, अमित गुप्ता अनुविभागीय दंडाधिकारी बलौदाबाजार, रवि पाठक सहायक जिला आबकारी अधिकारी एवं रक्षित निरीक्षक उषा ठाकुर की उपस्थिति में जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के समस्त थाना/चौकी के 1011 प्रकरणों में कुल 11587.768 लीटर शराब का सत्यापन कार्यवाही पश्चात विधिवत नष्टीकरण कराया गया। उक्त कार्य में सउनि अश्वनी पडवार प्रधान आरक्षक लीलाधर ध्रुव, मोहित ठाकुर, आरक्षक बबलू राजा कौशिक, आकाश शर्मा एवं थाना एवं चौकी के माल मोहर्रिर का विशेष योगदान रहा। इसी क्रम में अवैध रूप से शराब बिक्री के जिन प्रकरणों में जप्त वाहनों को राजसात करने हेतु जिला दंडाधिकारी बलौदाबाजार-भाटापारा द्वारा आदेशित किया गया, उन वाहनों की राजसात कार्यवाही अभी प्रक्रियाधीन है।

### नाबालिक लड़की को कोतवाली पुलिस ने बिहार से किया बरामद

**कोरबा, 28 मई।** प्रार्थिया निवासी वैष्णव मंदिर के पीछे सीतामणी कोरबा के द्वारा रिर्पोट दर्ज कराया गया कि उसकी नाबालिग लडकी उम्र 17 वर्ष को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसला कर भगा कर ले गया है। प्रार्थीया की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 262/2024 धारा 363 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक कोरबा सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर अति. पुलिस अधीक्षक यूबीएस चैहान, डीएसपी प्रतीभा मरकाम, थाना प्रभारी एमबी पटले के कुशल मार्गदर्शन, सउनि अश्वनी वर्मा के नेतृत्व में बालिका का पता तलाश किया जा रहा था। पुलिस के द्वारा बिहार जाकर द्वारा अपहृत बालिका को बरामद कर सकुशल परिजनों को सौपा गया।

## समाचार संक्षेप

### ओपीडी पर्ची के लिए अब लाइन लगने की जरूरत नहीं, एप से कर सकते हैं रजिस्ट्रेशन

#### स्वास्थ्य सुविधा के क्षेत्र में नई पहल

**बलौदाबाजार, 28 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला अस्पताल में अब मरीजों को ओपीडी पर्ची के लिए लाइन लगाने की जरूरत नहीं है। मरीज या परिजन घर बैठे ही मोबाइल एप (आभा) के माध्यम से अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं या इसके लिए इस एप के क्यूआर कोड का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा एक मोबाइल एप (आभा) तैयार किया है। इसका उपयोग कर मरीज या परिजन अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। खास बात यह कि इस एप में मरीज का एक आभा कार्ड बनेगा जिममें यूजर्स को एक 14 डिजिट का कार्ड मिलेगा। इसमें मरीज के हेल्थ (डायग्नोस्टिक व दवाई) की पूरी जानकारी भी होगी। इससे कहीं पर भी किसी भी डॉक्टर द्वारा मरीज की पूरी हेल्थ हिस्ट्री जानने में कोई दिक्कत नहीं होगी। स्वास्थ्य एवं आरोग्य केंद्रों के सुदृढ़ीकरण और आयुष्मान भारत डिजिटल हेल्थ मिशन के तहत इस एप के उपयोग के लिए जोर दिया जा रहा है। इसके तहत यूजर्स को स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। इसके तहत कोई भी व्यक्ति आभा कार्ड बनवा सकता है. इसमें पंजीयन के लिए मरीज या परिजन को एप या जिला अस्पताल या मेडिकल कॉलेज के एप का क्यूआर कोड का इस्तेमाल करना पड़ेगा।




**आसान है इस एप का उपयोग करना:** जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ.राजेश अवस्थी ने बताया कि आभा एप का उपयोग कोई भी स्मार्ट मोबाइल धारक कर सकता है। एप या क्यूआर कोड के माध्यम से रजिस्टर्ड ऑप्शन में जाकर अपना मोबाइल नंबर और आधार कार्ड नंबर दर्ज कर रजिस्टर्ड करें। इसके बाद ओटीपी सत्यापन होगा और उपयोगकर्ता को अपना नाम, लिंग, जन्म तिथि, मोबाइल नंबर व ईमेल का विवरण देना होगा। इस एप से संबंधित क्यूआर कोड जिला अस्पताल में चस्पा किया गया है।

### तंबाकू निषेध दिवस पर मॉडल प्रतियोगिता का होगा आयोजन, पंजीयन कराने की अंतिम तिथि 30 मई

**बलौदाबाजार, 28 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 31 मई को तंबाकू निषेध दिवस को भारत सरकार से प्राप्त निर्देशानुसार थीम बच्चों को तम्बाकू उद्योगों के हस्तक्षेप से बचाना Protection Children From Tobacco Industry Interference पर मनाया जाएगा। जिस हेतु बच्चों को तम्बाकू उद्योगों के हस्तक्षेप से बचाते हुए तम्बाकू उत्पादों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग द्वारा 31 मई को आयोजित विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर विविध जागरूकता कार्यक्रम के तहत मॉडल बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में बच्चों को तम्बाकू उद्योगों के हस्तक्षेप से बचाना विषय पर मॉडल तैयार कर इच्छुक प्रतिभागी स्थान कार्यालय,मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (नगर भवन के सामने) में जमा कर सकतें हैं। प्रतियोगिता में कोई भी व्यक्ति सम्मिलित हो सकता है। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट मॉडल प्रस्तुत करने वाले प्रतिभागी को प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार सहित प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जायेगा। प्रतियोगिता में सात्वना पुरस्कार प्रदान करने का प्रावधान भी किया गया है। प्रतियोगिता हेतु नाम देने की अंतिम तिथि 30 मई 2024 को शाम 05:00 बजे तक है। प्रतियोगिता हेतु मॉडल जमा करने की अंतिम तिथि 31 मई को दोपहर 12:00 बजे तक है। अधिक जानकारी के लिए विनोद पटेल मोबाईल नं. 89197-39567 से संपर्क कर सकते हैं।

### पाली वन परिक्षेत्र से साल एवं अन्य प्रजाति के पेड़ों को अवैध रूप से काटकर ले जा रहे ट्रैक्टर-ट्राली जब्त



**कोरबा, 28 मई।** कटघोरा वन मंडल पाली परिक्षेत्र में ग्राम लाफा के पास छपराही मोहल्ला ट्रैक्टर मे भर कर ले जा साल को वन कर्मियों ने वाहन समेत जब्त किया है। भारतीय वन अधिनियम तहत वनोपज का अवैध परिवहन का मामला वाहन चालक पर दर्ज किया गया है। पाली वन परिक्षेत्र के लाफा के आसपास पेड़ों के अवैध कटाई की सूचना वन विभाग को लगातार मिल रही थी। वन विभाग की ओर से दल गठित कर रात्रि गश्त शुरू किया गया। इस दौरान गुरूवार की रात गश्त के दौरान टीम छपराही मोहल्ला ग्राम लाफा पहुंची। यहां सड़क मार्ग से ट्रैक्टर वाहन में साल एवं अन्य प्रजाति के ताजा गीला लकड़ी को लोड कर परिवहन करते पाया गया। पूछताछ में वनोपज परिवहन के संबंध में मौके पर किसी प्रकार का वैध दस्तावेज नहीं पाया गया। वन कर्मियों ने उक्त अवैध वनोपज के परिवहन में उपयोग किया वाहन सहित लोड लकड़ी को जब्त किया गया। आरोपी वाहन चालक सोहेल कुमार व मयंक पांडेय लाफा निवासी के विरुद्ध वन अपराध प्रकरण दर्ज किया गया है। कार्रवाई में वन विभाग के कर्मियों में वायके आडिल, दीपक कुमार पटेल, सुरेश सिंह ठाकुर, बीएफओ राजेश धीरही, वानिकी चैकीदार लक्ष्मण, फुलेश्वर दास मानिकपुरी, शासकीय वाहन चालक जितेंद्र सिंह तथा वन प्रबंधन समिति लाफा का अहम योगदान रहा।

### कलेक्टर ने ली जिले में संचालित सीमेंट प्लांट के इकाई प्रमुखों की बैठक, जिला स्तरीय जांच टीम होगी गठित

# औद्योगिक प्रतिष्ठानों में विस्फोटक पदार्थों के भंडारण व सुरक्षा के हो पुख्ता इंतजाम : कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 28 मई।** कलेक्टर। के. एल. चौहान ने सोमवार को जिले में संचालित सीमेंट प्लांट के इकाई प्रमुखों की बैठक ली। उन्होंने प्लांट में उपयोग किये जाने वाले विस्फोटकों की जानकारी लेते हुए विस्फोटक के भण्डारण, परिवहन एवं सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विस्फोटको की जांच हेतु जिला स्तर पर टीम गठित करने की भी जानकारी दी। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक। सदानंद कुमार भी उपस्थित थे।

कलेक्टर। चौहान ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि प्लांट में विस्फोटकों के कारण कोई दुर्घटना में जनहानि या पशुहानि बिल्कुल नहीं होनी चाहिए। इसके लिए विस्फोटक लाइसेंस के लिए तय नियमो तथा मानक संचलन पध्दति का कड़ाई से पालन किया जाए। उन्होंने कहा कि प्लांट में मशीनरी से सम्बंधित खराबी या कमी की जानकारी अपने उच्च अधिकारी को जरुर दें। किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो तथा अतिआत्मविश्वास से बचें। मैगजीन हाउस में रखे विस्फोटकों की मात्रा अनुसार विस्फोट होने पर प्रभावित क्षेत्र की सुरक्षा का भी आकलन करें और सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त करें। सुरक्षा गॉर्ड पर्याप्त संख्या में 24 घंटे तैनात रहें। उन्होंने कहा कि अपने कर्मचारियों को समय समय पर सुरक्षा एवं तकनीकी प्रशिक्षण जरूर दें। हर माह सुरक्षा अधिकारी द्वारा समीक्षा की जाए। उन्होंने कहा कि बैठक में दिए गए निर्देशों का पालन प्रतिवेदन सभी प्लान्ट प्रमुख 15 दिवस के अंदर प्रस्तुत करेंगे। कलेक्टर ने कहा कि पटाखा बिक्री के लिए लाइसेंस धारियों की भी जांच की जाएगी तथा एलपीजी सिलेण्डर गोदामो में भी सुरक्षा जांच की जाएगी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक। सदानन्द कुमार ने कहा कि विस्फिटकों की सुरक्षा को बहुत ही गंभीरता से लें और नियमों का कड़ाई से पालन करें। मैगज़ीन हाउस से विस्फोटक ले जाने के 48 घंटे पूर्व नजदीकी थाने को अवश्य सूचित करें। मैगज़ीन हाउस में सुरक्षा के लिए उपयुक्त लाइट, अलार्म व सीसीटीवी कैमरा लगवाएं तथा मजबूत मॉनिटरिंग सिस्टम विकसित करें। उन्होंने कहा कि गार्ड से मैगज़ीन हाउस की डेली रिपोर्ट लें।

**न्यायालय तहसीलदार भखारा जिला-धमतरी (छ.ग.)**

क्रमांक/157/वा/तह./जन्म-मृत्यु/2024
भखारा दिनांक 15/05/2024
मामले की श्रेणी-ब/121 जन्म प्रमाण पत्र
ग्राम- सिलीडीह तहसील भखारा

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रताप सिंह पिता मिलापराम जाति गोड निवासी ग्राम सिलीडीह तहसील भखारा द्वारा आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि आवेदक अपने स्वयं प्रताप सिंह के जन्म दिनांक 10/10/1998 को होने से विलंबित घटना का जन्म पंजीयन हेतु आवेदन पत्र मय शपथ पत्र, ग्राम पंचायत से अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, पंचनामा, पेश किया है। आवेदक को आवश्यक कार्य हेतु जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता होने से जन्म के विलंबित घटना का रजिस्ट्रीकरण कराने जन्म-मृत्यु पंजीयक ग्राम सिलीडीह को प्रमाण पत्र जारी करने आदेशित किये जाने हेतु आवेदन पत्र पेश किया है।

उक्त आवेदन पत्र के सम्बन्ध में जिस किसी व्यक्ति या सस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो वह स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दिनांक 30/05/2024 के पूर्व दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं नियत समय अवधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 15/05/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार भखारा

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202405092200056**

विषय:- ब-121
मामले की श्रेणी:- राजस्व
सन्:- 2023-2024
डोंगरगढ़ प.ह.न. 00025 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- दविन्दर सिंह,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दविन्दर सिंह आ. भूपेन्द्र सिंह जाति सिक्ख सा. डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक के माता जी गुरदयाल कौर पति भूपेन्द्र सिंह का मृत्यु दिनांक 13.12.2019 को स्थान डोंगरगढ़ में हुआ है के नाम पर मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 10.06.2024 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 16/05/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार डोंगरगढ़

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202405092200057**

विषय:- ब-121
मामले की श्रेणी:- राजस्व
सन्:- 2023-2024
डोंगरगढ़ प.ह.न. 00025 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- गायत्री सेन,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक गायत्री सेन पति छोटटन सेन जाति नाई सा. इंदिरानगर वार्ड नम्बर 05 डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक के पुत्र राजा सेन आ.छोटटन का जन्म दिनांक 13.09.2017 को स्थान डोंगरगढ़ में हुआ है के नाम पर जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 10.06.2024 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 16/05/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार डोंगरगढ़

# सेना के अधिकारियों ने की फैक्ट्री में विस्फोट होने के कारणों की जांच

- नाइट्रिक एसिड को पानी में नहीं भिगोया गया था
- विस्फोटक भण्डारण टैंक से आग निकलने के बाद हुआ धमाका

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 28 मई।** सेंट्रल ऑर्डिनेंस डिपो जबलपुर से आए मेजर जयदीप के नेतृत्व में एक टीम ने स्पेशल ब्लास्ट लिमिटेड फैक्ट्री ग्राम पिरदा जिला बेमेतरा में हुए विस्फोट स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद जांच रिपोर्ट में बताया गया है कि बड़ी मात्रा में सांद्र नाइट्रिक एसिड को पानी में भिगोए नहीं जाने की गलती भारी पड़ी और धमाका हो गया। जिला प्रशासन बेमेतरा के अनुरोध पर जबलपुर के सीओडी से आई एक टीम ने ब्लास्ट लिमिटेड कंपनी में गत दिनों हुए विस्फोट का निरीक्षण किया। निरीक्षण में पाया गया कि इस फैक्ट्री में भारतीय सेना के तकनीकी विशेषज्ञों की सेवा नहीं ली गई। कंपनी में प्रातः 7.45 बजे एक भंडारण टैंक में आग निकली और फिर 8 बजे विस्फोट हो गया। यह फैक्ट्री 100 एकड़ में फैली हुई है जिसमें कॉर्डेक्स, पीईटीएन, अमोनियम नाइट्रेट आदि का भंडारण किया जाता है। औद्योगिक उपयोग के लिए डाया स्लरी विस्फोटक, बल्क इमल्शन, वॉटर जेल, एक्सपल्स, डेटोनेटिंग फ्यूल्स आदि बनाया जाता है। टीम द्वारा साइट का दौरा किया गया और विस्फोटक स्थल का निरीक्षण किया गया। इस दौरान बेमेतरा जिला प्रशासन के पुलिस अधिकारियों से बातचीत हुई। विस्फोट के संबंध में उन्होंने भी कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी है। सीओडी से आए मेजर जयदीप ने जिला प्रशासन के अनुरोध पर स्थल का निरीक्षण किया और विस्फोट के कारणों की आवश्यक जानकारी जिला प्रशासन को दे दी है।

टीम ने सिविल एडीएम, फैक्ट्री के उपलब्ध प्रतिनिधियों, पीईएसओ प्रतिनिधि, एनडीआरएफ और सीआरपी के साथ बातचीत की और विस्फोटकों के विभिन्न भंडारणों में सुरक्षा उपायों व सुविधाओं का निरीक्षण किया।

**मालिक रसूखदार, कार्रवाई में विलंब :** फैक्ट्री के संचालक को रसूखदार बताया जाता है व उसे मध्यप्रदेश के मालवा क्षेत्र के दिवंगत भाजपा नेता का करीबी रिश्तेदार बताया जाता है। पिछले 10 सालों में इस व्यक्ति द्वारा एक विस्फोटक प्लांट, दो पॉवर प्लांट सहित मध्यप्रदेश में अनेक औद्योगिक इकाईयों का निर्माण किया गया। पिछले 10 वर्षों में इसने बेहिसाब संपत्ति बनाई। रायपुर में आयकर-विक्रयकर के सलाहकार के रूप में काम करने वाले शख्स ने सीमित समय में असीमित चल-अचल संपत्ति बनाई है।

## प्रेक्षकों को पुनर्मतगणना का दिया गया प्रशिक्षण

**रायपुर, 28 मई(मुख्य नगर संवाददाता)।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर अखिल भारतीय प्रशासनिक सेवा और राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को आज मतगणना के लिए प्रशिक्षण दिया गया। चार जून को होने वाली मतगणना में आने वाली व्यवहारिक दिक्कतों के संबंध में बारीकी से जानकारी दी गई। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहब कंगाले, उप निर्वाचन अधिकारी यूएस अग्रवाल, विनय अग्रवाल ने आज 18वीं लोकसभा के लिए पूरे भारत देश में एक साथ चार जून को होने वाले मतों की गणना के लिए प्रेक्षकों को प्रशिक्षण दिया। सीईओ कार्यालय के अनुसार ये प्रेक्षक राज्य शासन में कार्यरत हैं। इनमें से अधिकांश अधिकारी आईएएस और राज्य प्रशासन के उच्च कर्मचारी हैं। इनकी संख्या 56 है। ये प्रेक्षक भारत के विभिन्न लोकसभा क्षेत्रों में तैनात किए गए हैं। वे 1 जून को रवाना होकर अपने-अपने निर्धारित लोकसभा क्षेत्र की गणना स्थलों पर पहुंच जाएंगे।



## एक प्रयास - कोई प्यासा न रह जाए !

**रायपुर 28 मई।** संस्था नेकी कर फाउंडेशन द्वारा इस बार रायपुर शहर में भीषण गर्मी से बेजुबान पशु को बचाने व उनकी मदद करने हेतु शहर में 130 से अधिक सकोरा का वितरण किया जा रहा है।

***चेंबर ने वाणिज्य कर मंत्री को ज्ञापन सौंपा :** रायपुर। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी,विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि चेंबर द्वारा पत्र के माध्यम से ईज डूइंग बिजनेस के तहत ई–वे बिल से संबंधित पूर्व अधिसूचना को यथावत रखने किया निवेदन।

**आवश्यकता है**

शिव धाम (अघोरेश्वर महादेव मंदिर) तुलसी (पाटन) में एक ऐसे परिवार, जो साफ-सफाई, रख-रखाव, भोजन व्यवस्था कर सके, की आवश्यकता है। राशन मंदिर समिति की ओर दिया जाता है। मासिक पारिश्रमिक 10000 रुपए।

संपर्क करें -98261 74789




## योगेश तिवारी के जन्म दिवस पर निःशक्तजनों का सम्मान



- दीन-दुखियों की सेवा ही ईश्वर की सच्ची भक्तिः बृजमोहन

**रायपुर 28 मई।** शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा अपने लिए तो सब जीते हैं, पर दीन-दुखियों की सेवा का भाव मन में लेकर जीवन जीना वास्तविक जीना है।वरिष्ठ मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने सर्व हिंदू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भाजपा नेता योगेश तिवारी द्वारा जन्म दिवस पर उनके समर्थकों द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभावान निःशक्तजनों का सम्मान किया।भाजपा नेता योगेश तिवारी द्वारा जन्म दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभावान निःशक्तजनों के सम्मान में अनेक निःशक्त साथियों को इलेक्ट्रिक ट्राइसाइकिल प्रदान कर उनके जीवन को थोड़ा आसान बनाने का सार्थक प्रयास किया गया।इस अवसर पर सांसद सुनील सोनी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा अपने लिए तो सब जीते हैं, पर दीन-दुखियों की सेवा का भाव मन में लेकर जीवन जीना वास्तविक जीना है।वरिष्ठ मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने भाजपा नेता योगेश तिवारी द्वारा जन्म दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभावान निःशक्तजनों का सम्मान किया। भाजपा नेता योगेश तिवारी द्वारा जन्म दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभावान निःशक्तजनों के सम्मान में अनेक निःशक्त साथियों को इलेक्ट्रिक ट्राइसाइकिल प्रदान कर उनके जीवन को थोड़ा आसान बनाने का सार्थक प्रयास किया गया।

## छात्र समस्याओं को लेकर एनएसयूआई ने सौंपा ज्ञापन



**रायपुर 28 मई।** तीन सूत्रीय माँगों को लेकर एनएसयूआई ग्रामीण ज़िला अध्यक्ष प्रशांत गोस्वामी ने आईटीएम विश्वविद्यालय प्रबंधन को ज्ञापन सौंपा। ज़िला अध्यक्ष प्रशांत गोस्वामी ने बताया कि आइटीएम विश्विद्यालय द्वारा लगातार छात्रों के अधिकारों का हनन किया जा रहा है। आईटीएम विश्विद्यालय के बी.सी.ए. सीटीआईएस/ एमएआईएस 8 के बैच 2022-25 के छात्र छात्राओं से प्राप्त शिकायत अनुसार उनका चतुर्थ सेमेस्टर का सत्र फ़रवरी माह से ऑनलाइन शिक्षा प्रणाली के तहत प्रारंभ हुआ ।। तत्पश्चात छात्र-छात्राओं ने विश्विद्यालय प्रशासन से अपनी बेहतर शिक्षा को ध्यान में रखते हुए माँग की गई कि उनकी शिक्षा प्रणाली ऑफलाइन की जाये । विश्विद्यालय ने छात्रों को आश्वस्त किया कि कुछ दिनों के बाद अर्थात् फ़रवरी माह के अंत तक या मार्च माह के शुरुआत तक उनकी शिक्षा प्रणाली ऑफलाइन कर दी जाएगी ।। लेकिन मई के अंत तक उनकी परीक्षा प्रणाली ऑफलाइन नहीं की गई है । मई-जून में परीक्षा है । विश्वविद्यालय प्रशासन ने वादाखिलाफी कर विद्यार्थियों के अधिकारों का हनन किया है। छात्रों की मांग है कि- बी.सी.ए. सीटीआईएस/ एमएआईएस 8 के बैच 2022-25 के छात्र छात्राओं की कक्षा ऑफलाइन पद्धति से संचालित की जाये ! छात्र छात्राओं के निर्धारित सेमेस्टर शुल्क में महज़ 50 प्रतिशत की छूट की जाये ।

विश्वविद्यालय द्वारा एक कमेटी गठित कर समस्त छात्र छात्राओं की माँगो को लेकर निर्णय लिया जाये और उचित निर्णय आने तक किसी भी छात्र को सेमेस्टर शुल्क अदा करने हेतु दबाव ना बनाया जाये । छात्र/छात्राओ द्वारा विश्विद्यालय को अदा की गई ट्रांसपोर्ट फैसिलिटी की शुल्क को छात्र/छात्राओ को वापस की जाए ! मांगो को ध्यान में रखते हुए आइटीएम विश्विद्यालय ने 8 जुलाई तक का समय माँगा है और आश्वस्त किया है कि माँगे पूरी की जायेंगी माँग पूरी ना होने की स्थिति में रायपुर एनएसयूआई उग्र प्रदर्शन करेगी । मुख्य तौर पर प्रदेश महासचिव निखिल वंजारी विधानसभा अध्यक्ष अंकित शर्मा ज़िला उपाध्यक्ष प्रशांत चंद्राकर ज़िला महासचिव आशीष तिवारी भूपेन्द्र साहू अमन गोस्वामी एवं समस्त छात्र-छात्राए उपस्थित थे !




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26